


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





11 क्रिकेट बिरादरी ने दी 'हिटमैन' रोहित शर्मा को...

श्रीलंका: विपक्ष के एक नेता का दावा, अगले सप्ताह संसद में... 12



वर्ष : 09 | अंक : 352 | पटना, रविवार, 01 मई, 2022 | वैशाख शुक्ल, प्रतिपदा, विक्रम संवत 2079 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 45.0°C

न्यूनतम तापमान 29.0°C

देश के अधिकतर हिस्सों में बारिश की सामान्य व इससे अधिक बारिश होने की पूरी संभावना है।

**पोल**

**क्या ज्यादा गर्मी होने से देश में बिजली की डिमांड बढ़ गई है?**

| | |
|---|---|
| हां | 78% |
| नहीं | 12% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 53,640 |
| चांदी | 64,000 |
| सेंसेक्स | 57,060 |
| निफ्टी | 17,102 |

**आप सभी पाठकों को सूचित किया जाता है आज 1 मई को अवकाश रहने के कारणवश दिल्ली व पटना संस्करण बंद रहेगा, अगला अंक 3 मई को प्रकाशित होगा।**

## संक्षिप्त खबर

### जनऔषधि से गरीबों को 3,800 करोड़ रुपए की बचत

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि प्रधानमंत्री जन औषधि परियोजना से गरीब व्यक्तियों के दवाई पर खर्च में 3800 करोड़ रुपए की बचत हुई है। मांडविया ने शनिवार को यहां एक ट्वीट में यह जानकारी देते हुए कहा कि जनऔषधि संजीवनी बन रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नागरिकों को सस्ती और उत्तम दवाई उपलब्ध करवाने के लिए चलाई गयी प्रधानमंत्री जनऔषधि परियोजना' जनता के लिए काफी मददगार साबित हो रही है। इससे वित्त वर्ष 2021-22 में गरीब व्यक्ति के दवाईयों पर खर्च में 3,800 करोड़ रुपए की बचत हुई है। प्रधानमंत्री जन औषधि परियोजना के अंतर्गत वित्त वर्ष 2021-22 में कुल बिक्री 652.67 करोड़ रुपए रही है। जन औषधि केंद्रों पर जेनेरिक दवाइयों की बिक्री होती है, जिनकी कीमत बाजार से कम होती है।

### देश में कोरोना ने एक बार फिर पकड़ी रफ्तार, सक्रिय मामले 18,684 हुए

नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस से नए मामलों की तुलना में इससे निजात पाने वालों की संख्या कम रहने के कारण पिछले 24 घंटों में 883 सक्रिय मामले बढ़कर 18 684 हो गए। पिछले 24 घंटों के दौरान देश में संक्रमण के 3,688 नए मामले सामने आए, जबकि 2755 मरीजों ने महामारी को मात दी। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि आज सुबह सात बजे तक 188 करोड़ 89 लाख 90 हजार 935 कोविड टीके दिये जा चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोविड संक्रमण के 3,688 नये मरीज सामने आये हैं। इनके साथ ही देश में सक्रिय मामलों का दर 0.04 प्रतिशत है। मंत्रालय ने बताया कि इसी अवधि में 2755 लोग कोविड से मुक्त हुए हैं। अभी तक कुल चार करोड़ 25 लाख 33 हजार 337 मरीज कोविड से उबर चुके हैं।

### अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद केंद्र ने जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा में खर्च किए 9000 करोड़

नई दिल्ली। अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के 28 महीनों में केंद्र ने जम्मू और कश्मीर के केंद्र शासित प्रदेश (वळ) में 9,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए हैं। इतनी बड़ी राशि केंद्र शासित प्रदेश की विशेष रूप से सुरक्षा पर खर्च की गई है। 5 अगस्त, 2019 को केंद्र शासित प्रदेश की स्थापना के साथ ही अनुच्छेद 370 और 35 (ए) को रद कर दिया गया था। केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) की हाल ही में जारी वार्षिक रिपोर्ट 2020-2021 में इन तथ्यों का उल्लेख किया गया है कि सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने के लिए भारत सरकार ने जम्मू-कश्मीर सरकार को सुरक्षा संबंधी (पुलिस) योजना के तहत 9,120.69 करोड़ रुपये प्रदान किए हैं। रिपोर्ट के अनुसार इस राशि में 448.04 करोड़ रुपये शामिल हैं।

**65 हजार लीटर इथेनॉल के साथ ही प्रतिदिन 27 टन एनिमल फीड के कच्चे माल का बायप्रोडक्ट के रूप में होगा उत्पादन**

# नीतीश ने देश के पहले ग्रीन फील्ड ग्रेन बेस्ड इथेनॉल प्लांट का किया शुभारंभ

राज्य ब्यूरो चीफ






**पटना, प्रातः किरण।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को पूर्णियसया के कृत्यानंद नगर प्रखंण्ड के परेरा में 105 करोड़ की लागत से बने देश के पहले ग्रीनफील्ड ग्रेन बेस्ड इथनॉल उत्पादन इकाई का उद्घाटन किया, इस मौके पर राज्य के उद्योग मंत्री शाहनवाज हुसैन और अन्यो वरिष्ठब अधिकारी भी मौजूद रहे। केंद्र और राज्य की एथेनॉल पॉलिसी 2021 के बाद ईस्टर्न इंडिया बायोफ्यूल्स प्रा. लि. की देश के पहले ग्रीनफील्ड ग्रेन बेस्ड एथेनॉल प्लांट के शुभारंभ से सीमांचल के लगभग 10 जिले के किसानों को फायदा मिलेगा।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस अवसर पर कहा कि बिहार में कई जगह इथनॉल इकाई लगाने का प्रस्ताव आया था। हमलोगों ने कानून में अमेंडमेंट करके केंद्र सरकार को भेजा था और 2019 में केंद्र सरकार ने इथनॉल नीति लागू कर दिया। हमलोग इसके लिए 2007 से ही प्रयासरत थे, तब बड़ा ऑफर भी आया था मगर उस वक़्त की केंद्र सरकार ने इसे नहीं माना। मुख्यमंत्री ने कहा कि इथनॉल बनने से पुरे देश को बड़ा लाभ होने जा रहा है, अब पैट्रोल डीजल पर ज्यादा निर्भर नहीं होना पड़ेगा। यह बहुत बड़ी खुशी की बात है कि बिहार उधोग के क्षेत्र में विकास कर रहा है, लोगो के लिए रोजगार सृजन भी हो रहा है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शिलापट्ट का अनावरण कर एवं फीता काटकर इथेनॉल प्लांट का उद्घाटन किया एवं बाद में पुरे परिसर का मुआयना किया। इस क्रम में मुख्यमंत्री ने मिलिंग सेक्शन, पावर प्लांट, टीपीएच, एएफबीसी बॉयलर, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, डीडीजीएस ड्रॉयर सेक्शन, प्लांट की उत्पादन क्षमता, रोजगार सृजन, किसानों को मिलनेवाले लाभ आदि के संबंध में अधिकारियों एवं इथेनॉल प्लांट प्रबंधन से विस्तृत जानकारी ली और प्लांट के प्रांगण में पौधारोपण भी किया। मुख्यमंत्री के यहाँ पहुंचने पर इथेनॉल प्लांट के प्रमोटर अमिताम वर्मा एवं अविनाश वर्मा ने मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया।

मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बात करते हुये कहा कि यह बड़ी खुशी की बात है कि आज यहाँ पहले इथेनॉल प्लांट की शुरूआत हो गयी है। इथेनॉल कैसे बन रहा है इसकी यहाँ जानकारी मिली और मुझे यह देखकर काफी अच्छा लगा कि कैसे इथेनॉल, पेट्रोल और डीजल के साथ काम करेगा। पहले पेट्रोल-डीजल में इथेनॉल का उपयोग की सीमा 10 प्रतिशत तय की गयी थी लेकिन अब इसका उपयोग 20 प्रतिशत तक होगा। पेट्रोल और डीजल बाहर से मंगवाना पड़ता है। मक्का, गन्ना, चावल से इसका उत्पादन होगा। बिहार में मक्का का उत्पादन अधिक होता है लेकिन वो सब बाहर चला जाता है। यहां इथेनॉल प्लांट लगने से आसपास के किसानों को काफी लाभ होगा और इससे रोजगार भी बढ़ेगा।

उधोग मंत्री शाहनवाज हुसैन ने कहा कि जब से केंद्र और बिहार सरकार ने इथनॉल नीति बनाई है, बिहार इथनॉल उत्पादन के रूप में सभी का पंसदीदा जगह बन रहा है। बिहार द्वारा दी गई छूट को देख पूरे देश ने बिहार के इथनॉल नीति को अपनाया है। इथनॉल के लिए बिहार की सरकार ने 172 करोड़ लीटर का बिड किया था, मगर कोटा 18 हजार करोड़ का मिला। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा केंद्र से बात करने पर बिहार का कोटा 36 हजार करोड़ लीटर मिला। आज काफी प्रसन्नता हो रही है कि यह देश का पहला ग्रीन बेस्ड इकाई है। इस प्लांट को लेकर बिहार सरकार भी काफी उत्साहित थी। बिहार देश का एथेनॉल हब बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। बिहार एथेनॉल पॉलिसी 2021 के बाद बिहार में स्थापित हो रही 17 इकाइयों में से अन्य तीन इकाइयों का शुभारंभ भी जल्द ही होगा।

प्लांट की उत्पादन क्षमता 65 हजार लीटर प्रतिदिन के साथ ही प्रतिदिन 27 टन एनिमल फीड बनाने के लिए पोषक तत्व से पूर्ण कच्चे माल का उत्पादन बायप्रोडक्ट के रूप में होगा। प्लांट को प्रतिदिन 165 टन मक्का, 145 टन ब्रोकन राइस, 135 टन धान के भुस्सी की आवश्यकता पड़ेगी। जिसकी खरीद प्लान्ट किसानों से सीधे करेगी, जिससे किसानों को इसका उचित मुल्य मिल पाएगा क्योंकि सेकेंड क्वालिटी के मक्का को भी फैक्ट्री खरीदेगी। प्लांट अपने खपत के लिए बिजली उत्पादन स्वयं करेगी। प्लान्ट की बिजली उत्पादन क्षमता 2.65 मेगावाट है, जो वर्तमान आवश्यकता से अधिक ही है। इस अवसर पर उद्योग मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह, सांसद संतोष कुशवाहा, विधान पार्षद दिलीप जायसवाल, विधायक कृष्ण कुमार ऋषि एवं विजय खेमका, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, उद्योग विभाग के प्रधान सचिव संदीप पौण्ड्रिक, पूर्णिया के पुलिस महानिरीक्षक जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, इथेनॉल प्लांट के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

**कार्यक्रम**

- प्लांट को प्रतिदिन 165 टन मक्का, 145 टन ब्रोकन राइस, 135 टन धान के भुसी की होगी आवश्यकता
- सेकेंड क्वालिटी का मक्का भी सीधे किसानों से खरीदेगी कंपनी, इससे किसानों को मिलेगा उचित मुल्य
- प्लांट अपनी खपत के लिए बिजली उत्पादन भी स्वयं करेगी

**लाउडस्पीकर विवाद; ये सब बेकार की बातें हैं**

# हमलोग धर्म में हस्तक्षेप नहीं करते : नीतीश कुमार

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



- मुख्यमंत्री ने शनिवार को इथेनॉल प्लांट का उद्घाटन करने पूर्णिया पहुंचने पर लाउडस्पीकर विवाद पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि ये सब बेकार की बाते हैं

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लाउडस्पीकर के पूरे विवाद को बेकार की बात करार देते हुए कहा कि वह धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करते हैं। मुख्यामंत्री का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब भाजपा लगातार धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर हटाने की मांग कर रही है। प्रदेश भाजपा के कई बड़े नेताओं ने सरकार पर दबाव बनाते हुए बिहार में योगी मॉडल को लागू करने तक की बात कही है, जबकि जदयू के कई नेता इस मांग से दूरी बनाए हुए हैं। अब स्वयं मुख्यतमंत्री ने इस पर प्रदेश सरकार का रुख साफ कर दिया।

मुख्यमंत्री ने शनिवार को इथेनॉल प्लां ट का उद्घाटन करने पूर्णिया पहुंचने पर लाउडस्पीकर विवाद पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि ये सब बेकार की बाते हैं। इथेनॉल की बात कीजिए, छोड़िए इस बात को, बिहार में हमलोगों का इस पर क्या दृष्टिकोण है, यह सबको पता है। हमलोग किसी भी धर्म के बीच में हस्तक्षेप नहीं करते हैं। यहां सभी धर्मों को अपना काम करने की इजाजत है।

उधर भाजपा नेता और बिहार के मंत्री जनक राम ने कहा था कि जब होली और दिवाली जैसे पर्व के मौके पर डीजे पर रोक लग सकती है तो मस्जिदों से लाउडस्पीकर से तेज आवाज में अजान पर भी रोक लगाई जानी चाहिए। इनकी तेज आवाज से पढ़ने वाले बच्चों और अन्य लोगों को कठिनाई होती है। जनप्रतिनिधि होने के नाते मुझे इसकी शिकायत मिलती रहती है, इसलिए इसे सामने रख रहा हूँ। भाजपा नेता और गन्ना उद्योग मंत्री प्रमोद कुमार ने इस मामले में कहा कि भाजपा चाहेगी कि यूपी का मॉडल बिहार में भी लागू हो लेकिन यहाँ एनडीए गठबंधन है और गठबंधन धर्म का पालन करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। तीन दल के आपसी समन्वय से जो चीजें होंगी वहीं लागू होगी। पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने भी इस मुद्दे पर योगी सरकार के कदम की सराहना करते हुए कहा कि इससे एक सद्भाव का वातावरण बनता है, इसमें कोई दिक्कत नहीं है। किसी भी धर्म के प्रचार प्रसार से दूसरे धर्म को तनाव न पैदा हो, हमें ध्यान रखना चाहिए' भाजपा के लालगंज विधायक संजय सिंह ने कहा कि लाउडस्पीकर के माध्यम से ऊंची आवाज में अजान देने से काफी परेशानी होती है, पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी, बुजुर्ग और मरीजों को काफी दिक्कत होती है। जदयू संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि बिहार में भाजपा की अकेले सरकार नहीं है, बिहार में एनडीए की सरकार है और उस सरकार के मुखिया नीतीश कुमार हैं। जब तक सरकार के मुखिया नीतीश कुमार हैं तब तक बिहार में ऐसा कुछ भी नहीं होगा जिसको लेकर कोई बहुत विवाद हो या जनता के बीच गलत मैसेज जाए। जदयू नेता और बिहार के मंत्री श्रवण कुमार ने भाजपा की मांग का विरोध करते हुए कहा कि बिहार में यह संभव नहीं है।

# बाल मजदूरी रोकने के लिए जागरूकता अभियान

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



- बच्चों की बड़ी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सरकारी स्कूलों में खेल गतिविधियों का किया गया आयोजन
- पुरस्कार वितरण के दौरान माता-पिता के साथ-साथ समुदाय के सदस्यों को भी आमंत्रित किया जाता है जहां उन्हें बाल श्रम के विभिन्न आयामों के बारे में जागरूक किया जाता है

उड़ान परियोजना के तहत बिहार के 22 जिलों में यूनिसेफ और समाज कल्याण विभाग के महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा किशोर-किशोरियों, उनके माता-पिता, शिक्षकों, धर्म गुरुओं, जनप्रतिनिधियों, व्यवसायियों आदि को बाल श्रम के मुद्दे पर जागरूक करने के लिए सेव द चिल्ड्रन, एक्शन एड और प्रथम के सहयोग से एक जागरूकता अभियान 30 अप्रैल को राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर शुरू किया गया। बाल श्रम को रोकने के लिए श्रम आयुक्त, एसडीओ, डीएसपी, सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष, श्रम अधीक्षक आदि ने 22 जिलों में बाल श्रम उन्मूलन संदेशों से सजे-धजे ई-रिक्शा को झंडी दिखाकर रवाना किया। 12 जून तक चलने वाले इस अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां संचालित होंगी। बाल श्रम पर वैश्विक अनुमान, रुझान और आगे की राह पर अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन और यूनिसेफ की एक रिपोर्ट ने पिछले दिनों चेतावनी दी थी कि दुनिया भर में बाल श्रम में बच्चों की संख्या 160 मिलियन हो गई है। इसमें पिछले चार वर्षों में 84 लाख बच्चों की वृद्धि दर्ज की गई है। यूनिसेफ बिहार की बाल संरक्षण अधिकारी गार्गी साहा ने कहा कि लगभग 3297 सामुदायिक अभियानों के जरिए 2.93 लाख लोगों को जागरूक किया गया है। बच्चों की बड़ी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सरकारी स्कूलों में खेल गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। पुरस्कार वितरण के दौरान माता-पिता के साथ-साथ समुदाय के सदस्यों को भी आमंत्रित किया जाता है जहां उन्हें बाल श्रम के विभिन्न आयामों के बारे में जागरूक किया जाता है। अब तक लगभग 1.86 लाख किशोर-किशोरियों को बाल श्रम के मुद्दे पर संवेदनशील बनाया गया है। यूनिसेफ बिहार की संचार विशेषज्ञ निपुण गुप्ता ने साक्ष्यों का हवाला देते हुए कहा कि बाल श्रम गरीबी और निरक्षरता के दुष्चक्र को कायम रखता है। वयस्कों को रोजगार देना और बच्चों को स्कूलों, व्यावसायिक और जीवन कौशल से जोड़ने के साथ-साथ बाल श्रम कानूनों का उल्लंघन करने वालों को कड़ी सजा देना बाल श्रम की मांग-आपूर्ति चेन को तोड़ने के लिए बेहद कारगर है।

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ पशुधन के विकास संवर्धन और संरक्षण के हो रहे प्रयास : तारकिशोर

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



- देसी नस्ल की गायों की व्यापक कार्ययोजना पर होगा काम, गौशाला अध्यक्ष और सचिवों की शीघ्र होगी बैठक
- उपमुख्यमंत्री ने विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर कार्यशाला का किया उद्घाटन

विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर बामेती के सभागार में स्ट्रैंथनिंग वेटरनरी रेजिलेंस विषय पर आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि पशुधन ग्रामीण अर्थतंत्र की रीढ है। पशुधन विकास के कार्यक्रमों की सफलता और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती में वेटरनरी चिकित्सकों की बड़ी भूमिका है और इनके संवर्धन और संरक्षण के बेहतर प्रयास किए जाएंगे।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण की वैश्विक चुनौती के दौरान जब उद्योग धंधे ठप पड़ गए थे, वैसे समय में पशुपालन और मत्स्य पालन के क्षेत्र में काम कर रहे लोगों ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती और गतिशीलता प्रदान की। पशुधन विकास के कार्यक्रमों से हमारा ग्रामीण समाज स्वावलंबी बनता है, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं किसानों और शिक्षित बेरोजगारों के लिए स्वरोजगार के सृजन में मदद मिलती है। पशुओं और वृक्षों का संवर्धन एवं संरक्षण हमारी प्राचीन भारतीय संस्कृति का हिस्सा रही है। कई देवी-देवताओं के वाहन कोई न कोई पशु रहे हैं, जो पशुधन के महत्व को प्रतिबिम्बित करता है।

उन्होंने कहा कि बिहार वेटरनरी विश्वविद्यालय के आधारभूत संरचना के निर्माण की कार्यवाही चल रही है, शीघ्र ही इस दिशा में प्रगति परिलक्षित होगी। आत्मनिर्भर बिहार सात निश्चय पार्ट-2 के तहत पशुपालकों, मत्स्य पालकों के जीवन में खुशहाली एवं समृद्धि के ठोस इंतजाम सुनिश्चित किए जा रहे हैं। उन्होंने वेटरनरी चिकित्सकों का आह्वान करते हुए कहा कि आज का दिन वेटरनरी क्षेत्र में काम करने वाले लोगों के लिए गौरव का दिन है। बदलते परिवेश में सभी को ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु सकारात्मक प्रयास करते हुए पशुपालकों, मत्स्य पालकों और दुग्ध उत्पादकों के जीवन में खुशहाली और समृद्धि के लिए विभाग की सभी योजनाओं और कार्यक्रमों को लाभार्थियों तक ले जाएं। गोवंश की तस्करी खासकर सीमांचल के क्षेत्रों पर नकेल कसने हेतु विभाग व्यापक कार्य योजना तैयार करें। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय बैंकर्स कमेटी की बैठक में पशुपालन, बकरी पालन, मत्स्य पालन के लिए प्रावधानित किसान क्रेडिट कार्ड के तहत नाबार्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि देसी नस्ल की गायों के संरक्षण और संवर्धन की व्यापक कार्ययोजना पर काम होगा। विभिन्न जिलों में स्थापित गौशाला की भूमि का अद्यतन विवरण एवं अतिक्रमण संबंधित जानकारियों को इकठ्ठा करने का निर्देश दिया गया है। शीघ्र ही राज्य के सभी गौशालाओं के अध्यक्ष एवं सचिवों की बैठक विभागीय स्तर पर होगी, जिसमें सभी गौशालाओं को समुचित रूप से क्रियाशील रखने एवं गोवंश के संवर्धन और विकास की व्यापक कार्य योजनाओं पर विचार किया जाएगा। भारतीय जनमानस में देशी गाय के प्रति अगाध श्रद्धा है और आज भी उन्हें गौमाता के रूप मे सम्बोधित किया जाता है।

**कार्यक्रम** मुख्यमंत्रियों और चीफ जस्टिस के जॉइंट कॉन्फ्रेंस में सीजेआई – संविधान में सबके दायरे तय, अपनी ड्यूटी निभाते समय लक्ष्मण रेखा न भूले

# विचाराधीन कैदियों के साथ मानवीय संवेदना दिखाए जाने की जरुरत: मोदी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




- ज्यूडिशियरी की भूमिका संविधान संरक्षक की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उच्च न्यायपालिका के काम काज में क्षेत्रीय भाषाओं का समावेश तथा न्याय प्रक्रिया को सुगम और कम खचीर्ली बनाने के लिए आधुनिक तथा प्रौद्योगिकी के प्रयोग पर बल दिया है। मोदी ने जेलों में न्याय के इंतजार में पड़े कैदियों के मामलों पर संवेदनशील रूख अपनाए जाने पर बल देते हुए कहा कि जहां तक संभव हो विचाराधीन कैदियों के मामले में मानवीय संवेदनाओं और कानून के आधार पर प्राथमिकता से फैसले किए जाए और संभव हो, तो ऐसे कैदियों को जमानत पर छोड़ा जाए। मोदी शनिवार को विज्ञान भवन में राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों के सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उद्घाटन सत्र को उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एन वी रमना और विधि मंत्री किरण रिजिजू ने भी संबोधित किया।

न्यायमूर्ति रमना ने भी श्री मोदी से पहले अपने वक्तव्य में न्याय प्रक्रिया में भारतीय भाषाओं के प्रयोग के आवश्यकता रेखांकित करने के साथ-साथ जिला स्तरीय न्यायालयों के बुनियादि ढ़ांचे के सुधार तथा न्यायाधीशों और न्यायिक अधिकारियों की सुरक्षा मजबूत किए जाने पर बल दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यमंत्रियों से यह भी अपील की कि वे काल विगत हो चुके कानूनों को खत्म कर लोगों को आवश्यक कानूनों के जंजाल से छुट्टी दिलाने की पहल करें। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 2015 में ऐसे 1,800 कानूनों को चिह्नित किया था, जो अप्रासंगिक हो चुके थे। उन्होंने कहा कि ऐसे 1450 कानून केंद्र ने समाप्त कर दिये हैं लेकिन राज्यों की तरफ से केवल 75 कानून ही खत्म किए गए हैं। मोदी ने विचाराधीन कैदियों की दुर्दशा का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि इस समय देश में करीब साढ़े तीन लाख कैदी ऐसे हैं, जिनपर मुकदमें की कार्रवाई लंबित है, जिनमें अधिकांश गरीब या सामान्य परिवार के हैं। उन्होंने कहा,'मैं सभी मुख्यमंत्रियों, उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीशों से अपील करूंगा कि वे मानवीय संवेदनाओं और कानून के आधार पर इन मामलों को प्राथमिकता दें।'

मोदी की अध्यक्षता में शनिवार को सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों और चीफ जस्टिस की जॉइंट कॉन्फ्रेंस हुई। इस दौरान उखक एनवी रमना ने कहा- संविधान में लोकतंत्र के तीनों अंगों के बीच शक्तियों का बंटवारा किया गया है। अपने कर्तव्यों का पालन करते समय हमें लक्ष्मण रेखा का भी ध्यान रखना चाहिए। सरकारें अदालत के फैसले को बार- बार नजरअंदाज करती हैं, यह हेल्दी डेमोक्रेसी के लिए ठीक नहीं है। वहीं, पीएम ने कहा- हमें कोर्ट में स्थानीय भाषाओं को प्रोत्साहन देने की जरूरत है। इससे देश के आम नागरिकों का न्याय प्रणाली में भरोसा बढ़ेगा, वो उससे जुड़ा हुआ महसूस करेंगे। देश में 3.5 लाख कैदी अंडर ट्रायल हैं, इनके मसले को निपटाने पर जोर दिया जाए। मैं सभी मुख्यमंत्रियों और हाईकोर्ट के जजों से इस पर ध्यान देने की अपील करता हूं। इससे पहले CJI एनवी रमना ने कहा- न्याय का मंदिर होने के नाते अदालत को लोगों का स्वागत करना चाहिए, कोर्ट की अपेक्षित गरिमा और आभा होनी चाहिए। पब्लिक इंटरेस्ट याचिका अब पर्सनल इंटरेस्ट के लिए इस्तेमाल हो रही हैं। यह अफसरों को धमकाने का जरिया बन गई हैं। PIL राजनीतिक और कॉर्पोरेट विरोधियों के खिलाफ एक टूल बन गया है।

# बिहार: जहरीली शराब से 6 लोगों की मौत

सारण, एजेंसी

- पुलिस बोली- नहीं, ये तो कटहल की सब्जी-चावल खाने से मरे

बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू है लेकिन इसके बाद भी वहां जहरीली शराब पीने से मौत के मामलों में कमी नहीं आ रही है। ताजा मामला सारण जिले के तरैया का है, जहां कथित तौर पर पर जहरीली शराब से अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकी है। लोगों की मौत की पुष्टि उनके परिजनों ने की है। जबकि ग्रामीणों ने दावा किया है कि पुलिस इसे कटहल की सब्जी और चावल खाने से मौत बता रही है। दरअसल, बीते गुरुवार को आंखों की रोशनी की समस्या और अन्य परेशानी का इलाज करवा रहे अखिलेश ठाकुर की भी मौत हो गई। पटना से शव आने के बाद मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। जितने लोगों की कथित जहरीली शराब पीने से मौत हुई है उसमें एक को छोड़कर किसी का भी पोस्टमार्टम नहीं कराया गया है। सिर्फ मृतक विक्की का पोस्टमार्टम करवाया गया है जिसके विसरा को जांच के लिए भेजा गया है। मीडिया के सामने सभी मृतकों के परिजनों ने शराब को ही मौत का कारण बताया है। हालांकि, जब उनसे पुलिस के आला अधिकारियों ने पूछताछ की तो वो अपनी बातों से मुकर गए। अब मृतक के परिजनों ने पुलिस के दवाब में बयान बदलने का दावा किया है। परिजनों ने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस ने हमें बयान बदलकर मौत का कारण शराब नहीं, बल्कि कटहल की सब्जी-चावल बताने को कहा। हालांकि, परिजन साफ तौर पर कह रहे हैं कि मौत कटहल की सब्जी और चावल खाने से नहीं, बल्कि शराब पीने से हुई है।

## संक्षिप्त खबरें

### आंधी-तुफान से हुये क्षति का आंकलन कर जिला प्रशासन उचित मुआवजा दे: माले

बहादुरपुर। बहादुरपुर प्रखंड के भाकपा(माले) प्रखण्ड सचिव अभिषेक कुमार व कोमलकांत यादव ने बहादुरपुर सीओ से आंधी-तूफान से प्रखण्ड में हुए क्षति का आंकलन करवाकर क्षतिपूर्ति के लिये जल्द से जल्द आपदा विभाग को भेजने की मांग किया। उन्होंने कहा कि मनियारी गांव के उपेंद्र सहनी और मंगल सहनी के घर बीते रात आई आंधी तूफान में घर पूर्णतः गिर गया हैं। भाकपा माले उन गरीबों को क्षति मुआवजा देने की मांग करती हैं।

### अरेर थाना के कुशमौल गांव से 4 लीटर देसी चुलहाई शराब पुलिस ने किया बरामद

मधुबनी। मधुबनी जिले के बेनीपट्टी के अरेर थाना पुलिस ने कुशमौल गांव में छापेमारी कर एक घर से 4 लीटर चुलाई देसी शराब बरामद की है। वहीं तस्कर भाग निकलने में सफल रहा। इस बाबत पूछे जाने पर अरेर एसएचओ राज किशोर कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गयी, जिसमें बौएजी मुखिया के घर से 4 लीटर चुलाई देसी शराब बरामद की गयी। पुलिस के आने की भनक मिलते ही तस्कर बौएजी मुखिया, रामो देवी व सविता देवी भाग निकलने में सफल रहे। फरार हुए सभी तस्करों को चिन्हित कर प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है, और गिरफ्तारी के लिये चिन्हित स्थानों पर छापेमारी की जा रही है।

### पारस ग्लोबल हॉस्पिटल में हुआ दावते इफ्तार

दरभंगा। जैसे-जैसे रमजान का महीना जाने के करीब हो रहा है, तो दूसरी तरफ दावते इफ्तार का आयोजन का सिलसिला भी जोरों पर है, इसी को लेकर आज परस ग्लोबल हॉस्पिटल दरभंगा में दावते इफ्तार का आयोजन किया गया, इसमें काफी संख्या में रोजेदार सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों के मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव एवं दवा विक्रेता शामिल हुए, मौके पर लोगों ने शांति सौहार्द अमन व चैन की दुआ मांगी जिसमें, महबूब फैजी उर्फ नदीम अंसारी, लाइक मंजर वादी, रियाज अहमद, सफदर अली, एहसान आलम, मुरारी ठाकुर रितेश अविनाश झा इत्यादि लोगों ने शिरकत की।

### अपराधियों की गोली से युवक की मौत, जमीन के पुराने विवाद में हत्या

मधुबनी। मधुबनी जिले में लगातार आपराधिक घटना घटने से लोग सकते में है। अपराधियों के हौसले बुलंद है। पुलिस द्वारा अपराधियों पर अंकुश नहीं लगाया जा रहा है। घटना का उद्भेदन करने में पुलिस नाकाम साबित हो रही है, जिससे अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। मधुबनी जिले को शांत इलाका कहा जाता है, लेकिन अब लगातार हत्या, चोरी, डकैती, मारपीट एवं अन्य घटनाएं आम हो गई है, जिसके कारण लोग आक्रोशित हो रहे है। जिले के राजनगर थाना अन्तर्गत मंडल कारा के पास स्थित मिथिला मिट हाउस के पास अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर सनसनी फैला दी है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया की मृत युवक पंडौल थाना के मोहनपुर गांव का निवासी है। मिली जानकारी के अनुसार रामपट्टी तरफ से कुल छः अपराधी आये और मिथिला मिट हाउस के पास दालान में मौजूद युवक के ऊपर चार-पांच गोली दाग दी और भाग गये। आनन फानन में उसे सदर अस्पताल लाया गया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मृत्यु की खबर जंगल में आग की तरह फैल गई।

# दरभंगा एयरपोर्ट को बाढ़ से किया गया सुरक्षित

दरभंगा, प्रातः किरण ब्यूरो



दरभंगा एयरपोर्ट को बाढ़ से पूर्णतः सुरक्षित करने के लिए जल संसाधन विभाग, बिहार द्वारा दरभंगा एयरपोर्ट के चारों ओर से रिंग बांध के द्वारा सुरक्षित किया जा रहा है। एयरपोर्ट के चारों ओर 13.98 करोड़ रुपए की लागत से 11.85 किलोमीटर में लगभग 2.5 मीटर ऊँची और 3.6 मीटर चौड़ी रिंग बाँध का निर्माण किया जा रहा है, जिस पर 8 इंच मोटी पी.सी.सी. का निर्माण किया जा रहा है।

इस योजना के अन्तर्गत दरभंगा एयर फोर्स स्टेशन के रिंग बाँध में 95 मीटर गैप में नये बाँध का निर्माण भी शामिल है। बाँध में नीचे से ऊपर तक फेवर ब्लॉक से पिचिंग किया जा रहा है, ताकि बाढ़ के पानी से कटाव न हो सके। इनके अतिरिक्त एयर फोर्स स्टेशन के सुन्दर वन से जल-जमाव की निकासी हेतु 1 अदद एन्टी फ्लड स्लुईस का निर्माण किया जा रहा है। मंत्री, जल संसाधन व सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, बिहार सरकार संजय कुमार झा, नगर विधायक संजय सरावगी, केवटी के विधायक डॉ. मुरारी मोहन झा एवं दरभंगा नगर निगम के उप मेयर भरत कुमार सहनी व जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता, कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल दरभंगा के साथ रिंग बाँध निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि दरभंगा एयरपोर्ट मिथिलाचंल सहित पूर्वोत्तर बिहार के लिए काफी महत्वपूर्ण हो गया है। दरभंगा प्रायः तीन महीने बाढ़ से प्रभावित रहता है, इसलिए बाढ़ के दौरान हवाई अड्डा

**निरीक्षण**

- मंत्री ने किया चल रहे कार्य का निरीक्षण
- दरभंगा प्रायः तीन महीने बाढ़ से प्रभावित रहता है

प्रभावित न हो सके। इसलिए इसके चारों रिंग बाँध का निर्माण करवाया जा रहा है, निर्माण कार्य 15 से 30 जून तक पूर्ण हो जाएगा। इससे बन जाने से बाढ़ के दौरान कभी भी पानी का प्रवेश दरभंगा हवाई अड्डा परिसर में नहीं हो सकेगा। साथ ही चारो ओर से एयरपोर्ट की निगरानी करने में यहाँ के जवानों को भी सुविधा होगी। इस अवसर पर नगर विधायक संजय सरावगी क्योंकि विधायक डॉक्टर मुरारी मोहन झा जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता दरभंगा नगर निगम के उपमहापौर तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## जल संसाधन मंत्री ने दरभंगा एयरपोर्ट के समीप यात्री शेड का किया उद्घाटन

दरभंगा, प्रातः किरण ब्यूरो



मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के अन्तर्गत मंत्री के एच्छिक कोष से दरभंगा एयरपोर्ट के समीप लगभग 14 लाख रुपये की लागत से निर्मित यात्री शेड का उद्घाटन बिहार के मंत्री, जल संसाधन व सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, बिहार सरकार संजय कुमार झा के द्वारा शीलापट्ट का अनावरण एवं नारियल फोड़कर किया गया, साथ ही यात्री शेड का उद्घाटन फीता काटकर किया गया।

इस अवसर पर उनके साथ नगर विधायक संजय सरावगी, केवटी के विधायक डॉ. मुरारी मोहन झा, दरभंगा नगर निगम के उप मेयर भरत कुमार सहनी, अधीक्षण अभियंता जल संसाधन विभाग दरभंगा प्रमंडल, उप निदेशक जनसंपर्क दरभंगा प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता जल संसाधन विभाग दरभंगा प्रमंडल उपस्थित थे। इस अवसर पर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि दरभंगा एयरपोर्ट के बाहर यात्री व उनके परिजनों को काफी देर प्रतीक्षा करना पड़ता है, लेकिन बाहर बैठने की कोई मुकम्मल जगह नहीं थी इसलिए यात्रियों व उनके परिजनों की सुविधा के लिए यह यात्री शेड बनवाया गया है, जो काफी आरामदायक एवं हवादार है। उल्लेखनीय है कि लगभग 13 लाख रुपये की लागत से 14 फीटX35 फीट का आकर्षक यात्री शेड बनवाया गया है। जिसमें चारों ओर स्टील का ग्रिल एवं गेट लगवाया गया है। इस यात्री शेड में 9 सेट, 4 सीटर कुर्सियाँ लगाई गई हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत मंत्री के एच्छिक कोष से मंत्री के द्वारा 03 दिव्यांगों क्रमशः- कुंदन कुमार गुप्ता, खोजेन्दर कामती एवं नटवर चौधरी को 42 हजार रुपये की लागत वाली बैटरी चालित ट्राई साईकिल प्रदान किया गया।

## सीओ ने कराया सड़क को अतिक्रमण मुक्त



मनीगाछी, प्रातः किरण संवाददाता

दरभंगा प्रखंड क्षेत्र के बाजितपुर पंचायत स्थित दुर्गा मंदिर के निकट बाजितपुर से बेनीपुर जाने वाली मुख्य सड़क को सीओ राजीव प्रकाश राय ने शनिवार को अतिक्रमण मुक्त करा लिया। ज्ञात हो कि अवैध रूप से सड़क किनारे घर बनाकर रहनेवालों से अवैध अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए बाजितपुर निवासी मोहम्मद राजा ने उच्च न्यायालय में स्टेट ऑफ बिहार एमजेसी बाद संख्या 1284/2021दायर किया था। उच्च न्यायालय के पारित आदेश के आलोक में शनिवार को बाजितपुर दुर्गा स्थान के बगल में सड़क किनारे बनाए गए मोहम्मद हाशिम, रामदेव राम एवं देबू राम के मकान को जेसीबी मशीन से गिरा कर सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

सीओ राजीव प्रकाश राय ने बताया कि अंचल से भी अतिक्रमण हटाने का आदेश पारित किया जा चुका था। 2 माह पूर्व ही अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस संबंधित लोगों को दिया गया था। बावजूद इन लोगों ने अतिक्रमण नहीं हटाया तो बाध्य हो कर पुलिस बल के साथ बाजितपुर-बेनीपुर पथ में दुर्गा स्थान के पास की सड़क को अतिक्रमण मुक्त किया गया।

### कोई भी विचाराधीन बंदी रुपया के अभाव में न्याय से वंचित नहीं होगा: जावेद आलम

**दरभंगा।** कोई भी बिचारधीन बंदी रुपया के अभाव में न्याय से वंचित नही होगा। ऐसे लोगों के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार निः शुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराता है। उक्त बातें जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश जावेद आलम ने शनिवार को दरभंगा मंडल कारा में निरीक्षण के क्रम में विचाराधीन वंदियों से कही। श्री आलम निरीक्षण के क्रम में कारा कर्मी को आवश्यक निर्देश दिया। श्री आलम कारा में बंद कैदियों का हालचाल जाना। कारा के अंदर बने तरुण वार्ड का निरीक्षण किया। वहां उन्होंने विचाराधीन बंदियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार से मिलने वाले लाभ से अवगत कराया। तरुण वार्ड में बंद बंदियों के उम्र से संबंधित जानकारी ली। उन्होने बंदियों से मिलकर उसका हाल जाना। उन्होंने बंदियों को मिलने वाली भोजन के संबंध में जानकारी ली तथा उन्हें आवश्यक निर्देश दिए। श्री आलम ने विचाराधीन बंदियों की समस्यों के निदान के लिए पैनल अधिवकता को आवयश्क निर्देश दिया। श्री आलम कारा में पुरुष और महिला वार्ड में जाकर विचाराधीन कैदियों के रहन-सहन, खान पान आदि का जानकारी लिया।

## रुद्र सावित्री मेमोरियल खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

दरभंगा, प्रातः किरण ब्यूरो



रुद्र सावित्री मेमोरियल खेल प्रतियोगिता 2022 का आयोजन हुआ नेहरु स्टेडियम, लहेरियासराय में। इसमे राज्य के विकास आयुक्त विवेक कुमार सिंह, पर्यटन विभाग के सचिव संतोष कुमार मल्ल सहित जिलाधिकारी राजीव रोशन, उप विकास आयुक्त तनय सुल्तानिया, नगर आयुक्त अखिलेश कुमार सिंह और पुर्व कुलपति डॉ एस पी सिंह शामिल हुए। इस प्रतियोगिता के आयोजक विवेक सिंह ने कहा कि रूद्र सावित्री मेमोरियल खेल प्रतियोगिता पिछले 10 वर्षों से आयोजित हो रहा है।

सिर्फ दो वर्ष कोरोना काल में यह स्थगित रहा। यह खेल प्रतियोगिता उनकी माता और पिताजी की याद में कराया जाता है। श्री सिंह ने कहा कि बिहार के खिलाड़ियों में वह प्रतिभा है, जिसे निखारने की आवश्यकता है। बिहार के खिलाड़ियों में अत्यधिक ऊर्जा भी होती है, लेकिन उसे सही प्लेटफॉर्म नहीं मिल पाता है, जिसके कारण से वह आगे नहीं बढ़ पाते। लेकिन हमारा यह प्रयास है कि हम दरभंगा जिला वासियों के साथ साथ और अन्य खिलाड़ियों को भी वह

**प्रतिभा**

- श्री सिंह ने कहा कि बिहार के खिलाड़ियों में वह प्रतिभा है

प्लेटफार्म दे सकें, जहां से वह अपनी प्रतिभा को निखार सके। उन्होनें कहा की प्रतियोगिता का समापन 7 मई 2022 को होगा। पर्यटन सचिव संतोष कुमार मल्ल ने यहां अपने जिलाधिकारी रहने के दौरान तत्कालीन खेल मंत्रालय के सचिव विवेक कुमार सिंह के योगदान की काफी सराहना की। वही मौके पर उपस्थित जिलाधिकारी राजीव रोशन ने कहा कि बिहार सरकार के साथ-साथ जिला प्रशासन भी खिलाड़ियों और खेल जगत में नई नई पहल की है जिससे खिलाड़ी लाभान्वित हो सकते हैं। यह केवल खेल ही नहीं है बल्कि एक शारीरिक व्यायाम भी है जिससे लोग अपने आप को चुस्त-दुरुस्त भी रखते हैं इसलिए शिक्षा के साथ खेल भी अत्यधिक आवश्यक विषय है। उप विकास आयुक्त तनय सुल्तानिया ने कहा कि सभी को स्वस्थ रहने के लिए खेलना आवश्यक है। धन्यवाद ज्ञापन जिला खेल संघ के सचिव जितेन्द्र सिंह ने किया। मंच संचालन नवीन सिन्हा ने किया। प्रतियोगिता में क्रिकेट के अलावा कबड्डी, हैंडबॉल, वालीबॉल, शतरंज व कैरम के मैच खेले जायेंगे। आयोजन सचिव जितेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि क्रिकेट प्रतियोगिता आठ टीमों के बीच होगी। अलीनगर, हनुमाननगर, बहादुरपुर, बेनीपुर, लहेरियासराय, बहेड़ी, दरभंगा सदर व दरभंगा टाउन की टीम भाग ले रही है। उदघाटन का पहला मैच बेनीपुर सुर बहादुरपुर के बीच खेला गया।

अन्य मैच हनुमाननगर व बहेड़ी के बीच होगा। फाइनल मैच सात मई को खेला जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए अलग-अलग कमेटी का गठन किया गया है। इसमें प्रदीप कुमार गुप्ता, अखलाकुर रहमान पप्पू आदि शामिल हैं।

## शादी समारोह में डीजे की धुन पर थिरकते युवक ने दोनों हाथों में लहराई पिस्टल

दरभंगा, प्रातः किरण ब्यूरो



प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इंसाफ मंच के जिला सचिव मकसूद आलम पप्पू खाँ ने कहा कि दरभंगा की पुलिस अपराधी पर कार्रवाई करने के बजाए दे रही संरक्षण। उन्होंने कहा कि जिले के भालपट्टी ओपी अंतर्गत नैनाघाट में एक शादी समारोह में खुलेआम असलाहा का प्रयोग दिखा ।बताया जाता है कि 17 फरवरी को शादी मैं डीजे का आयोजन किया गया था जिस पर डांस करते हुए खुलेआम दोनों हाथों में दूल्हे का छोटा भाई रकीब अहमद खाँ असलहा लहराते हुए पुलिस एवं सरकार को चुनौती देते हुए दिखाएं।

भालपट्टी ओपी अध्यक्ष शशि भूषण सिंह ने वायरल वीडियो की जांच की । जाचं में पता चला कि नैना घाट निवासी रकीब अहमद खाँ पिता शमीम अहमद खाँ निवासी नैनाघाट का वीडीयो है। 17 मार्च को कई

**चुनौती**

- खुलेआम दोनों हाथों में दूल्हे का छोटा भाई रकीब अहमद खाँ असलहा लहराते हुए पुलिस एवं सरकार को चुनौती देते हुए दिखाएं

चैनलों पर चला था न्यूज 18 बिहार झारखंड कशिश न्यूज सुदर्शन न्यूज आदि पर खबर चलने के बाद ओपी अध्यक्ष ने सत्यापन किया और मोटी रकम लेकर जांच को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया जिससे अपराधी का मनोबल सातवें आसमान पर है।

उन्होंने दरभंगा के वरीयपुलिस कप्तान से इस मामले की तुरंत जांच करवा कर असलहा लहराने वाले युवक को गिरफ्तार करें अन्यथा इंसाफ मंच इसके लिए आंदोलन करेगी।

### आपसी भाईचारे को तोड़ने वाले बयान देने वाले भाजपा नगर विधायक की सदस्यता रदद् हो: नेयाज अहमद

**दरभंगा।** आजान व नमाज पढ़ने पर रोक लगाने का बयान देकर भाजपा नगर विधायक संजय सरावगी ने सांप्रदायिक उन्माद नफरत भड़काकर धुर्वीकरण की राजनीति कर रहें हैं। उनके इस राजनीति को दरभंगा के अमन पसंद जनता नकार देगी। उपरोक्त बयान जारी करते हुए भाकपा(माले) के राज्य कमिटी सदस्य अभिषेक कुमार व इंसाफ मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष नेयाज अहमद ने कहा कि दिवालिया बाप का बेटा विभिन्न तरह का गोरखधंधा करके व अपराधियों के जरिये हत्या करवाकर अकूत संपत्ति बनाने वाले नगर विधायक को नफरत भड़काने वाले बयान देने के बदले अपने करतूत का जवाब देना चाहिये। नगर विधायक का बयान देश के संविधान व एकता भाईचारे पर हमला हैं। पर्व त्यौहार जहां एक दूसरे के बीच खुशियां बांटने के लिए होता हैं। एक दूसरे के पर्व त्यौहार को मिल कर मनाने व मदद करने की परंपरा को खत्म कर नफरत की खेती करने वाले भाजपा की राजनीति को इस बार मिथिलांचल में जोरदार धक्का दिया जायेगा।

## जियो जागो फाउंडेशन ने मनाया 13वां स्थापना दिवस, मोटिवेट भारत कार्यक्रम को गोविंदाचार्य ने किया लॉन्च

मधुबनी, प्रातः किरण संवाददाता



जियो जागो फाउंडेशन ने अपने 13वें स्थापना दिवस के मौके पर दिल्ली की आईटीओ स्थित हिंदी भवन में मोटिवेट भारत नाम से कार्यक्रम को लॉन्च किया। इस मौके पर राष्ट्रवादी चिंतक के एन गोविंदाचार्य, प्रशिद्ध मोटिवेट स्पीकर राजेश अग्रवाल, लोकभारती संस्था के अरुण भूटानी सहित कई गण्य मान्य लोग उपस्थित हुए।

कार्यक्रम की शुरूवात द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए फाउंडेशन के अध्यक्ष धर्मवीर प्रभाकर ने कहा इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी क्षेत्रों के युवाओं को जो अपने राह से भटक गए हैं उन्हें सचेत करना है। आज का युवा सब कुछ कर सकता है, बस उनमें अपने को निखारने और अपने आपको समझने की जरूरत है। श्री प्रभाकर ने बताया कि जियो जागो फाउंडेशन की शाखा दिल्ली व मधुबनी में होने के कारण फॉउंडेशन जल्द ही मधुबनी में इस कार्यक्रम को युवाओं के बीच लाने जा रही है, साथ ही महिलाओं के लिए नारी शक्ति नमोस्तुते जैसे कार्यक्रम जो महिलाओं के लिए खासकर होगा। जल्द मधुबनी के कई प्रखंडो में आयोजिय किए जाएंगे।

मौके पर श्री गोविंदाचार्य ने इस तरह के कार्यक्रम के लिए जियो जागो फाउंडेशन के अध्यक्ष धर्मवीर प्रभकार, जो मधुबनी के जयनगर से है, उनकी प्रशंसा करते हुए कहा यह प्रयाश युवाओं में जोश भरने का काम करेगी। कार्यक्रम में समाज में विभिन्न प्रकार से अपने योगदान देने वालो को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। पत्रकारिता के क्षेत्र में झंझारपुर के शंकर यादव को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम को सफल बनाने में दूरदर्शन की पत्रकार अल्का सिंह, जानवी एनरटेन्मेंट के साहिल सिन्हा, जीवेश झा, अरविंद कुमार सिन्हा, रीना रानी, राधेश्याम यादव व देवांश प्रभाकर की अहम योगदान रही।

## माकपा के दो दिवसीय बैठक हुआ शुरू

मधुबनी, प्रातः किरण संवाददाता



भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी जिला कमिटी मधुबनी की दो दिवसीय 30 अप्रैल 22 एवं 01 मई 22 को प्रा० कन्या विद्यालय जयनगर बस्ती पंचायत में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कॉमरेड भोगेन्द्र यादव ने किया।

बैठक को सम्बोधित करते हुए पार्टी राज्य सचिव कॉमरेड ललन चौधरी ने कहा कि रामनवमी के समय भाजपा नँगा नाच किया। बिहार के मुजफ्फरपुर में महजिद पर भगवा झण्ठा गड़ना निंदनीय घटना हैं। आज पूरे देश में भाजपा की सरकार बुलडोजर नीति चला रही है, और गरीबों का घर उजाड़ा जा रहा है। नीति आयोग ने बिहार की हालत का उजागर किया है। जो रिपोर्ट के अनुसार बिहार गरीबी के मामले में बिहार सबसे ऊपर हैं। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के राज्य सचिव मंडल सदस्य रामपरी ने कहा है कि भाजपा को सरकार में महगाई आसमान छू रहा है, सरकार हिन्दू-मुस्लिम के नाम पर आम जनता आम जनता के बीच भ्रम फैलाने की मात्र सरकार है। बिहार सरकार का भी हाल यही है। आज जयनगर के अन्दर पार्टी की दो दिवसीय बैठक में गरीब हितैषी योजना में सरकारी लूट खसोट, बढ़ते अपराध महिला हिंसा पर नियंत्रण कैसे हो उसपर व्यापक रणनीति तैयार कर जन आंदोलन की करवाई तेज की जाएगी। बैठक में जिला सचिव मनोज यादव, विजय नाथ मिश्र ,रामजी यादव, सोनधारी यादव, बाबूलाल महतो, गणपति झा, शशिभूषण प्रसाद, बिंदु यादव, प्रेम कान्त दास, उमेश घोष, राजीव सिंह, कुमार राणा प्रताप सिंह, सत्यनारायण यादव, अशोक यादव सहित कई साथी ने भाग लिया।

### शराब बरामद मामले का फरार आरोपी हुआ गिरफ्तार

**मधुबनी।** मधुबनी जिले के बेनीपट्टी थाना क्षेत्र के अंधरी गांव से बेनीपट्टी थाना पुलिस ने शराब बरामदगी मामले के एक फरार आरोपी को गिफ्तार कर जेल भेज दिया है। पकड़े गये आरोपी की पहचान अंधरी गांव निवासी सुधीर महतो के रूप में की गयी है। इस मामले में पूछे जाने पर पुलिस निरीक्षक सह बेनीपट्टी एसएचओ सीताराम प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी के खिलाफ बेनीपट्टी थाना में शराब बरामदगी की प्राथमिकी दर्ज है, और आरोपी फरार चल रहा था। जिसे गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार की सुबह अंधरी गांव से एएलटीएफ अनुमंडल प्रभरी शेषनाथ प्रशाद, एसआई संजीत कुमार और पुलिस बल के सहयोग से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। उन्होंने यह भी बताया कि इस मामले में पकड़े गये आरोपी और उसके पिता दोनों आरोपी था और पिता को एक दिन पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा भेजा गया था।

## बेनीपट्टी थाना परिसर में ईद उल फितर के मौके से आयोजित हुई शांति समिति की बैठक



मधुबनी, प्रातः किरण संवाददाता

मधुबनी जिले के बेनीपट्टी थाना परिसर में अनुमंडल पदाधिकारी अशोक कुमार मंडल की अध्यक्षता में शांतिपूर्ण माहौल और आपसी भाईचारे के बीच ईद मनाये जाने को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें ईद के दौरान विधि व्यवस्था बनाये रखने, शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में ईद मनाने, प्रशासन को सहयोग प्रदान करने, सामाजिक सदभाव बनाये रखने, किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर पुलिस को त्वरित सूचना देने और अफवाह पर ध्यान नहीं देने सहित कई बिंदुओं पर चर्चा की गयी।

इस दौरान एसडीएम श्री मंडल ने कहा कि मिथिला की धरती हमेशा शांति प्रिये रही है। इसमें कहीं कोई दो राय नही है, लेकिन हर समाज में एक प्रतिशत शैतान प्रवृति के लोग रहते ही हैं। जो हमेशा अशांति फैलाने के लिए रास्ता तलाशते रहते हैं। इसलिए ऐसे एक प्रतिशत लोगों पर 99 प्रतिशत अच्छे और शांति प्रिये लोगों को नजर रखना आवश्यक है। शांतिपूर्ण माहौल में ईद मनाना है.। आप सभी जनप्रतिनिधियों और आमजनों से भी सहयोग की अपेक्षा रहेगी।

वहीं डीएसपी अरूण कुमार सिंह ने कहा कि समाज में शांति व्यवस्था व आपसी भाईचारा एवं समाजिक सौहार्द बनाये रखने में स्थानीय लोग प्रशासन को सहयोग करें। सभी लोग एसडीएम, डीएसपी, बीडीओ, सीओ और थानाध्यक्ष का नंबर रखें। साथ ही किसी भी प्रकार की असुविधा होने और जानकारी मिलने पर प्रशासन को त्वरित सूचित करें। इस बैठक में पुनि सह थानाध्यक्ष सीताराम प्रसाद, एसआई मृत्युंजय कुमार, एसआई बलवंत कुमार, बीएन मंडल, पीएसआई प्रीति भारती, एएसआई देवकुमार शर्मा, परवेज आलम, शौकत अली नूरी, गुलाब साह, गौतम कुमार साह, उप मुखिया मोहम्मदपुर, महादेव साह, रघुवीर राय, संतोष मंडल सहित अन्य लोग भी मौजूद थे।

## जयनगर में रेबीज रोधी टीकाकरण एवं जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



मधुबनी, प्रातः किरण संवाददाता

मधुबनी जिला के जयनगर में विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर आज 30 अप्रैल को श्वानों को निःशुल्क रेबिज रोधी टीकाकरण साथ ही जन जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर पशु चिकित्सक डॉ० सुमन कुमार ने बताया कि राज्य सरकार के पशु निदेशालय पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग द्वारा एक दिवसीय रेबीज रोधी टीकाकरण सह जन जागरूकता शिविर का आयोजन आज जयनगर में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य रेबीज रोग का नियंत्रण एवं उन्मूलन रखा गया है। रेबीज रोग से होने वाले बहुमूल्य मानव एवं पशुधन की प्राण रक्षा करना है। साथ ही रेबीज रोग के नियंत्रण एवं उन्मूलन हेतु जन जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार भी किया जाना है। इस मौके पर जयनगर के अनुमंडल पदाधिकारी बेबी कुमारी ने बताई की जिन जानवरों को रेबीज रोधी टीकाकरण हो जाता है, तो उसके काटने या खरोचने से मनुष्य को प्राण घातक बीमारी रेबीज होने का खतरा टल जाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### नन्हे मुन्हे बच्चों ने माहे रमजान का जश्न मनाया



पटना। नन्हे मुन्हे मासूम बच्चो ने माहे रमजान को अलविदा करते हुए ईद उल-फित्र का जश्न मनाया। हर साल की तरह इस साल भी टेंडर हर्ट्स इंटरनेशनल स्कूल के बच्चो और उस्ताद ने ईद की खुशी में जलसा मनाते हुए हाथ मिलाकर और एक दुसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। लड़के सफेद कुरते पजामा और नमाजी टोपी में जच थे तो वहीं लड़किया सलवार कमीज में खूब फब रही थी। बच्चे शिक्षक और अभीभावक सभी ईद के जश्न में शरीक हुए। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाध्यापिका शिवानी एवं रेवा, मेह्जबिन, महविश, तरन्नुम, ऐमन ने समाज में भाईचारे का संदेश दिया एवं ईद की मुबारकबाद दी। अंत में स्कूल के निर्देशक राजीव भार्गव ने ईदी देकर सभी को विदा किया।

### बुलडोजर राज के खिलाफ माले चलाएगा अभियान

पटना। भाकपा-माले के बिहार राज्य सचिव कुणाल ने कहा है कि पार्टी की केंद्रीय कमिटी के आह्वान पर देश भर में अतिक्रमण हटाने के बहाने मेहनतकश-गरीबों के घरों-ठेलों- दुकानों आदि पर बुलडोजर चलाए जाने के खिलाफ भाकपा-माले मई दिवस 1 मई से 31 मई तक पूरे राज्य में एक अभियान चलाएगी' गरीबों के घर-बार पर नहीं चलेगा बुलडोजर, भारत के भाईचारे पर नहीं चलेगा बुलडोजर और भारत के संविधान पर नहीं चलेगा बुलडोजर, इन तीन प्रमुख नारों के साथ अभियान संचालित होगा। उन्होंने कहा कि पूरे देश में भाजपा की सरकारें और नगर निगम चुन-चुन कर मुसलमान मेहनतकश-गरीबों को बांग्लादेशी और दंगाई बताकर उन्हें खास निशाना बना रहे हैं' भाजपा ने बुलडोजर को अपना नया चिन्ह बना लिया है, जो एक गरीब- और मुस्लिम विरोधी चिन्ह में बदल गया है' ऐसे में जरूरी है कि देश के गरीब और मेहनतकश एकजुट होकर इस भाजपाई बुलडोजर राज का प्रतिरोध करें' क्योंकि गरीबों के आवास, रोजगार, सामाजिक मेल-मिलाप, भाईचारे-बहनापे और देश के संविधान पर बुलडोजर चलाना कत्तई स्वीकार नहीं है' देश के लोगों को सचेत करने और प्रेरित करने के लिए भाकपा-माले एक महीने का यह अभियान चलाएगी'

### विशाल मल्होत्रा बने हम युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव



पटना। हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (से0) युवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष फैज आशिक सिद्धकी ने संगठन का विस्तार करते हुए विशाल मल्होत्रा को राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत करते हुए झारखंड युवा प्रकोष्ठ का प्रदेश प्रभारी बनाया है। विशाल मल्होत्रा को यह जिम्मेवारी मिलने पर हम के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव डॉ दानिश रिजवान, प्रदेश महासचिव राम विलास प्रसाद, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र शास्त्री, राष्ट्रीय सचिव विजय पाडेंय, अभिजीत कुमार, मनोज कुमार मंडल, निकेश कुमार, सुनील यादव, सरताज आलम आदि ने बधाई दी।

# पार्टी के ए टू जेड अभियान के लिए सभी से संवाद बनाना है : तेजस्वी

## प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह बोले - सदस्यता अभियान जन जोड़ो अभियान है

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय के सभागार में विधायकों, विधान पार्षदों, पूर्व विधायकों, पूर्व विधान पार्षदों, पूर्व प्रत्याशियों की एक महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह की अध्यक्षता में तथा प्रधान महासचिव आलोक कुमार मेहता के संचालन में सम्पन्न हुयी।

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने इस अवसर पर कहा कि राजद अपने सदस्यता अभियान के लक्ष्य एक करोड़ की संख्या को पूरा करने के लिए संकल्पित है और सदस्य बनाने का कार्य निरंतर चल रहा है। लेकिन सिर्फ सदस्यता के समय या चुनाव के समय जागने से ही काम नहीं चलेगा। इसके लिए हमेशा एकरूपता के साथ काम करनी होगी। क्योंकि लालू जी के विचारों से सभी लोग जुड़ना चाहते हैं और पार्टी के ए टू जेड के अभियान को जोड़ने के लिए सभी से संवाद बनाना होगा। इसके लिए सरजमीन पर काम करने की गंभीरता दिखानी होगी और स्वयं जवाबदेही लेनी होगी। क्योंकि जो भी सदस्य बनें, उन्हें इस बात का एहसास हो कि पार्टी द्वारा उन्हें सम्मान भी दिया जा रहा है।

प्रत्येक पंचायत में करीब 1200 तथा प्रत्येक विधान सभा में 41 हजार से अधिक सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित है। सदस्यता और पार्टी के काम के प्रति सोच के साथ थोड़ा गंभीरता भी दिखानी होगी क्योंकि इस अभियान से हीं पार्टी का चुनाव और आगे मजबूती के अभियान का जो संकल्प है उसे पूरा करने में सहायता मिलेगी।

प्रदेश अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि सदस्यता अभियान जन जोड़ो अभियान है और यही पार्टी का आधार है। एक नम्बर की पार्टी बनाने के लिए हमसभी को जिम्मेदारी से काम करनी होगी और संगठन के साथ समन्वय बनाकर सदस्यता अभियान में सभी के साथ संवाद और व्यक्ति से जुड़ने का इसे माध्यम बनाना होगा। क्योंकि सदस्यता अभियान का विशेष महत्व है और इससे ही हम अपने लक्ष्यों की पूर्ति कर सकते हैं।

इस अवसर पर सांसद अहमद अशफाक करीम, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक, भोला यादव, पूर्व मंत्री अनीता देवी, पूर्व सांसद सुखदेव पासवान, मुख्य प्रवक्ता भाई वीरेन्द्र, शक्ति सिंह यादव, एजाज अहमद, चितरंजन गगन, अख्तरूल इस्लाम शाहीन, समीर कुमार महासेठ, सारिका पासवान, ऋतु जायसवाल, कार्तिक कुमार, आजाद गांधी, संगठन महासचिव राजेश यादव सहित सभी विधायक, पूर्व विधायक, विधान पार्षद, पूर्व विधान पार्षद, पूर्व प्रत्याशी उपस्थित थे।

# तापमान कहीं 44 डिग्री तो कहीं आंधी- बारिश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

- प्रदेश के जिलों में मौसम अलग-अलग, कहीं लू चलने तो कहीं बिजली गिरने की आशंका

प्रदेश में एक ओर कहीं लू का तो कहीं वज्रपात का खतरा बना हुआ है। किसी इलाके में प्रचंड गर्मी पड़ रही है तो और दूसरी ओर कुछ इलाकों में आंधी, बारिश और वज्रपात हो रहा है' सुनकर आश्चर्य भले ही हो पर बिहार आज की यही सच्चाई है। इस मौसम के मद्देनजर मौसम विभाग ने भी दोहरा अलर्ट जारी किया है। आधा बिहार प्रचंड गर्मी से परेशान है तो आधे में बारिश और वज्रपात का खतरा बना हुआ है। मौसम विभाग ने लू और वज्रपात दोनों से जान को खतरा बताते हुए दक्षिण बिहार में लू और उत्तर बिहार में वज्रपात को लेकर लोगों को सावधानी बरतने की चेतावनी जारी की है।

मौसम विभाग ने दक्षिण बिहार के लोगों को लू के दौरान दोपहर में घर से बाहर नहीं निकलने को कहा है जबकि आंधी तूफान और वज्रपात की आशंका में उत्तर बिहार के लोगों को खराब मौसम में पक्के मकान में रहने को कहा है। आंधी तूफान और वज्रपात की स्थिति में बिजली के पोल और ऊंचे पेड़ के आस पास नहीं रहने की चेतावनी दी गई है। दोनों मौसम में ही लोगों को जान बचाने की अपील की जा रही है।

मौसम विभाग के अनुसार शनिवार और रविवार को दक्षिणी भागों के औरंगाबाद, कैमूर, रोहतास, गया, नवादा, बांका और जमुई जिले को छोड़ बाकी सभी जिलों में बिजली चमकने और गरज के साथ बारिश की पूरी संभावना है। इस दौरान हवा की रफ्तार भी 30 से 40 किलो मीटर प्रति घंटे की है। प्रदेश के दक्षिणी भागों में सतह से 1.5 किलो मीटर पर गर्म पछुआ हवा का प्रवाह हो रहा है, इसलिए प्रदेश के औरंगाबाद, कैमूर, बक्सर और रोहतास जिलों में अगले 48 घंटे में लू की संभावना है। इसलिए प्रदेश के दक्षिण पश्चिम भागों के नागरिकों को लू से बचाव को लेकर अलर्ट किया जा रहा है। वहीं शनिवार और रविवार को 30अप्रैल और एक मई को राज्य के उत्तरी भागों के लोगों को तेज रफ्तार हवा के साथ बिजली के चमकने और बारिश की संभावना को लेकर सतर्क रहने को लेकर अलर्ट किया गया है।

बिहार में गर्मी रिकॉर्ड तोड़ रही है। 44 डिग्री बक्सर और औरंगाबाद में रिकॉर्ड हुआ, जबकि रोहतास, कैमूर, नवादा, गया, छपरा, जमुई और पटना में भी पूरे दिन आसमान से आग बरसती रही। मौसम विभाग के मुताबिक अभी भी पूर्वी एवं दक्षिणी पूर्वी हवा का प्रवाह पूरे राज्य में जारी है। इसकी रफ्तार 8 से 10 किलो मीटर प्रति घंटे है। इसके साथ ही एक ट्रफ लाइन पश्चिमी उत्तर प्रदेश से उप हिमालय पश्चिम बंगाल की ओर पूर्वी उत्तर प्रदेश एवं बिहार से होकर गुजर रही है। इस मौसमी कारकों के प्रभाव से बिहार के आधे हिस्से में प्रचंड गर्मी तो आधे में बारिश का संयोग बन रहा है।पिछले 24 घंटे में आसमान से आग बरसती रही जिसके कारण औरंगाबाद - 44 डिग्री, पटना - 43 डिग्री, बक्सर - 44.2 डिग्री, गया एवं नवादा में 40.8 डिग्री तापमान रहा' वहीं दूसरी ओर सीतामढ़ी में 22.5 मिमी, अररिया में 14.5, खगड़िया में 9.5, कटिहार में 4, भागलपुर में 2, पूर्णिया में 1.5 तथा पूर्वी चंपारण में 1 मिमी बारिश हुई।

# बेहतर स्वास्थ्य के लिए जनसंख्या नियंत्रण आवश्यक

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



- स्वास्थ्य व्यवस्थाः स्थिति, चुनौतियां व संभावनाओं पर हुयी परिचर्चा

बिहार समाज विज्ञान अकादमी एवं पटना कॉलेज की ओर से पटना कालेज में द्वितीय बिहार समाज विज्ञान कांग्रेस में स्वास्थ्य व्यवस्थाः स्थिति, चुनौतियां और संभावनाओं पर परिचर्चा की गई। महासचिव डॉ. अनिल कुमार राय ने कहा कि वर्ष 2017 से स्थापित इस संस्था का मकसद आमजनों के सामाजिक और आर्थिक उन्नति के साथ शोध कार्यो को हिन्दी मे प्रोत्साहित करना है। महासचिव ने अकादमी के विषय प्रवेश में स्वास्थ्य क्षेत्र की कई चुनौतियों के साथ सामाजिक आर्थिक संरचना और सरकार के प्रयासों की भी चर्चा की।

मुख्य अतिथि रूबन अस्पताल के एमडी डॉ. सत्यजीत कुमार सिंह ने कहा कि देश में स्वास्थ्य की बुनियादी सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। नीति आयोग की रिपोर्ट में स्वास्थ्य सूचकांकों में बिहार काफी पिछड़ा है। उन्होंने शिशु मृत्यु दर, एनीमिया और जनसंख्या नियंत्रण समेत कई मुद्दों पर चर्चा की।

बिहार में महज 19 मेडिकल कालेज हैं जो बेहद कम है। पटना कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार ने शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य पर जोर देने की अपील की। उन्होंने बेहतर स्वास्थ्य के लिए जनसंख्या नियंत्रण पर भी जोर दिया।

पटना कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. रघुनंदन शर्मा ने स्वास्थ्य में प्रदूषण के कई बिन्दुओं की विस्तार से चर्चा करते हुए विकास के लिए गांधी मॉडल अपनाने का सुझाव दिया। पटना विवि के राजनीति शास्त्र की प्रो शेफाली रॉय ने स्वास्थ्य के बुनियादी सुविधाओं की कमी बताते हुए कहा कि हम सभी बीमार होने पर जागते हैं, स्वास्थ्य को लेकर सचेत नहीं होते। अकादमी के अध्यक्ष डीएम दिवाकर ने समाज विज्ञान के अलग अलग स्वरूप की विस्तार चर्चा करते हुए कहा कि स्वतंत्रता के बाद स्वास्स्थ्य सेवाए बेहतर हुई है, लेकिन अभी भी संरचनात्मक मजबूती के लिए बहुत कुछ किया जाना है।

कार्यक्रम में बिहार में स्वास्थ्य असमानता और मानसिक स्वास्थ्य पर भी तकनीकी सत्र हुए' द्वितीय एसपी वर्मा स्मृति व्याख्यान भी इस अवसर पर हुआ।

अंत में बिहार समाज विज्ञान अकादमी की आमसभा हुई। कार्यक्रम में डॉ. शकील अहमद, डॉ. प्रियंका सिंह, डा सोमप्रीति, प्रो. लालबाबू यादव, प्रो. अरूण कुमार, डॉ. जी. शंकर, डॉ. राकेश रंजन आदि भी मौजूद थे।

### यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ वेल्स से मधुमेह में मास्टर ऑफ साइंस की उपाधि डॉ सुभाष कुमार को



**पटना।** प्रसिद्ध मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ सुभाष कुमार को यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ वेल्स ने मास्टर ऑफ साइंस इन मधुमेह मेरिट प्रदान किया है।

डॉ कुमार ऐसी मान्यता मिलने वाले बिहार एवं झारखंड से पहले डॉक्टर हैं। बिहार के लिए यह गौरव की बात है कि पटना के प्रसिद्ध मधुमेह रोग विशेषज्ञ को यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ वेल्स द्वारा मधुमेह में मास्टर ऑफ साइंस दिया गया।

आज से पहले अभी तककिसी डॉक्टर को यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ वेल्स द्वारा मधुमेह में मास्टर ऑफ साइंस नही दिया गया है।

डॉ सुभाष की इस सफलता पर बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष पी के अग्रवाल व उपाध्यक्ष मुकेश जैन सहित विभिन्न संगठनों ने बधाई दी है।

# ई-स्टांपिंग की बिक्री सहकारिता बैंक की बड़ी उपलब्धि : केके पाठक

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



- निबंधन विभाग को सहकारिता बैंक से जोड़ना सराहनीय : रमेश चंद्र चौबे
- राज्य सहकारिता बैंक की समीक्षा बैठक में केके पाठक का हुआ सम्मान

मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन के अपर मुख्य सचिव केके पाठक आज बिहार राज्य सहकारिता बैंक द्वारा निबंधन विभाग के ई-स्टांपिंग बिक्री की प्रगति का समीक्षा करने बैंक के मुख्यालय पहुंचने पर पाया कि पिछले एक सप्ताह में राज्य के जिला सहकारिता बैंकों द्वारा लगभग 50 करोड़ के स्टांप की बिक्री की गई है। इससे सहकारी बैंकों को अच्छी आमदनी होने के साथ ही ई स्टांपिंग के कार्यों में पारदर्शिता भी आयी है। ज्ञात है कि श्री पाठक राज्य सहकारिता बैंक में प्रबंध निदेशक रह चुके हैं।

श्री पाठक ने सहकारी बैंकों द्वारा किए जा रहे उत्साह जनक कार्य को देखते हुए कहा कि निबंधन कार्यालय द्वारा अपनी जमा राशि भी सहकारिता बैंकों में रखने का आदेश दिया जा चुका है। प्रथम चरण में सहकारी बैंकों में ई स्टांपिंग की 125 शाखाएं 5 मई तक चालू करने का लक्ष्य है। इस योजना से लोगों को ई स्टांपिंग खरीदने में बिचौलियों से मुक्ति मिलेगी और सहकारी बैंकों की साख भी बढ़ेगी।

महानिरीक्षक निबंधन कार्तिकेय धनजी ने बैंक के कर्मचारी और पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सहकारी बैंकों को आम लोगों से जोड़ने और उनका विश्वास जीतने की जरूरत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता बैंक के चेयरमैन रमेश चंद्र चौबे, स्वागत पूर्व अध्यक्ष सत्येंद्र नारायण सिंह और संचालन निदेशक शैलेंद्र कुमार ने किया। लंबे समय बाद अपने पुराने कार्यालय में आने पर श्री पाठक को बैंक द्वारा सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम में बैंक के एमडी अखिलेश कुमार, निदेशक अमरनाथ पांडे, विष्णुन देव राय, महेश राय समेत सभी जिलों के चेयरमैन व प्रबंध निदेशक भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे।

# 1710 करोड़ की लागत से गंगा नदी पर बन रहे फोरलेन पुल का सुपर स्ट्रक्चर गिरा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

- पूर्व सांसद पप्पू यादव ने दोषियों पर मुकदमा कर गिरफ्तार करने की मांग की

भागलपुर और खगड़िया को जोड़ने वाले फोरलेन पुल का सुपर स्ट्रक्चर देर रात आए आंधी और बारिश में गिर गया' केबल लगा होने के बावजूद पुल के 100 फीट से ज्यादा लंबे सुपर स्ट्रक्चर का गिरना इंजीनियरों की कार्यशैली पर एक बड़ा सवाल खड़ा करता है' हांलाकि इसकी चपेट में कोई नहीं आया' गंगा नदी पर 1710.77 करोड़ रुपए की लागत से इस फोरलेन पुल का निर्माण एसपी सिंगला कंस्ट्रक्शन लिमिटेड कर रही है'

यह पुल भागलपुर जिला के सुल्तापनगंज घाट और अगुवानी के बीच हो रहा है' सुल्तानगंज की तरफ से पोल नंबर 4, 5 और 6 के बीच ढलाई का काम फिलहाल चल रहा है' स्थानीय लोगों ने निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जांच करवाने की मांग की है' केबल आधारित पुल की कुल लंबाई 3160 मीटर है, जो इन्टेलीजेन्ट ट्रॉफिक प्रणाली युक्त होगी' इस फोर लेन पुल में दो- दो लेन का दो अलग-अलग पुल बनेगा' गंगा की मुख्यधारा में पिलर की बजाय केबल पर झूलते इस पुल के दो पिलरों के बीच 125 मीटर की दूरी होगी'

जाप प्रमुख पूर्व सांसद पप्पू यादव ने आज कहा कि हवा के झोंके से पुल गिर जाता है, यह बिहार में होता है। 1710 करोड़ रु का यह है एक नया घोटाला। आखिर एसपी सिंगला को बिहार में इतना बड़ा-बड़ा पुल का काम किसके कहने पर मिल रहा है? इस घोटाले में कौन-कौन पथ निर्माण मंत्री और प्रधान सचिव शामिल है? सब पर हो मुकदमा और सबकी गिरफ्तारी हो'

# कड़ी मेहनत और नियमित अभ्यास से लिखी जाती है सफलता की कहानीः दिलीप कुमार

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



नए उद्यमियों को प्रोत्साहित करने तथा उन्हें जीवन में आने वाली चुनौतियां से निपटने के लिए तैयार रहने हेतु प्रेरित करने के लिए बिहार उद्यमी संघ द्वारा आयोजित एक विशेष मोटिवेशनल सेशन को संबोधित करते हुए राज्य सरकार में उद्योग विभाग के विशेष सचिव और मोटिवेशनल मुख्य वक्ता दिलीप कुमार ने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए नए रास्तों को अंगीकार करने तथा सफलता के लिए सतत प्रयास और नियमित अभ्यास की आवश्यकता होती है।

उन्होंने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने वालों के आलोचक हजारों होते हैं। अच्छी योजना बनाकर हम सफलता रूपी इमारत की अच्छी नींव तैयार कर सकते हैं।नए प्रयास करने वाले और नवाचारों का उपहास उड़ाने वालों की संख्या अनंत होती है। हमारे मित्र, परिजन और मोहल्ले के लोग भी नया प्रयास करते समय हमारा मजाक उड़ाने से बाज नहीं आते। जबकि बाद में सफलता प्राप्त होने पर इन्हीं प्रयासों और विचारों को दृष्टांत के रूप में पेश किया जाता है। लोगों की आलोचना और उपहास की परवाह के बिना जो पूरे जुनून के साथ प्रयास करता रहता है, अंत में वाही सफल होता है। सफलता की कहानी एक दिन में नहीं लिखी जाती, हजारों दिन के मेहनत, हिम्मत और खून-पसीना एक करने से वह प्लॉट तैयार होता है जिसपर सफलता की कहानी होती है।

उन्होंने कहा कि शिखर पर बैठे लोगों उदाहरण दिया जाता हैं लेकिन उनके शिखर पर पहुंचने की अत्यंत जटिल प्रक्रियाओं और उनकी जटिलताओं पर कोई चर्चा नहीं करता उसे कोई नहीं देखता। लेकिन जो सफल हैं वो अनगिनत चुनौतियों को पार करके ही सफल हुए हैं। लहरों के डर से जो किनारे में बैठे रह जाते हैं, वह कभी भी नदी पार नहीं कर पाते। जिन्हें फिसलने से डर लगता है, वह पर्वत पर कैसे चढ़ पाएंगे? इसलिए अपने डर पर जीत जरूरी है। जहां से डर समाप्त होता है, जीत की कहानी वहीं से प्रारंभ होती है। संघर्ष और सफलता की यात्रा में तनाव के क्षण भी आते हैं। सकारात्मक सोच और अटूट विश्वास के बल पर हम नकारात्मकता को पराजित कर सकते हैं।

# विकास वैभव ने टर्फ अरीना का किया उद्घाटन



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

गृह विभाग के स्पेशल सेक्रेटरी विकास वैभव आईपीएस ने टर्फ अरीना का उद्घाटन करते हुए कहा कि पटना में खिलाड़ियों को अत्याधुनिक सुविधा प्रदान करने के मिशन के साथ इसे लॉन्च करते हुए मुझे काफी खुशी हो रही है' बिहार का पहला एस्ट्रो टर्फ फुटबॉल मैदान और क्रिकेट के लिए 4 एस्ट्रो टर्फ पिचों के साथ, एक क्रॉसफिट जिम और 24.7 स्पोर्ट्स एलईडी लाइटिंग सुविधा के साथ टर्फ एरिना, बिहार में सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल और क्रिकेट सुविधा वाला अकादमी है।

पटना में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का खेल कूद का मैदान बनाना आसान काम नही लेकिन टर्फ अरीना के एमडी पंकज सिंह एवं सीईओ उद्धव सिंह ने 11 महिने में सभी समस्याओं को आसानी से हल करते हुए इसे साकार किया' टर्फ एरिना विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों के लिए क्रिकेट और फुटबॉल दोनों के लिए अकादमियों का शुभारंभ करने जा रहा है। शो योर टैलेंट इन समर कैंप बोलकर लगभग 32 दिनों का क्रिकेट और फुटबॉल के लिये अलग–अलग समय पर 1 जून से क्रिकेट में 5 से 8 वर्ष, 9 से 11 वर्ष, 12 से 16 वर्ष के बच्चे- बच्चियों का बैच बनाकर बेहतरीन कोच से ट्रेनिंग देंगे। यहां हाँकी, कबड्डी, योगा, क्रांस फीट जिम एवं फूड कोर्ट- कैफे भी है। इसका उद्देश्य बिहार के बच्चों को आगे लाना है।

# यादों के दरीचे से कला, संगीत और साहित्य के कई आयाम खुलते हैं

## साहित्य सम्मेलन में डा शंकर प्रसाद की पुस्तक का हुआ लोकार्पण

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



कला, संगीत और साहित्य में महनीय अवदान देने वाले हिन्दी के प्राध्यापक डा शंकर प्रसाद की पुस्तक यादों के दरीचे, संस्मरण साहित्य में विशेष योगदान के लिए स्मरण किया जाएगा। यह पुस्तक कला, संगीत और साहित्य से जुड़ी अनेक महान विभूतियों से पाठकों को जोड़ती है तथा उन्हें समझने की एक नई दृष्टि भी देती है। इसमें सारस्वत क्षेत्रों के साथ मायानगरी के भी अनेक आयाम खुलते दिखाई देते हैं। यह बातें शनिवार को, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में, डा प्रसाद की पुस्तक के लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही।

उन्होंने कहा कि डा शंकर की लोकार्पित पुस्तक अपनी सामग्रियों के कारण रोचकताओं से परिपूर्ण और पठनीय है। समारोह का उद्घाटन करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री और सुप्रसिद्ध चिकित्सक डा सी पी ठाकुर ने कहा कि पुस्तक लिखने का कार्य बड़ा कठिन है। इसीलिए लेखक और कवियों का समाज में ऊँचा स्थान है। पुस्तकें समाज पर गहरा प्रभाव डालती हैं। डा शंकर प्रसाद एक गुणी कलाकार और बड़े साहित्यकार हैं। उनके संस्मरण से पाठकों का बड़ा लाभ होगा।

मुख्य अतिथि और पटना उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि कोई भी सामान्य व्यक्ति भविष्य में प्रवेश नहीं कर सकता, किंतु हर व्यक्ति भूतकाल में यात्रा कर सकता है।

भूतकाल से जब हम प्रेरक अंश चुन पाते हैं, तो उससे पीढ़ियाँ प्रेरणा प्राप्त करती हैं। किसी व्यक्ति को जानना हो तो उसके कृतित्व और कृति को जानना चाहिए। डा शंकर के बहुआयामी व्यक्तित्व को जानने के लिए उनकी पुस्तक ह्ययादों के दरीचेह्न को पढ़ा जाना चाहिए।

पटना उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति हेमन्त कुमार श्रीवास्तव, विश्वविद्यालय सेवा आयोग के अध्यक्ष डा राजवर्द्धन आजाद, दूरदर्शन बिहार के कार्यक्रम प्रमुख डा राज कुमार नाहर, वरिष्ठ कवि राम उपदेश सिंह विदेह, डा मधु वर्मा, ओम्प्रकाश पाण्डेय, कुमार अनुपम, डा अनिल कुमार यादव, डा ध्रुव कुमार, आराधना प्रसाद, डा अशोक प्रियदर्शी, डा अर्चना त्रिपाठी, डा पुष्पा जमुआर, पंकज कुमार वसंत, सागरिका राय, कवि बच्चा ठाकुर, डा विनय कुमार विष्णुपुरी, डा सीमा यादव, डा सुषमा कुमारी, ब्रह्मानन्द पाण्डेय, जय प्रकाश पुजारी, डा सत्येंद्र सुमन, बाँके बिहारी साव, डा मनोज गोवर्द्धनपुरी, डा दिनेश दिवाकर तथा डा उमा शंकर सिंह ने भी अपने उद्गार व्यक्त किए तथा पुस्तक के लेखक को अपनी शुभकामनाएँ दीं। मंच का संचालन कवि सुनील कुमार दूबे ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन कृष्ण रंजन सिंह ने किया।

## एफआरयू को सुदृढ़ कर मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में लायी जाएगी कमी : मंगल

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। इसमें और गति लाने के लिए राज्य के फर्स्ट रेफरल यूनिट (एफआरयू) को पहले से और ज्यादा सुदृढ़ एवं उन्नत बनाया जा रहा है, ताकि यहां प्रसूता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलने के साथ -साथ मातृ व शिशु मृत्यु दर में कमी भी आये।

श्री पांडेय ने कहा कि राज्य में कुल 217 एफआरयू अधिसूचित हैं। यह जिला अस्पताल, अनुमंडलीय अस्पताल, रेफरल हॉस्पिटल एवं कॉम्यूनिटी हेल्थ सेंटर में कार्यरत है। राज्य के 69 नये अधिसूचित एफआरयू को सुदृढ़ करने के लिए संबंधित कर्मियों को पूर्व में प्रशिक्षित किया जा चुका है।

शेष बचे एफआरयू के सुदृढ़ीकरण के लिए संबंधित संस्थानों के उपाधीक्षक, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक, अस्पताल प्रबंधक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं डेवलपमेंट पार्टनर के प्रतिनिधि का उन्मुखीकरण सह समीक्षा बैठक पांच बैचों में पटना में 4, 5, 6,9 एवं 11 मई को होगी।

श्री पांडेय ने कहा कि राज्य के भीतर संचालित इन एफआरयू में कार्यरत कर्मियों के साथ उनके कार्यों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही यह भी जानकारी हासिल की जाएगी कि किन-किन व्यवस्थाओं को और बेहतर किया जाए, ताकि जच्चा और बच्चा को लाभ मिल सके। एफआरयू में संपूर्ण प्रसूती देखभाल के साथ विभिन्न प्रकार की सेवाएं दी जाती हैं। यहां सिजेरियन सेक्शन, नवजात बच्चों की देखभाल, गंभीर अवस्था में बीमार बच्चों का इलाज, परिवार नियोजन की पूर्ण सेवाएं, रक्तसंचय की उपलब्धता एवं रेफरल ट्रांसपोर्ट सिस्टम को सुनिश्चित कराने के लिए संबंधित कर्मियों को पूरी तरह से दक्ष बनाया जा रहा है।

## हवा के झोंकों से अर्धनिर्मित पुल के गिरने ने भ्रष्टाचार की खोल दी पोल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राजद प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने आज कहा कि बिहार इन दिनों संस्थागत भ्रष्टाचार की दल-दल में फँस चुका है। बाहरी कंपनियां जनता की गाढ़ी कमाई सरकार के इशारे पर लूट रही हैं और यह कोई पहली घटना नही है। गोपालगंज सहित कई जिलों में पुल बनने के पहले और कुछ बनने के कुछ दिन बाद गिर जा रही हैं।

इसी भागलपुर में उद्घाटन के पहले नहर टूट गया था पर सरकार ने कोई करवाई नही की। अगर सरकार सचेत होती तो फिर दूसरा पुल भ्रष्टाचार की भेंट नही चढ़ता। सरकार पुल के ठेकेदार सिंघला कम्पनी पर कठोर करवाई करे, पर मैं जानता हूँ कि कम्पनी से मोटी रकम लेकर सरकार मामला रफा दफा कर देगी, क्योंकि सरकार यऐसा ही करती आ रही है। इसका यही ट्रैक रिकार्ड रहा है।

लगातार भ्रष्ट कम्पनी सिंघला को मोटी रकम देकर सरकार काम देते आ रही है, क्योंकि लुट की छूट सरकार ने ही दे रखी है। कम्पनी के मालिक की पकड़ ऊपर तक है, इसलिए वो भ्रष्टाचारी निर्भीक है।

सम्मन बरगज एनफैसाल मुकदमा आर्डर 5 कायदा 1 व 5 न्यायालय श्रीमान एफटीसी (जू.डि.) द्वितीय वाराणसी वाद संख्या-561 सन 2019 श्रीमती चन्नर देवी बनाम सोमेश्वर सिंह वगैरह।

बनाम 1-सोमेश्वर सिंह पुत्र श्री मोहन सिंह निवासी झौआ बसन्त पोस्ट बसन्त जिला छपरा बिहार।

बावजह हो की आपके नाम एक नालिश बाबत दाखिल हुआ है लिहाजा आपको लाजिम है कि खुद या बजरिये अधिवक्ता, वकिल हारि होकर जा कुछ उज्र हो आज तारीख 13 माह 05 सन 2022 वक्त 10 बजे बमुकदमा अदालतन या बजरिये अधिवक्ता व वकिल अदालत हाजा मे हाजिर होकर मुकदमें की पैरवी करे वरना आपके खिलाफ एकतरफा हुक्म सादिर कर दिया जायेगा।

वसीका मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से आज दिनांक------ को जारी किया गया।

तारिख पेशी- 13-05-2022

आज्ञा से- न्यायालय

राष्ट्रीय दैनिक
प्रात:किरण
पटना, रविवार, 01 मई 2022

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### आवंटन कम मिलने पर पैक्स अध्यक्ष ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी से की शिकायत

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत मोहम्मदपुर सकड़ा प्राथमिक कृषि साख सोसाइटी के अध्यक्ष हरि नारायण सिंह एवं मुस्तफापुर डीह कृषि साख समिति के अध्यक्ष हुकुमदेव राय ने आवंटन कब मिलने पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी विभूतिपुर से लिखित शिकायत की है। जिसमें बताया गया कि वर्ष 2022 के मई महीने का आवंटन महमदपुर सकरा में 800 यूनिट कम दिया गया है। जबकि अप्रैल माह का भी 600 यूनिट बकाया। वहीं मुस्तफापुर में वर्ष 2022 के मई महीने का आवंटन लगभग 800 यूनिट कम का चालान भेजा गया है जबकि अप्रैल माह का भी 1000 यूनिट बकाया है। बार-बार आमंत्रण कब करने से परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसी को लेकर दोनों पंचायत के पैक्स अध्यक्ष ने लिखित आवेदन विभूतिपुर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को दिया है।

### निजी जमीन में अवैध रूप से घर बनाने के विरोध में दिया आवेदन

रोसड़ा, समस्तीपुर। रोसड़ा थाना क्षेत्र के करियन गांव निवासी नीतीश कुमार यादव ने थानाध्यक्ष रोसड़ा को आवेदन देते हुए कहा है कि मेरे पड़ोसी बुधन पासवान पिता स्वर्गीय कलर पासवान जबरदस्ती घर बनाने के लिए सामान वगैरा इकट्ठा कर रहे हैं। उक्त जमीन पर शब्द प्रथम रोसड़ा के न्यायालय में टाइटल सूट चल रहा है। जो वाद संख्या 209/2019 जय नारायण यादव बनाम गंगा मिश्रा के नाम से चल रहा है। जीविकोपार्जन हेतु गांव से बाहर रहते हैं जिसका नाजायज फायदा बुधन पासवान उठा रहे हैं। बुधन पासवान की पत्नी अनीता देवी इस बाद में प्रतिवादी है। उसमें अनिता देवी उपस्थित नहीं हो रही है और कोर्ट के आदेश का उल्लंघन कर रही है। रोसड़ा कोर्ट से गजट प्रकाशन भी किया गया है, उसे रोकने जाऊंगा तो वे लोग मेरे साथ खूनी बर्दाश्त कर सकते हैं। इससे स्थल पर शांति भंग होने का प्रबल संभावना बन गई है। जांचकर कार्यवाही करने की मांग किया है।

### मुर्गा दुकान से दो बोतल शराब के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के सुरौली चौक के निकट मुर्गा दुकान से पुलिस ने छापामारी कर दो बोतल अंग्रेजी शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी थानाध्यक्ष चंद्रकांत गौरी ने देते हुए बताया कि गिरफ्तार धंधेबाज सुरौली के ही मुन्ना साह को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

**जिला अंतर्गत निजी कार्यक्रमों में हिस्सा लेने समस्तीपुर पहुंचे उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद**

# प्रदेश में गठबंधन की सरकार है, जिस कारण बहुत सारी नीतियां लागू नहीं हो पा रही हैं : उपमुख्यमंत्री

समस्तीपुर, प्रात : किरण ब्यूरो

शनिवार को कई निजी कार्यक्रमों में हिस्सा लेने बिहार के उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद समस्तीपुर पहुंचे। जहां उन्होंने हरपुर एलौथ स्थित जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। जहां भाजपा कार्यकताओं के द्वारा पाग, चादर, फूल-माला और बुके के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। मौके पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष उपेंद्र कुमार कुशवाहा ने की। मौके पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए बिहार के उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि हम सब कॉमन सिविल कोड के पक्ष में है।

अभी एक राज्य के द्वारा इसकी ड्राफ्टिंग की जा रही है। इसे लागू करने का क्या तरीका हो, इसे देखा जाएगा। इसके बाद इस पर चर्चा की जाएगी और चर्चा के बाद ही इसे लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार में गठबंधन की सरकार है इस कारण बहुत सारी नीतियां ऐसी हैं जिसे हम लागू नहीं कर पा रहे हैं। एक सवाल के जवाब में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि



● जिला भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत मीडिया को भी किया संबोधित

उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा कानून के हिसाब से वहां ध्वनि प्रदूषण को रोकने का काम किया गया है। ध्वनि प्रदूषण न हो, इसको लेकर कोर्ट के आदेश का पालन सभी को करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इसे लागू करने से भाजपा पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के मान-सम्मान और गौरव को आगे बढ़ाया है। रूस और यूक्रेन युद्ध के दौरान वहां फंसे भारतीय छात्र अपने हाथों में तिरंगा लेकर वहां से सकुशल वापस लौटे। पाकिस्तान और बंगलादेश के छात्र भी तिरंगा साथ में लेकर इसलिए वहां से निकल सके कि रूस के बमवर्षक विमान तिरंगा देखकर उस पर हमला नहीं करेंगे। आजादी के 75वें साल को हम सभी अमृत महोत्सव मना रहे हैं। आत्मनिर्भर भारत और आत्मनिर्भर बिहार की दिशा में हम सभी कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अगले पच्चीस साल की कार्ययोजना पर काम किया जा रहा है। सात निश्चय योजना को लेकर उन्होंने कहा कि बिहार में सात निश्चय योजना के तहत विकास के कार्य हो रहे हैं। जहां कोरोना के कारण समूचा देश प्रभावित हुआ।

बिहार भी उससे अछूता नहीं रहा। अब पूरा देश उससे उबर रहे है। भाजपा सरकार के द्वारा सभी लोगों को मुफ्त वैक्सीन लगाकर कोरोना से बचाने का काम किया गया। इस दौरान बिहार के उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने जिला भाजपा कार्यालय में कार्यकताओं को भी संबोधित किया। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार में भाजपा को मजबूत बनाने के लिए एक विशेष रणनीति के तहत पार्टी काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इससे आने वाले दिनों में भाजपा पहले से और अधिक मजबूत होगी। विद्यार्थी परिषद से भाजपा तक के अपने सफर पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि आज जो भी विधायक और मंत्री हैं वे कार्यकताओं के बीच के ही हैं। उन्होंने कहा कि एक समय भाजपा के मात्र तीन सांसद हुआ करते थे आज वह संख्या तीन सौ तीन तक पहुंच चुकी है। यह सत्ता की यात्रा नहीं बल्कि वैचारिक यात्रा है। उन्होंने कहा कि देश व बिहार समेत अन्य राज्यों में जहां भाजपा की सरकार है वहां अन्य सरकार के मुकाबले बेहतर काम हो रहा है। प्रधानमंत्री देश के साथ बिहार को आत्मनिर्भर बनाने की मुहिम में जुटे हुए हैं। यह काम भी कार्यकताओं के बल पर ही पूरा होगा। उन्होंने जननायक कपूर्री ठाकुर को याद करते हुए कहा कि समस्तीपुर के विकास के लिए भी वे पूरा प्रयास करेंगे। यहां के कार्यकताओं से विकास के संबंध में जो सुझाव और विचार मिलेगा उस पर अमल किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने कार्यकताओं को संगठन का पाठ भी पढ़ाया। कार्यक्रम के उपरांत वह समस्तीपुर जिला अंतर्गत एक निजी विद्यालय के उद्घाटन व पूर्व विधान पार्षद की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित समारोह में भाग लेने के लिए रवाना हो गए। मौके पर आयोजित कार्यक्रम को रोसड़ा विधायक वीरेंद्र कुमार, किसान मार्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगन्नाथ ठाकुर, जयकृष्ण झा, विमला सिंह आदि के द्वारा संबोधित किया गया। इस दौरान जिला महामंत्री प्रभात ठाकुर, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष सिकंदर आलम, सुनील गुप्ता, राजीव चौधरी, नगर अध्यक्ष राहुल चौधरी, जिला उपाध्यक्ष राकेश राज, मीडिया प्रभारी अमित सिंह आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## तेज आंधी में दूर से उड़कर आए एस्बेस्टस ने एक 11 वर्षीय बच्ची की ले ली जान



विभूतिपुर (समस्तीपुर), प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत राज महिषि वार्ड 5 में शुक्रवार की देर रात्रि आई भयंकर आंधी में दूर उड़ कर आए एलवेस्टर ने एक 11 वर्षीय लड़की का गर्दन पर गिर गया। जिससे लड़की की आधा गर्दन कट गयी। और मौत हो गई। मृत बच्ची की पहचान महिषी पंचायत के वार्ड पांच निवासी रुपेश राम की पुत्री सुगनी कुमारी के रूप में की गई।

बताया गया कि सुगनी चार बहन और एक भाई के साथ आंगन में सोई हुई थी। तभी शुक्रवार की देर रात्रि भयंकर आंधी उठी। आंधी के दौरान सुगनी के दादा उपेन्द्र राम बारी-बारी से चार बच्चे को घर के अंदर ले गए। इसी बीच सुगनी अकेली थी तभी तेज आंधी में दूर से उड़कर आए एस्बेस्टस ने सुगनी के गर्दन पर लगी।

इस घटना में सुगनी का आधा गर्दन कट गया। जिससे उसकी मौत हो गई। बताया गया की सुगनी कुमारी प्राथमिक विद्यालय महिषी से पांचवी पास की थी। अगले वर्ग में नामांकन अभी नहीं हुआ था।

बच्चे की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ था। मृतका के पिता रूपेश राम, माता रेखा देवी, दादा उपेंद्र राम, दादी तारा देवी सहित परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो रहा था। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही विभूतिपुर थाना घटनास्थल पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुटी थे।

## एयरटेल पेमेंट्स बैंक के अधिकारियों ने आश्रितों को दिया 5 लाख बीमा का चेक




समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के पूसा प्रखंड के कैजिया विशनपुर गांव में एयरटेल पेमेंट्स बैंक के अधिकारियों ने मृतक के घर पहुंचकर उनके आश्रितों को 5 लाख का चेक दिया। बता दें कि उक्त गांव निवासी विजय कुमार की बीते नवंबर माह में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। मृतक एयरटेल पेमेंट्स बैंक का ग्राहक था।

एयरटेल पेमेंट्स बैंक अपने ग्राहक को मुफ्त में 5 लाख का दुर्घटना बीमा देती है। उसी के तहत शनिवार को एयरटेल के अधिकारियों, ग्राहक शिकायत पदाधिकारी आशुतोष राय, टीम लीडर चंदन मिश्रा, बैंक मित्र राज कुमार, राहुल सिन्हा एवं गांव के मुखिया मूनचुन जी के द्वारा मृतक की पत्नी रिंकू देवी को 5 लाख का चेक प्रदान किया गया। साथ ही रिंकू देवी का एक भरोसा खाता खोला और उनका 5 लाख का व्यापक स्वास्थ्य बीमा भी किया गया।

### दो बाइकों की टक्कर में तीन जख्मी

**रोसड़ा, समस्तीपुर।** रोसड़ा थाना क्षेत्र के महुली चौक पर मोटरसाइकिल के आमने सामने टक्कर में राम उदय महतो पिता स्वर्गीय रवि महतो उम्र 60 वर्ष ग्राम काले वार्ड नंबर 13 शुभम कुमार पिता देवेंद्र महतो ग्राम काले वार्ड नंबर 13 उम्र 18 वर्ष तथा मोहम्मद मिस्टर पिता मोहम्मद ताजुद्दीन ग्राम दाथ तीनों व्यक्ति हसनपुर थाना के बताए गए हैं।

जानकारी के अनुसार टेकुना मठ दाथ की तरफ से मोहम्मद मिस्टर पिता मोहम्मद ताज उद्दीन नया नगर की तरफ जा रहा था उदय महतो सरहचिया गांव की तरफ से रोसड़ा की ओर जा रहा था, महुली चौक-चौराहे पर आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमें उदय महतो बुरी तरह जख्मी हो गया स्थानीय लोगों ने रोसड़ा अनुमंडल अस्पताल इलाज के लिए पहुंचाया यहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने इलाज किया। गंभीर स्थिति को देख डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया। उदय महतो के कान-नाक मुंह से ब्लड निकल रहा है। जानकारी के अनुसार जीवन और मौत से जूझ रहे हैं, किसी भी समय उसकी मृत्यु हो सकती है।

## एसटीएफ की चोरी की गई गाड़ी के साथ पूर्व मंत्री रामाश्रय सहनी का बेटा गिरफ्तार

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता



दानापुर से एसटीएफ की चोरी की गयी सरकारी सूमो गाड़ी को एसटीएफ की टीम ने पश्चिम बंगाल से बरामद कर लिया है। साथ ही बिहार के समस्तीपुर जिले और भोजपुर जिले के दो अंतरराज्यीय वाहन चोरों को भी गिरफ्तार किया है। इनमें से एक पूर्व मंत्री का बेटा बताया गया है। मालूम हो कि गिरफ्तार चोरों के खिलाफ समस्तीपुर, मधुबनी, नवादा, पटना आदि जिलों के विभिन्न थानों में चोरी के कई मामले दर्ज हैं। जानकारी के मुताबिक, दानापुर में बीते शनिवार की रात वाहन चोरों ने एसटीएफ की सरकारी सूमो गाड़ी पर हाथ साफ कर दिया था। एसटीएफ की सूमो गाड़ी के चालक दिनेश ने थाने में गाड़ी चोरी होने का मामला दर्ज कराया था। वहीं, पुलिस ने मौके की छानबीन कर सीसीटीवी फुटेज खंगाला था। प्राथमिकी में चालक दिनेश ने बताया कि शनिवार की रात को अधिकारी को छोड़ने के बाद वह सरकारी सूमो गाड़ी आनंद बाजार स्थित बीएन सिंह के मकान के नीचे खड़ा कर दिया था। सुबह जब वह उठ कर गाड़ी की सफाई करने के लिए पहुंचा, तो देखा कि गाड़ी गायब थी। इसके बाद उसने एसटीएफ के अधिकारी को इसकी सूचना दी।

दानापुर थाने में दर्ज कांड संख्या 300/22 में एसटीएफ एसओजी-1 की टीम ने पश्चिम बंगाल के उत्तरी दिनाजपुर जिले के डालकोला थाना क्षेत्र से चोरी गयी सूमो गोल्ड गाड़ी को बरामद कर लिया है। साथ ही दो अंतरराज्यीय चोर गिरोह के दो सदस्यों को भी गिरफ्तार किया है। अब चोरों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। बताया जाता है कि दोनों अंतरराज्यीय गिरफ्तार चोर बिहार के ही रहनेवाले हैं। इनमें समस्तीपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत लगुनिया सूर्यकंठ पंचायत के कोरबद्धा निवासी पूर्व मंत्री (बिहार सरकार) रामाश्रय सहनी का पुत्र मुकेश सहनी और भोजपुर जिले के चांदी थाना क्षेत्र निवासी राजेंद्र शर्मा का पुत्र सुनील कुमार उर्फ सुनील शर्मा शामिल है।

### विद्युत स्पर्शाघात के शिकार युवक का उपचार जारी

**मोरवा, समस्तीपुर।** मोरवा प्रखंड क्षेत्र के ताजपुर थाना अंतर्गत सोंगर पंचायत में अपने घर का मोटर ठीक करते समय बिजली का करंट लगने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

युवक की पहचान स्थानीय मिजार्पुर वार्ड संख्या 9 निवासी धर्म सहनी के पुत्र अजय कुमार सहनी के रूप में की गई है। उक्त युवक अपने घर के निकट खेत की सिंचाई के लिए मोटर को बिजली के कनेक्शन से जोड़ रहा था। अचानक शक्तिशाली विद्युत धारा के चपेट में आ जाने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है।

स्थानीय लोगों एवं परिजनों की सहायता से उसे इलाज के लिए ताजपुर ले जाया गया। स्थिति चिंताजनक देखकर बेहतर इलाज के लिए उसे समस्तीपुर रेफर किया गया।

समस्तीपुर के निजी क्लीनिक में उसे इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। वहीं घायल युवक की स्थिति चिंताजनक बताई गई है।

## प्रशिक्षु शिक्षिका के पति के आकस्मिक निधन पर शोकसभा आयोजित

विभूतिपुर (समस्तीपुर), प्रात : किरण संवाददाता



विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय कल्याणपुर के प्रांगण में प्रशिक्षु शिक्षिका पूजा कुमारी के पति के आकस्मिक निधन पर विद्यालय में शोकसभा का आयोजन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुरेश राय, उमेश राउत, श्रीनारायण यादव, शिवनंदन कुमार, दिनेश साह, आभा किरण, उषा कुमारी, राजेश कुमार गिरी, प्रशिक्षु छात्राध्यापक बीएड, डीएलएड के धीरज कुमार, मनीष कुमार, दीपक कुमार, रवि कुमार, आलोक कुमार, कुमारी किरण शिशु माला, कंचन कुमारी, श्वेता आदि प्रशिक्षु में 2 मिनट का मौन धारण कर मृतक की आत्मा को शांति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया।

बता दें कि प्रशिक्षु शिक्षिका पूजा कुमारी आरएल महतो इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन डीएलएड की छात्राध्यापिका है। वर्तमान में वह उत्क्रमित मध्य विद्यालय कल्याणपुर में स्कूल इंटर्नशिप प्रोग्राम में आती है।

वहीं आरल महतो इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन के प्राचार्य डॉ धर्मेंद्र कुमार ने पूजा कुमारी को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। साथ ही महाविद्यालय के डायरेक्टर प्रशांत कुमार पंकज ने भी शोक संवेदना प्रकट करते हुए पूजा कुमारी को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया है।

## पायोनियर कंपनी द्वारा समृद्धि गौरव सम्मान दिवस का किया गया आयोजन



**रोसड़ा, समस्तीपुर।** कोटेवा एग्रीसाईस (पायोनियर कंपनी) के द्वारा रोसड़ा के अंतर्गत अनुमंडल के प्रखंड के किसानों की समृद्धि गौरव सम्मान दिवस के अंतर्गत किसान सम्मानित किया गया। इन किसानों को पिछले वर्ष विषम परिस्थितियों में भी अत्याधिक उपज प्राप्त कर किसानों को अच्छे बीज 27पी37 संकर धान का चयन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। मौके पर उपस्थित टीएफएमएम प्रियंका भाटिया एमडीआर अमरजीत कुमार बबलू कुमार ने किसानों को खेती के पांच सरल उपाय बताएं। जिससे किसान कम लागत में अधिक उपज प्राप्त कर सके तथा पायोनियर की 27पी37 संकर धान की विशेषताओं को बताया तथा घड़ी एवं शाल देकर सम्मानित किया गया। गोष्ठी में विक्रेता शंकर चौधरी, चंदन यादव, हीरा पंजियार, राम दिनेश महतो, विपिन राय आदि लोग उपस्थित थे।

### पिस्तौल के बल पर साईकिल रोककर की मारपीट और छिनतई

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के डीह टभका वार्ड 03 निवासी मितेश महतो के पुत्र राजा बाबू महतो ने पिस्तौल के बल पर मारपीट व छिनतई को लेकर दो नामजद शाहीन कुमार राय और सुमन कुमार राय तथा दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध थाने में लिखित आवेदन दिया है। पीड़ित ने आवेदन के माध्यम से बताया कि मैं अनुसूचित जनजाति समस्तीपुर थाना कांड संख्या 15/22 का सूचक हूं। 29 अप्रैल को मैं साइकिल से अपने मां के साथ जलालपुर से घर आ रहा था इसी क्रम में उपरोक्त चारों व्यक्ति ने पिस्तौल के बल पर रोककर जातिसूचक गाली-गलौज करते हुए थप्पड़ से मारपीट करने लगा। तथा जेब से 250 छीन लिया। वहीं मेरी मम्मी के गर्दन से सोने का चैन छिन लिया। एवं कपड़ा फाड़कर बेनग्न कर दिया। और धमकी दिया कि केस नहीं उठाओगे तो सुरधाम भेज देंगे।

## भूमि विवाद निष्पादन हेतु किया गया जनता दरबार का आयोजन



**विद्यापतिनगर, समस्तीपुर।** विद्यापतिनगर में मामूली आपसी विवाद के साथ ही भूमि विवाद से संबंधित मामलों के निष्पादन के लिए सीओ एवं थानाध्यक्ष की मौजूदगी में शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें दाखिल परिवाद की सुनवाई सीओ अजय कुमार एवं थानाध्यक्ष प्रसुनजय कुमार ने संयुक्त रूप से किया। आयोजित जनता दरबार में कुल 3 मामले में से दो मामलों का निष्पादन किया गया। सीओ ने बताया कि जनता दरबार में पहले के दो मामले थे। जबकि इस शनिवार को एक नए मामले आए। इन 3 में से दो मामले का निष्पादन हुआ। इस मौके पर आरओ वागीशा प्रियदर्शी, सीआई गोपाल गिरधारी मौजूद रहे।

### दिनेश कुमार उर्फ दिना बाबू के निधन पर श्रद्धांजलि सभा

**विभूतिपुर, समस्तीपुर।** विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत बाजितपुर बम्बैया के मूल निवासी दिनेश कुमार उर्फ दिना बाबू का निधन 28 अप्रैल को पटना के एक हास्पिटल में ईलाज के दौरान हो गया। वे समस्तीपुर जिला के जाने माने ओजपूर्ण व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे। उनके निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई। उनके निधन उपरांत बीआरएनकेएस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य गणेश प्रसाद यादव, कुमार सुबोध, परमवीर, चन्द्र वीर, रविन्द्र प्रसाद यादव, विनोद कुमार, राज कुमार, विमल कुमार आदि उनके पार्थिव शरीर पर श्रद्धांजलि अर्पित किए। वहीं अंतिम संस्कार में सिमरिया घाट जाने में कई दर्जनो लोगो ने भाग लिया।

## प्रभारी प्रधानाध्यापक के सेवा से अवकाश ग्रहण करने पर दी गई सम्मानपूर्वक विदाई

**सिंघिया, समस्तीपुर।** केजी एकेडमी सिंघिया के प्रभारी प्रधानाध्यापक सह राज्य पार्षद सदस्य बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के ब्रजमोहन सिंह के सेवा से अवकाश प्राप्ति के उपलक्ष्य में केजी एकेडमी सिंघिया के परिसर में विदाई सह-सम्मान समारोह का आयोजन डॉ दीनानाथ पटेल के संचालन से एवं राणा प्रताप प्रभारी प्रधानाध्यापक की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। विदाई सह सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ बालो



यादव, प्रोफेसर आरके ठाकुर, सिंघिया प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार शक्तिधर, प्रखंड संख्यकी पदाधिकारी पवन कुमार, रामदेव सिंह कलाकार, हनुमान झा, प्रमोद कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम में विद्यालय के सदस्यगण मधुसूदन शर्मा, अनिल कुमार, ओम नारायण महतो, डॉ चंदन मुकुंद ठाकुर, सचिन कुमार, रुकमणी रमन चौधरी, दयानाथ चौधरी, नीरज कुमार सिंह एवं विद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## लोन दिलाने के नाम पर हुई ठगी

प्रात : किरण संवाददाता, समस्तीपुर

मोरवा प्रखंड के ताजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सोंगर पंचायत के मिजार्पुर गांव में लोन दिलाने के नाम पर ठगी कर लिए जाने का मामला उजागर हुआ है। समूह चलाने वाले एक व्यक्ति के द्वारा गांव में पहुंचकर पचास हजार रुपए लोन दिलाने के नाम पर फिंगर प्रिंट मशीन से सबों का आधार नंबर, अकाउंट नंबर और फिंगरप्रिंट लेकर अकाउंट से पैसा निकाल कर फरार हो गया।

दूसरे दिन बैंक पहुंचकर अकाउंट चेक कराने पर पाया गया कि भुल्लर सहनी की पत्नी शीला देवी के अकाउंट से दस हजार सत्रह रुपए गायब हो गये। रंजन सहनी की पत्नी शीला देवी के अकाउंट से 1520 रुपए गायब पाए गए। दीपक सहनी की पत्नी रूपा देवी के अकाउंट से 4000 रुपए गायब पाए गये। बालेश्वर सहनी के पुत्र लखन साहनी के अकाउंट से 1500 रुपए एवं आजाद सहनी के अकाउंट से 2000 रुपए गायब कर दिए गए। यह जानकारी मिलते ही सब के घरों में शोक छा गया है। समाचार प्रेषण तक इस संबंध में किसी भी प्रकार की प्राथमिकी अब तक नहीं दर्ज कराई जा सकी है।

### विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड के कार्यालय के प्रांगण में पंचायत सचिव विमलेश पाठक के अवकाश प्राप्ति के अवसर पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पूर्व जिला परिषद सदस्य कृष्ण प्रसाद सिंह ने किया। मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीडीओ धीरज कुमार ने उनके द्वारा किए गए कार्य तथा उनके विचार एवं व्यवहार पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्हें चादर, पाग, माला, जूता, छाता, गीता आदि देकर सम्मानित करते हुए सम्मान पूर्वक विदाई की। मौके पर सीओ अशोक कुमार यादव, आरओ मधुसूदन चौरसिया, रामबालक निराला, दिनेश राय, पूर्व मुखिया अशोक कुमार, सुधांशु कुमार सहित एवं प्रखंड मुख्यालय के सभी कार्यरत कर्मी भाग लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### आठ वर्षीय ईशान ने रोजा रख मुल्क को कोरोना से मुक्ति की मांगी दुआ



कुढनी। छितरौली के पूर्व मुखिया अंजुम सिद्दकी के आठ वर्षीय पुत्र ईशान रहमत सिद्धकी ने चल रहे रमजान पर शुक्रवार को रोजा रख बिहार व सम्पूर्ण भारत मे कोरोना संक्रमण से अपने मुल्क से निजात दिलाने के लिए रोजा रख अल्हा से दुआ मांगी है। पिता सह अधिवक्ता रहमते आलम रंगीले ने बताया ईशान ने तरावीह की नामज के साथ जुमअतुल विदा की नमाज अदा किया और अल्लाह ताला से दुआ किया है की अल्लाह मुल्क में अम्नो अमान और भाईचारे का माहौल बना रहे और कोरोना महामारी से सभी को महफूज रखें।

### समाधान दिवस पर बथवरिया मे किया गया दो मामलों का निष्पादन

बगहा। बगहा पुलिस जिला के बथवरिया थाना परिसर में शनिवार को समाधान दिवस पर वर्षो से विवादित दो भूमि संबंधित मामलों का सुनवाई करते हुए निष्पादन पुलिस पदाधिकारियों व अंचल कर्मियों ने किया। बथवरिया थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस पर दो मामलों की सुनवाई करते हुए निष्पादन किया गया। तथा दो मामलों की सुनवाई करते हुए नोटिस जारी की गई। राजस्व कर्मचारी ललितेश्वर शर्मा व बथवरिया थानाध्यक्ष संजय कुमार यादव ने संयुक्त रूप से बताया कि जिलाधिकारी प चम्पारण के आदेश के आलोक में प्रत्येक शनिवार को समाधान दिवस के अवसर पर भूमि संबंधित मामलों की सुनवाई करते हुए निष्पादन किया जाता है। इस दौरान आधा दर्जन फरियादी अपनी अपनी भूमि से संबंधित मामले लेकर समाधान दिवस पर थाना परिसर में शामिल रहे।

### बगहा के चौतरवा मे ईद त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

बगहा। बगहा पुलिस जिला के चौतरवा थाना परिसर में शनिवार को ईद त्योहार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए शांति समिति की बैठक संपन्न की गई। बैठक में दर्जनों की संख्या में जनप्रतिनिधि , समाजसेवी व गणमान्य लोग शामिल रहे। बैठक की अध्यक्षता चौतरवा थानाध्यक्ष सुरेश कुमार यादव ने की। बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष ने कहा कि ईद त्योहार आपसी प्रेम सदभाव व भाईचारे का प्रतिक है। उन्होंने शांति पूर्ण माहौल में मनाने की अपील लोगों से की। कहा कि सभी धर्म व समुदाय के लोग आपसी सौहार्दपूर्ण माहौल मे त्यौहार मिल जुलकर मनावे। वही दुसरी तरफ भितहा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न की गई। बैठक की अध्यक्षता भितहा थानाध्यक्ष शाहिद अनवर अंसारी ने की। जबकि बैठक के मुख्य अतिथि अंचलाधिकारी भितहा अबु अफसर रहे। पदाधिकारियों ने ईद त्योहार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने की अपील लोगों से किया।

### ईद पर्व को लेकर हुई शांति समीति की बैठक

भितहा। शनिवार को बगहां पुलिस जिले के भितहा थाना परिसर में थानाध्यक्ष शाहिद अनवर अंसारी की अध्यक्षता में एवं अंचलाधिकारी अबु अफसर की उपस्थिति में ईद पर्व को लेकर शान्ति समिति कि बैठक की गई। जिसमें थानाध्यक्ष द्वारा सबसे पहले उपस्थित लोगों से ईद पर्व को लेकर थाना क्षेत्र में पड़ने वाले विभिन्न ईदगाहों एवं मस्जिदों की वस्तु स्थिति की जानकारी लेते हुए कहा गया कि कहीं भी किसी तरह की समस्या हो तो हमें अवगत करायें।

# वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पीएम मित्र पार्क स्थल का लिया गया जायजा

## केन्द्रीय दल द्वारा चनपटिया स्टार्टअप जोन का भी किया गया भ्रमण

बेतिया, प्रात: किरण संवाददाता



विजय कुमार सिंह, अपर सचिव, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के नेतृत्व में एक केन्द्रीय दल द्वारा पीएम मित्र पार्क स्थल का जायजा लिया गया। केन्द्रीय दल में श्री मनोज सिन्हा, उप सचिव एवं महेश्वर चौधरी, उप निदेशक, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार शामिल रहे। इस दरम्यान उद्योग विभाग, बिहार के कई वरीय अधिकारी सहित जिलाधिकारी, पश्चिम चम्पारण, कुंदन कुमार, उप विकास आयुक्त, अनिल कुमार आदि उपस्थित रहे।

पीएम मित्र पार्क स्थल का जायजा लेने के उपरांत केन्द्रीय दल द्वारा संतोष व्यक्त किया गया। उन्होंने कहा कि इतने कम समय में इतना बड़ा भू-भाग चिन्हित करना बेहतर कार्यशैली का परिचायक है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की टीम द्वारा अच्छा प्रदर्शन किया गया है। इसी क्रम में केन्द्रीय दल द्वारा चनपटिया स्टार्टअप जोन का भी जायजा लिया गया। इस दौरान स्टार्टअप जोन में संचालित सभी उद्यमों का बारी-बारी से निरीक्षण किया गया तथा उद्यमियों, अधिकारियों से जानकारी ली गयी। स्टार्टअप जोन भ्रमण के उपरांत केन्द्रीय दल द्वारा प्रसन्नता जाहिर की गयी और जिला प्रशासन को उत्कृष्ट कार्य हेतु हौसलाआफजाई की गयी तथा शुभकामनाएं दी गयी। केंद्रीय दल का नेतृत्व कर रहे विजय कुमार सिंह ने कहा कि पश्चिम चम्पारण जिला महात्मा गांधीजी की कर्मभूमि रही है। यह प्रयोगों की भूमि रही है। इसी बानगी को आगे बढ़ाते हुए जिला प्रशासन द्वारा स्टार्टअप जोन को फंक्शनल कराया गया है। साथ ही पीएम मित्र पार्क निर्माण हेतु भी प्रयास किया जा रहा है।

इसके पूर्व स्थानीय परिसदन में जिलाधिकारी, पश्चिम चम्पारण द्वारा पॉवर प्रजेंटेशन के माध्यम से चनपटिया स्टार्टअप जोन एवं पीएम मित्र पार्क स्थल से संबंधित विस्तृत जानकारी केन्द्रीय दल को दी गयी। ज्ञातव्य हो कि पश्चिम चम्पारण जिले में एक हजार एकड़ क्षेत्र में पीएम मित्र पार्क (पीएम मेगा इण्टीग्रेटेड टेक्टसाईल रिजन एण्ड एपरील पार्क) का निर्माण किया जाना है। पीएम मित्र पार्क निर्माण हेतु जिला प्रशासन द्वारा 1719 एकड़ भूमि को चिन्हित करते हुए राज्य सरकार के माध्यम से केन्द्र सरकार को भेजा गया था। इसी के फलस्वरूप केन्द्रीय दल द्वारा आज पीएम मित्र पार्क स्थल एवं स्टार्टअप जोन का जायजा लिया गया है। पीएम मित्र पार्क का निर्माण हो जाने के उपरांत रोजगार सृजन को बल मिलेगा। स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध हो सकेगा। साथ ही जिले की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। पीएम मेगा इण्टीग्रेटेड टेक्टसाईल रिजन एण्ड एपरील पार्क स्कीम के तहत पुरे देश में 07 टेक्स्टाईल मेगा पार्क के निर्माण की कार्ययोजना है। वर्तमान बजट सत्र में इसके लिए कुल 4445 करोड़ रूपए का प्रावधान भी किया गया है। इसके तहत लेटेस्ट टेक्नोलॉजी की मशीने अधिष्ठापित कराई जाएंगी। इसके क्रियान्वयन के लिए एस.पी.वी. (स्पेशल परपस वेहिकल) का गठन कराया जाएगा। पीएम मित्र पार्क अंतर्गत डेवलेपमेंट कैपिटल सपोर्ट भी पार्क के एसवीपी को उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि त्वरित गति से क्रियान्वयन हो सके। डीसीएस का उपयोग आंतरिक संसाधनों के सुदृढ़ीकरण, पावर डिस्ट्रीब्यूशन, वाटर वेस्ट प्रबंधन, प्लग एण्ड प्ले मोड में आधारभूत संरचना, टेक्स्टाईल डिजाईन के लिए भी किया जाएगा। इसके अतिरिक्त पार्क में इनक्यूबेशन सेन्टर भी बनाया जाएगा, ताकि नए उद्यमियों को बेहतर तरीके से प्रशिक्षित किया जा सके। साथ ही अन्य संसाधन भी उपलब्ध कराया जाएगा। पीएम मित्र पार्क एक अत्यंत ही महत्त्वाकांक्षी योजना है। जिले में स्टार्टअप जोन की सफलता के कारण पश्चिम चम्पारण जिले में टेक्स्टाईल एण्ड एपरील क्षेत्र में असीम संभावनाओं को देखते हुए पश्चिम चम्पारण जिले में टेक्स्टाईल मेगा पार्क के निर्माण हेतु विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। पश्चिम चम्पारण जिले के सर्वांगीण विकास में यह एक महत्त्वपूर्ण कदम है।

**प्रयास**
- पीएम मित्र पार्क स्कीम के तहत जिले में टेक्सटाइल मेगा पार्क के निर्माण हेतु किया जा रहा प्रयास

# पटना के 'युगांतर' की ओर से मेडिकल कॉलेज को सभापति गरिमा ने सौंपें 10 ऑक्सीजन सिलिंडर

बेतिया, प्रात: किरण संवाददाता



पटना मुख्यालय वाले और पूरे बिहार में कार्यरत राज्य के प्रतिनिधि स्वयंसेवी संगठन 'युगांतर' के द्वारा गॉवरमेंट मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को 10 ऑक्सीजन सिलिंडर निःशुल्क उपलब्ध कराए गए। शुक्रवार को देर शाम सम्पन्न युगांतर की ओर से सम्पन्न समारोह की मुख्य अतिथि नगर निगम की निवर्त्तमान सभापति गरिमा देवी सिकारिया रहीं। उन्हीं माध्यम से सौंपे गए 10 मेडिकल ऑक्सीजन सिलिंडरों को कॉलेज के अधीक्षक डॉ प्रमोद कुमार तिवारी ने इसको मेडिकल कॉलेज की जरूरत के अनुकूल बताया।

इसके उपयोग में महिलाओं को प्राथमिकता देने और इसकी उपलब्धता गरिमा सिकारिया के हाथों होने का भी डॉ. तिवारी ने पुरजोर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि नगर निगम की निवर्त्तमान सभापति श्रीमती सिकारिया महिला सशक्तिकरण और कर्मठता की उम्दा उदाहरण हैं। इस कार्यक्रम की मनोनीत मुख्य अतिथि गरिमा देवी सिकारिया ने युगांतर और उसकी टीम का स्वागत किया। वही मुख्य अतिथि गरिमा देवी सिकारिया ने खुद को महिला सशक्तिकरण का प्रतीक बताने का आभार जताया इसके साथ ही कहा आप सब डॉक्टर भगवान के प्रतिरूप कहे जाते हैं। आज इसका एक उदाहरण मैं स्वयं भी हूं। आप सबकी ही मदद से जानलेवा दुर्घटना की शिकार होने के बाद तीन माह के इलाज के बाद मैं फिर पहले की तरह स्वस्थ और मजबूत हूं। उन्होंने यह भी कहा कि कहने को आधी आबादी कही जाने वाली हम महिलाओं की तादात हकीकत में आधी से कम हैं। शक्ति का स्वरूप मानी जाने वाली हम में से 90 फीसदी महिलाओं की पारिवारिक और सामाजिक निर्णय भागीदारी नहीं के बराबर है। पटना के इस गैर सरकारी स्वयंसेवी संगठन 'युगांतर' के द्वारा महिलाओं को सशक्त करने का अभियान स्वागत और समर्थन योग्य है। बिहार के इस प्रतिनिधि स्वयंसेवी संगठन की ओर से आज हमारे गॉवरमेंट मेडिकल कॉलेज को बड़ी तादात ऑक्सीजन सिलिंडर उपलब्ध कराने की यह पहल उत्तम है। मुझे उम्मीद और विश्वास है कि मेडिकल कॉलेज प्रशासन युगांतर द्वारा उपलब्ध कराए गए ऑक्सीजन सिलिंडरों का बेहतर उपयोग करेगा। इस मौके पर मौजूद संस्था के प्रोग्राम मैनेजर पंकज किशोर ने कहा कि हमारी ओर से मेडिकल कॉलेज को 10 के अलावें बेतिया व मझौलिया पीएचसी को भी सात अर्थात पश्चिम चंपारण में कुल 17 ऑक्सीजन सिलिंडरों को उपलब्ध कराया जा रहा है। मेडिकल कॉलेज अधीक्षक डॉ प्रमोद तिवारी सहित सभी पदाधिकारीगण से हमारी प्रार्थना है कि हमारे संस्थान से प्राप्त ऑक्सीजन सिलिंडरों का उपयोग बीमार महिलाओं के इलाज में प्राथमिकता के आधार पर की जाय।

**कार्यक्रम**
- संगठन के वितरण कार्यक्रम में चिफगेस्ट रहीं नगर निगम की निवर्त्तमान सभापति गरिमा

# ईद पर्व को ध्यान मे रखते हुए थाना मे की गई शांती समिती की बैठक



पिपरासी, प्रात: किरण संवाददाता

प्रखंड के पिपरासी थाना परिसर मे प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमुद कुमार की अध्यक्षता मे ईद पर्व को ध्यान मे रखते हुए की गई शांती समिती की बैठ। मौके पर उपस्थित पिपरासी थाना के एस आई विनोद कुमार शर्मा, पिपरासी पंचायत के मुखिया राजकुमार सहनी, पिपरासी पंचायत के सरपंच दिनेश्वर तिवारी, मुन्नालाल-सरपंच सेमरा लबेदहां, राजेश साह उप मुखिया मुराडिह, जोखू बैठा मुखिया मूराडीह, चंद्रिका गुप्ता मुखिया मंझरिया, सहित अन्य गण्यमान्य व्यक्ती। प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री कुमार ने बताया कि ईद पर्व जो मुस्लिम भाईयों का सबसे महत्वपूर्ण पर्व है को आपसी भाई चार और शांती पूर्ण ढंग से मनाए। किसी भी तरह के असमाजिक तत्व को देखते हुए अविलंब थाना को सूचित करे। आप प्रशासन का सहयोग करे प्रशासन सदैव आपकी सेवा मे है। वही दुसरी तरफ सी०ओ०द्वारा पिपरासी थाना मे जनता दरबार लगकर पांच वादो मे से एक वादा का हुआ।

# फ्रंट के सम्मेलन की सफलता के लिए जिले में चल रही तैयारी की हुई समीक्षा

मुजफ्फरपुर, प्रात: किरण संवाददाता

आगामी 8 मई को पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में भूमिहार ब्राह्मण समाजिक फ्रंट के द्वारा आहूत प्रतिनिधि सम्मेलन की सफलता के लिए जिले में चल रही तैयारी की समीक्षा की गई।

स्थानीय चक्कर मैदान स्थित पूर्व मंत्री सुरेश शर्मा के आवास पर संपन्न हुए फ्रंट के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक में प्रखंड वार समीक्षा हुई। समीक्षा के उपरांत निर्णय लिया गया कि जिले के सभी 16 प्रखंड एवं मुजफ्फरपुर महानगर से तीन हजार प्रतिनिधि पाँच सौ गाड़ियों के साथ उक्त सम्मेलन में सम्मेलन में शिरकत करेंगे। इसके लिए फ्रंट की ओर से प्रखंड वार प्रभारी नियुक्त किया गया। साथ ही प्रचार प्रसार के लिए मुजफ्फरपुर शहर एवं ग्रामीण इलाकों में 100 से अधिक होडिंग लगाने का भी निर्णय हुआ। इस मौके पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री सुरेश शर्मा ने कहा की इस सम्मेलन को ऐतिहासिक सम्मेलन बनाना है इसके लिए कार्यकर्ता अभी से लगे। वही पूर्व मंत्री अजीत कुमार ने कहा कि पटना का यह सम्मेलन संगठन के लिए कई मायने में महत्वपूर्ण है। इसलिए हम सब पूरी मुस्तैदी से अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे एवं सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाएंगे। बैठक की अध्यक्षता फ्रंट के जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने किया। मौके पर बैठक को फ्रंट के प्रदेश महासचिव धर्मवीर शुक्ला, शिवेशवर शर्मा, लक्ष्मी नारायण सिंह, रणधीर कुमार सिंह, शांतनु सत्यम तिवारी, अंकेश ओझा, कादंबिनी ठाकुर, दिव्यांशु सौरभ, महानगर युवा अध्यक्ष सम्राट कुमार, संजय सिंह फौजी, श्याम जी, सुनील शर्मा, मुखिया विजय कुमार सिंह, दीपक कुमार ने अपना अपना विचार रखते हुए सम्मेलन को हर हालत में सफल एवं ऐतिहासिक बनाने का अपना संकल्प दोहराया।



- प्रचार-प्रसार के लिए शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सौ होडिंग लगाने का हुआ निर्णय

# थानाध्यक्ष के वेतन पर रोक लगाने हेतु कोर्ट ने दिया निर्देश

औरंगाबाद, प्रात: किरण संवाददाता



शनिवार को व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडिजे एगारह अनिन्दिता सिंह ने खुदवा थाना कांड संख्या 62/21 के नियमित जमानत याचिका 345/22 में सुनवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक को यह निर्देश दिया हैं कि अपने स्तर से खुदवा थानाध्यक्ष के वेतन पर तत्काल रोक लगा कर न्यायालय के आदेश के अनुपालन सुनिश्चित करें। इसकी सूचना अविलंबन्यायालय को भी दे।

अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि इस नियमित जमानत याचिका पर न्यायालय ने 11/04/22 को पूरक कांड दैनिकी प्रस्तुत करने का आदेश दिया था। 19/04/22 को स्मार पत्र निर्गत किया था। 23/04/22 को आदेश के अवमानना देखते हुए थानाप्रभारी को न्यायालय से शोकोज किया गया था कि सदेह उपस्थित होकर आदेश के अवहेलना पर जवाब दे। परन्तु आज तक न्यायालय में न पूरक कांड दैनिकी प्रस्तुत किया गया और न ही विलम्ब के कारण से न्यायालय को अवगत कराया गया। जिसके कारण उक्त जमानत याचिका न्यायालय में लंबित है। जो धारा 147/149/302 से सम्बंधित हैं। आज न्यायालय को विवश होकर पुलिस अधीक्षक को यह आदेश देना पड़ा कि आप विभागीय कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी खुदवा के वेतन पर तत्काल रोक लगाये।

# औरंगाबाद में सीएनजी बैक्सी ऑटो एजेंसी का हुआ उद्घाटन



औरंगाबाद , प्रात: किरण संवाददाता

बड़े बड़े महानगरों में ही पेट्रोल डीजल के बजाय सीएनजी गैस से चलने वाली वाहनों का नाम सुने या देखे होंगे। मगर अब आपके शहर औरंगाबाद में ही बाईपास से महज कुछ दूरी पर डेहरी - आन - सोन की तरफ जाने वाली मुख्य मार्ग यानी कि नेशनल हाइवे 02 पर स्थित है।

बैकसी कंपनी का गुरुवार को एक ऐसा टेंपु एजेंसी खोल दिया गया है। जहां आप लोगों को सिर्फ सीएनजी गैस भरवाकर ही चलाने वाली टेंपु मिलेगी। इस संबंध में मदनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाली पेमा गांव निवासी एजेंसी मालिक जितेंद्र नारायण सिंह के मुताबिक ही वर्तमान कीमत आन दी रोड 03 लाख 35 हजार रुपया पड़ रहा है।

खर्च के मामले में भी पेट्रोल डीजल से काफी कम खर्च पड़ती है। माइलेज के दृष्टिकोण से भी सीएनजी टेंपू 40 किलोमीटर के हिसाब से है। एजेंसी मालिक ने बातचीत के क्रम में जानकारी देते हुए बताया कि सिर्फ बैकसी कंपनी का थ्री व्हीलर छोड़कर बाकी और किसी भी कंपनी के थ्री व्हीलर खरीदने पर ग्राहकों को तीन महीने तक वायरिंग निःशुल्क की सुविधा नहीं मिलती है। मगर हमारे यहां से यदि कोई भी ग्राहक बैकसी कंपनी का थ्री व्हीलर खरीदता है तो उनको रास्ते में भी कही वायरिंग खराब हो जाता है। तब हम लोगों को जानकारी प्राप्त होने के बाद कंपनी का वायरिंग मैकेनिक उक्त स्थान पर जाकर निःशुल्क सर्विस देगा। बैकसी सीएनजी टेंपू का वारंटी भी तीन साल का है। वर्तमान में यहां कोई भी थ्री व्हीलर (टेंपु) एक्सचेंज करने की भी सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावे हमारे यहां से प्रत्येक गाड़ी खरीदने पर एक एलसीडी भी निःशुल्क दिया जा रहा है। थ्री व्हीलर एजेंसी का उदघाटन रफीगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व निर्दलीय प्रत्याशी सह समाजसेवी प्रमोद कुमार सिंह ने किया। जिन्होंने परंपरानुसार विधिवत पूजा पाठ संपन्न होने के बाद सामुहिक रूप से फीता काट कर बैक्सी थ्री व्हीलर एजेंसी का उदघाटन किया।

### भैंस ने चरवाहे को घसीटकर मार डाला

**कुढनी।** स्थानीय थाना क्षेत्र में एक अविश्वनीय व अकल्पनीय घटना घट गई। जहां शुकवार की सोनबरसा गढ़ गांव में एक भैंस चरा रहे किशोर की मौत हो गई, बताया गया की स्थानीय निवासी जयनंदन सिंह के 15वर्षीय पुत्र रोहन कुमार अपनी भैंस को लेकर बनचरई चौड़ में भैंस चरा रहा था। इसी क्रम में खिसियाई भैंस ने कूदते फनते हुए तेजी से भागने लगा भागने के क्रम में उसके गर्दन में बंधा रस्सी रोहन के दोनो हाथ में पूरी तरह जकड़ गया था। बाबजूद भैंस अपनी दिशा में भागता रहा वही रोहन उसके साथ एक किलोमीटर तक घसीटटता रहा। एक किलोमिटर भैंस के साथ घसीटने के क्रम में सामने आई लोहार गाछी के समीप पुलिया में उसका सिर उससे जा टकराया। इससे उसकी दर्दनाक मौत मौके पर ही हो गई। पास खड़े मजदूर की नजर पड़ते ही शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर मचाने पर ग्रामीणों ने खिसियाई भैंस को चारो तरफ से घेर लिया। भैंस के रस्सी से दोनो हांथ जकड़ा रोहन की मौत हो चुकी थी। जिससे देख परिजनो में कोहराम मच गया। माता रूणा देवी अपने पुत्र का मृत शरीर देख बेसुध हो गई।

# बाबा साहब अंबेडकर व ज्योतिबा फुले के विचारों को अपनाएं: डॉ अमरनाथ

औरंगाबाद, प्रात: किरण संवाददाता



स्थानीय मिलन रेस्टोरेंट सभागार में बुद्धा चैरिटी फाउंडेशन के तत्वाधान में संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर व ज्योतिबा फुले की जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बीएचयू के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अमरनाथ पासवान, दलित इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के ईस्ट इंडिया वाइस प्रेसिडेंट दिनेश पासवान, पूर्व डीआईजी राजेंद्र राम, कार्यपालक अभियंता विनय चंचल, तथा बुद्धा चैरिटी फाउंडेशन के संस्थापक संजय पासवान के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उपस्थित अतिथियों ने बाबासाहेब और ज्योतिबा फुले की तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। डॉ अमरनाथ पासवान ने कहा कि आज हमें बाबा साहब भीमराव अंबेडकर एवं ज्योतिबा फुले की एवं विचारों को समझने की जरूरत है, हम सभी लोगों को उनके विचारों को अपनाएं, हमें इन दोनों महापुरुषों की जीवनी से सीख लेने की जरूरत है। इंजीनियर विनय चंचल ने कहा कि बाबासाहेब ने जो संविधान में अधिकार दिए आज उन अधिकारों को सत्ता में बैठे लोग चाहते हैं कि आज देश बाबासाहेब के संविधान से नहीं बल्कि उनके विचारों से चले। उपस्थित अतिथियों ने अपने अपने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय के बच्चे द्वारा स्वागत गान गाया गया, साथ ही भारतीय संविधान की प्रस्तावना पढ़ी गई। अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र एवं बुके प्रदान कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संजय पासवान तथा संचालन शशि कुमार एवं लल्लू चौधरी ने किया। तथा धन्यवाद ज्ञापन अरूण रावत ने किया। इस मौके पर पूर्व डीआईजी राजेंद्र राम, , शशि कुमार अरुण कुमार रावत, वीर वसंतलाल, शिव शंकर प्रसाद , कुलेंद्र राम, डॉ रवि दीपू कुमार दीपू शंकर चौधरी, कश्मीर पासवान, डॉक्टर गंगासागर सिंह सुहेल अहमद अनिल पटेल सुम्रित्रा देवी, शान्ति देवी, खुशबू, सुनीता देवी, सहित काफी संख्या में स्त्री पुरुष उपस्थित थे।

# ओबरा सब्जी मंडी में लगी भीषण आग, 40 दुकानें जलकर हुई राख

औरंगाबाद, प्रात: किरण संवाददाता

एक और जहां गर्मी सितम ढा रही है वही अगलगी की होती घटनाओं से लोगों में भय व्याप्त है। आए दिन जिले में कहीं ना कहीं अगलगी की घटना घट रही है अगली घटनाओं का सही कारण निष्कर्ष तक भी नहीं पहुंच रही है। वहीं दूसरी घटना मुंह बाए खड़ी हो जा रही है।

इसी के क्रम मेंओबरा सब्जी मंडी में शुक्रवार-शनिवार की रात्रि करीब 2:00 बजे आग लगने से 40 दुकानें जलकर राख हो गई। आग इतनी भीषण थी कि ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगी व देखते ही देखते आग का दायरा बढ़ गया और आस-पास की 40 दुकानों को अपने चपेट में ले लिया। घटना के संबंध में कई तरह की बातें सामने आ रही है। हालांकि आग कैसे लगी इसकी जानकारी नहीं हो सकी है। अगलगी के कारण सब्जी मंडी के आसपास दहशत का माहौल कायम हो गए। अगलगी की सूचना जैसे ही ओबरा थाना को मिली थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी अपने दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुँचे। वही स्थानीय लोग व दुकानदारों के सहयोग से आग पर काबू पाने की पूरी कोशिश की पर सारा प्रयास विफल साबित हुआ।

अभाविप नेता पुष्कर अग्रवाल ने बताया कि अगलगी की घटना पर काबू पाने के लिए डीएम एसपी सहित संबंधित अधिकारियों को दमकल की गाड़ियों के लिए सूचित किया गया। सूचना के बाद चारों तरफ से पहुंची दमकल की गाड़ियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।



- लगातार बढ़ती तापमान भी हो सकता है इसका एक कारण

### इगलिसिया पंचायत के ऑगनबाड़ी केंद्र संख्या 274 पर सेविका बहाली संपन्न

**बगहा।** बगहा अनुमंडल अंतर्गत बगहा एक प्रखंड के इगलिसिया पंचायत के ऑगनबाडी केन्द्र संख्या 274 मे जैनी टोला गांव के उर्मिला कुमारी का चयन शुक्रवार को आम सभा के माध्यम से पंचायत भवन इगलिसिया मे संपन्न की गई। वही दुसरी तरफ चन्द्रहा रुपवलिया पंचायत के वार्ड नं 9 मे कागजात की त्रुटि होने के कारण आम सभा स्थगित कर दी गई। राजस्व अधिकारी बगहा एक कौशिकी चौबे ने बताया कि आम सभा मे कागजातों की सत्यापन के क्रम में जन्म तिथि मे त्रुटि पाई गई। जिसको लेकर बहाली स्थगित कर दी गई। वही वार्ड नं 16 मे पर्यवेक्षक के नही आने से महिला पर्यवेक्षिका ने सभा स्थगित कर दिया। इस अवसर पर इगलिसिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राजेश राव, मुन्ना शाही समेत दर्जनों की संख्या में लोग शामिल रहे।

# नीतीश सरकार के अधिकारियों में कमीशनखोरी तय करने को लेकर विकास कार्य बाधित:माले

बैरिया, प्रात: किरण संवाददाता




भाजपा-जदयू की नीतीश सरकार में अधिकारियों के मनमानी व कमीशनखोरी ने विकास कार्यों में बड़ी बाधा पहुंचा रहा है। कमीशनखोरी तय करने के चक्कर में विकास कार्य बाधित है। सरकार इसपर रोक लगाए नहीं तो भाकपा माले जनप्रतिनिधियों के साथ खड़े हो कर आंदोलन करेगा।

उक्त बातें भाकपा माले नेता सुनील कुमार राव ने कहा कि सरकार ने प्रखंडों में एक नया पद पंचायती राज पदाधिकारियों का सृजन किया है। इसको लेकर प्रखंडों में विकास कार्यों में कमीशन तय करने को लेकर अधिकारियों में शीत युद्ध चल रहा है और जनप्रतिनिधियों पर 30 प्रतिशत कमीशन के लिए दबाव डाला जा रहा है। जिससे विकास कार्य बाधित हो गया है। लेकिन क्षेत्र से आने वाले विधायक नारायण साह सरकार में मंत्री है किन्तु वे चुप है। सरकार कमीशनखोरी बंद करें नहीं तो होगा बड़ा आंदोलन। माले नेता सह मुखिया संघ के प्रवक्ता नवीन कुमार ने कहा कि डी डी सी ने एक माह पहले मनरेगा से कार्य शुरू कराने को कहा। शहीद भगत सिंह खेल मैदान मिट्टी से भरवाना है लेकिन मनरेगा पी ओ अब तक योजनाओं को लटकाए हुए है। भाकपा माले के अंचल सचिव सुरेन्द्र चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में प्रखंड में झोंपड़ी में रहने वाले करीब 900 लोगों का नाम सूची से बाहर कर दिया गया है। सूची से बाहर लोगों का नाम जोड़ने में बी डी ओ दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं। गरीब लोग नाम जोड़ने को लेकर लोग दौड़ लगा रहे है। माले नेता जोखू चौधरी ने कहा दाखिल खारिज में जो कमीशन नही दे रहा है उसका दाखिल खारिज हो रहा है जो नहीं दे रहा है उसका नहीं हो रहा है। कार्यक्रम में माले नेता ठाकुर साह, सुरेन्द्र साह, वार्ड सदस्यों धामू चौधरी, सूरज ठाकुर, रवी जी, छोटे मुखिया, रमेश पटेल आदि ने भाग लिया।

**आंदोलन**
- डीडीसी के आदेश को भी नहीं मानते प्रखंड के अधिकारी

# भूमि संरक्षण का संकट

पर्यावरण वैज्ञानिकों के सामने इस वक्त एक बड़ी चिंता आर्द्रभूमि (वेटलैंड) के संरक्षण को लेकर उभरी है। धरती के पर्यावरण में नम या आर्द्र भूमि की अहमियत वैसे ही है जैसे शरीर में गुर्दे की। नम भूमि ही धरती के भीतर मीठे पानी के पारिस्थितिक तंत्र को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आर्द्रभूमि जैव विविधता से लेकर मीठे पानी के जलाशयों, कार्बन अवशोषण और आजीविका का भी बड़ा स्रोत मानी जाती है। ऐसे में यदि आर्द्र भूमि खत्म होती जाएगी तो धरती पर नए तरह का संकट खड़ा हो जाएगा। भारत में आर्द्रभूमि देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 4.7 फीसद है। जाहिर है, यह काफी कम है और इसलिए इसका संरक्षण कहीं ज्यादा जरूरी हो गया है। वैसे दुनियाभर में आर्द्रभूमि पर संकट गहराता जा रहा है। इसलिए इसे बचाने के लिए पहली बार दो फरवरी 1971 को ईरान के रामसर शहर में वैश्विक सम्मेलन बुलाया गया था और दुनियाभर में फैली आर्द्रभूमि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दी गई थी। अंतरराष्ट्रीय महत्व की लगभग 2400 आर्द्रभूमियों में से 47 भारत में हैं और उन्हें रामसर स्थल कहा जाता है। ये विश्व स्तर पर प्रमुख संरक्षित स्थलों में से हैं। ईस्ट कोलकाता आर्द्रभूमि, पश्चिम बंगाल के कोलकाता शहर के पूर्व में स्थित प्राकृतिक और मानव निर्मित आर्द्र भूमि का एक बड़ा परिसर है जो 125 वर्ग किलोमीटर में फैला है। यहां कृषि क्षेत्र, सीवेज फार्म और कई तालाब हैं। तेजी से हो रहे शहरीकरण और भूमि उपयोग में बदलाव के कारण आर्द्र भूमि का लगातार क्षरण हो रहा है। सिर्फ पिछले एक दशक में हम लगभग 30 फीसद भूमि खो चुके है। आर्द्रभूमि के संरक्षण के लिए भारत में कोई मजबूत नियामक ढांचा नहीं है। इस समस्या को अभी भी अलग-थलग करके देखा जा रहा है। जल संसाधन प्रबंधन और विकास योजनाओं में शायद ही इसका उल्लेख किया जाता है। ऐसे संवेदनशील पारिस्थितिक तंत्रों के प्रबंधन की प्राथमिक जिम्मेदारी पर्यावरण और वन मंत्रालय के हाथों में है। हालांकि भारत रामसर सम्मेलन और जैविक विविधता के सम्मेलन दोनों का हस्ताक्षरकर्ता है, लेकिन हैरानी की बात यह कि आर्द्रभूमि के संरक्षण के लिए कोई स्पष्ट नियामक ढांचा नहीं है। मानसून के समय जल-प्रसार का मापन कर उसे राजस्व रिकार्ड में दर्ज कर देना चाहिए। मानसून के बाद से ग्रीष्म काल तक आर्द्रभूमि के जल प्रसार क्षेत्र में उल्लेखनीय कमी पाई जाती है जिसका फायदा उठा कर लोग अतिक्रमण करते हैं। मानसून के बाद फैले जल का परिसीमन करके भू-राजस्व अभिलेखों को ठीक से बनाए रखा जाना चाहिए। तालाबों, झीलों और आर्द्र भूमि के पुनरुद्धार के लिए कार्य योजना का निर्माण वैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित होना चाहिए, न कि तदर्थ उपायों पर। सिंचाई की बेहतर तकनीकों को अपना कर भूजल पर दबाव कम किया जा सकता है। इसके अलावा किसानों को मोटा अनाज उगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है, जिसमें बहुत अधिक पानी की आवश्यकता नहीं होती है। पर्यावरण संरक्षण और प्रबंधन के लिए एक समग्र वैज्ञानिक, तकनीकी और सामाजिक-आर्थिक दृष्टिकोण की जरूरत होती है। इसमें जनभागीदारी और सहयोग जरूरी है। कई मामलों में स्थानीय समुदायों की उपेक्षा भी ऐसे संकट को बढ़ाती है। आर्द्र भूमि के तट पर रहने वाले समुदाय स्थानीय संसाधनों का उपयोग करते हैं क्योंकि अपनी रोजमर्रा की जरूरतों के लिए वे पारिस्थितिक तंत्रों पर ही निर्भर हैं। ऐसे में पारिस्थितिकी तंत्र का प्रभावी प्रबंधन एक बड़ी चुनौती बन गया है।

# मौजूदा दौर में मजदूर दिवस

बादल सरोज

1886 की एक मई को शुरू हुई अमरीकी मजदूरों की राष्ट्रीय हड़ताल के दौरान चार मई को शिकागो के ह्वहे मार्केटह्व के चौराहे पर काम का समय 8 घंटे किए जाने की मांग को लेकर हुई मजदूरों की रैली, उसके साथ हुए दमन और साजिशन उनके नेताओं को फांसी चढ़वा देने की घटनाओं ने मजदूरों के अंतरराष्ट्रीय दिन ह्वमजदूर दिवसह्व को जन्म दिया था। एक मई दुनिया की ऐसी अकेली तारीख है जो पूरी दुनिया को जोड़ती है, सारे राष्ट्रों और उनकी राष्ट्रीयताओं के ऊपर जाकर उन्हें एक साझी दुनिया के रूप में एकाकार करती है। मई दिवस दुनिया का एकमात्र दिन है जिसे सारी मानवता त्योहार की तरह मनाती है। इस दिन सभी महाद्वीपों में, दुनिया की हर भाषा, हर बोली में लगभग एक जैसे नारे लगते हैं। दुनिया भर में मई दिवस मनाए जाने की शुरूआत 1889 से हुई थी। इस तरह महज 133 साल में मई दिवस का यह दर्जा हासिल कर लेना मानव इतिहास की अनोखी मिसाल है। कोई भी दिन, विशेषकर मजदूरों से जुड़ा दिन सहज ही इतना लोकप्रिय नहीं होता। सच कितना भी खुल्लमखुल्ला और प्रमाणित क्यों न हो, वह अपने आप लोगों के बीच नहीं पहुंचता। खासतौर से तब, जब सत्ता प्रतिष्ठान के सारे अंग- पुलिस, न्यायपालिका और अखबार पूंजी के चाकरों की तरह काम कर रहे हों। अंततः वही विचार जिंदा रहते हैं जिनके लिए लोग मरने को तैयार हों। मई दिवस इसी जिंदा विचार का नाम है। मई दिवस संघर्षों के हासिल के लेखे-जोखे का दिन है। इसलिए बजाय इस दिन की महत्ता और ऐतिहासिकता पर ज्यादा विस्तार से चर्चा करने के, आज की दुनिया में मेहनतकशों के संघर्षों की दशा और दिशा पर नजर डाली जाए। हाल के दौर में दुनिया भर के सभी देशों में जितनी अभूतपूर्व जनप्रतिरोध की कार्यवाहियां, हड़तालें हुई हैं उतनी पिछले कई दशकों में नहीं हुईं। भारत के मेहनतकशों ने इसी 28-29 मार्च को दो दिन की शानदार हड़ताल की, जो नवउदार नीतियों के विरुद्ध हुई देशव्यापी हड़तालों की श्रृंखला में 21वीं थी। पिछली चार हड़तालों में भागीदारों की संख्या 15, 18, 25 करोड़ से होते हुए इस बार 30 करोड़ तक जा पहुंची। इस तरह के प्रतिरोध के मामले में एशिया में भारत अकेला देश नहीं था। हमारे पड़ोस में बांग्लादेश, श्रीलंका और पाकिस्तान सहित जापान और इंडोनेशिया की ट्रेड यूनियनों ने भी इस तरह के आंदोलन किए। फ्रांस, डेनमार्क, ग्रीस, इटली, पुर्तगाल, स्पेन सहित अन्य यूरोपीय देशों में हड़तालों का लगातार चला सिलसिला आज भी जारी है। डोनाल्ड ट्रम्प और जो बाइडेन के अमरीका में 1000 से ज्यादा हड़तालें दर्ज की गईं। पिछले अक्तूबर में तो इतनी हड़तालें हुईं कि उसे ह्वस्ट्राइक्टूबरह्व ही घोषित कर दिया गया। इन सभी हड़तालों में सिर्फ औद्योगिक मजदूर ही शामिल नहीं थे, उनके साथ नर्स, शिक्षक, डॉक्टर्स, स्वास्थ्यकर्मी, परिवहन कर्मचारी, गैस कर्मचारी, टैक्सी ड्राइवर्स, मॉल के कर्मचारी भी शामिल हुए और पूरे देश को ठप्प करके अपनी शक्ति दिखा दी। डेनमार्क की नर्सों की हड़ताल उनके इतिहास में सबसे लंबी हड़ताल थी। कुछ ऐसे काम-धंधों में भी हड़तालें हुईं जिनके बारे में पहले सोचा तक नहीं जाता था, जैसे अमेजॉन कंपनी में हड़तालें हुईं और वे एक देश तक सीमित नहीं रहीं। इटली में हुई अमेजॉन के गोदाम और डिलीवरी के मजदूरों की हड़ताल जल्दी ही जर्मनी, अमरीका और 23 अन्य देशों के अमेजॉन सेंटर्स पर पहुंच गई। फ्रांस का येलो वेस्ट आंदोलन इसी तरह का एक नया आंदोलन था। लैटिन अमरीका में अर्जेंटीना, ब्राजील, चिली, कोलम्बिया, इक्वाडोर, उरुग्वे, मैक्सिको आदि में बड़ी हड़तालें हुईं। कोलम्बिया के कोयला मजदूरों की तीन महीने लंबी हड़ताल ने 6 मजदूरों की मौतें, यौन हिंसा और बर्बरता देखी, मगर वह टूटी नहीं। दक्षिण अफ्रीका सहित अफ्रीकी महाद्वीप के अनेक छोटे-बड़े देशों में हुई हड़तालों के आयाम भी काफी उल्लेखनीय हैं। इन संघर्षों की कई विशेषताएं हैं। पिछले तीन दशकों में आमतौर से और 2008 के विश्वव्यापी संकट के बाद से खासतौर से पूंजी और उसके मुनाफे खतरे में पड़े हैं, अस्थिरता बढ़ी है और सरकारों में बिठाए गए दलालों के जरिए इसका सारा बोझ मेहनतकशों पर डाला जा रहा है। यह एक तरफ काम के घंटों में बढ़ोत्तरी, वेतन कटौती, कार्यदशाओं की बदतरी का रास्ता अपना रही है, तो दूसरी तरफ स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल सहित सार्वजनिक खर्चों में कटौती और उनके निजीकरण के जरिए जीवन का खर्च बढ़ाया जा रहा है। इस सबके खिलाफ आक्रोश का विस्फोटक होते जाना इस कालखंड की एक विशेषता है। इसकी दूसरी खासियत है, मजदूर आंदोलन द्वारा जनता के बाकी हिस्सों- किसानों, छात्रों, महिलाओं की मांगें उठाना। इसका असर यह हुआ है कि ये तबके भी मजदूर आंदोलन का हिस्सा बने हैं। मजदूरों की हड़तालें आम हड़तालों का रूप ले रही हैं। इनका राजनीतिक असर भी हुआ है। कई देशों, लैटिन अमरीका ही नहीं स्कैंडिनेवियन देशों में भी सरकारें बदली हैं। अमरीका तक में घोषित समाजवादी वहां की कांग्रेस, सीनेट और राज्यों की प्रतिनिधि सभाओं में जीतकर पहुंचे हैं। हाल के संघर्षों की एक और उल्लेखनीय विशेषता यह है कि मेहनतकश न केवल अपने तात्कालिक मुद्दों को उठा रहे हैं, बल्कि उन नीतियों के विरुद्ध भी लड़ रहे हैं जिनकी वजह से ये तात्कालिक समस्याएं उपजती हैं।

# हुजूर, मजबूर है देश का मजदूर..!

**देश का मजदूर वर्ग आज भी अत्यंत ही दयनीय स्थिति में रह रहा है। उनको न तो किए गए कार्य की पूरी मजदूरी दी जाती है और न ही अन्य वांछित सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती हैं। गांव में खेती के प्रति लोगों का रुझान कम हो रहा है। इस कारण बड़ी संख्या में लोग मजदूरी करने के लिए शहरों की तरफ पलायन कर जाते हैं, जहां न उनके रहने की कोई सही व्यवस्था होती है ही उनको कोई ढंग का काम मिल पाता है।**



रमेश सर्राफ धमोरा
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं




मजदूर एक ऐसा शब्द है जिसके बोलने में ही मजबूरी झलकती है। सबसे अधिक मेहनत करने वाला मजदूर आज भी सबसे अधिक बदहाल स्थिति में है। दुनिया में एक भी ऐसा देश नहीं है जहां मजदूरों की स्थिति में सुधार हो पाया हो। दुनिया के सभी देशों की सरकारें मजदूरों के हित के लिए बातें तो बहुत बड़ी-बड़ी करती हैं मगर जब उनकी भलाई के लिए कुछ करने का समय आता है तो सभी पीछे हट जाती हैं। इसीलिए मजदूरों की स्थिति में सुधार नहीं हो पाता है। भारत में भी मजदूरों की स्थिति बेहतर नहीं है। हमारी सरकार भी मजदूर हितों के लिए बहुत बातें करती है, बहुत सी योजनाएं व कानून बनाती है। मगर जब उनको अमलीजामा पहनाने का समय आता है तो सब इधर-उधर ताकने लग जाते हैं। मजदूर फिर बेचारा मजबूर बनकर रह जाता है। भारत सहित दुनिया के सभी देशों में 01 मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य मजदूरों की भलाई के लिए काम करने व मजदूरों में उनके अधिकारों के प्रति जागृति लाना होता है। मगर आज तक ऐसा हो नहीं पाया है। कोरोना महामारी की मार सबसे ज्यादा मजदूर वर्ग पर पड़ी है। किसी भी राष्ट्र की प्रगति करने का प्रमुख भार मजदूर वर्ग के कंधों पर ही होता है। मजदूर वर्ग की कड़ी मेहनत के बल पर ही राष्ट्र तरक्की करता है। मगर भारत का श्रमिक वर्ग श्रम कल्याण सुविधाओं के लिए आज भी तरस रहा है। देश में मजदूरों का शोषण भी जारी है। समय बीतने के साथ मजदूर दिवस को लेकर श्रमिक तबके में अब कोई खास उत्साह नहीं रह गया है। बढ़ती महंगाई और पारिवारिक जिम्मेदारियों ने भी मजदूरों के उत्साह का कम कर दिया है। अब मजदूर दिवस इनके लिए सिर्फ कागजी रस्म बनकर रह गया है। देश का मजदूर वर्ग आज भी अत्यंत ही दयनीय स्थिति में रह रहा है। उनको न तो किए गए कार्य की पूरी मजदूरी दी जाती है और न ही अन्य वांछित सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती हैं। गांव में खेती के प्रति लोगों का रुझान कम हो रहा है। इस कारण बड़ी संख्या में लोग मजदूरी करने के लिए शहरों की तरफ पलायन कर जाते हैं, जहां न उनके रहने की कोई सही व्यवस्था होती है ही उनको कोई ढंग का काम मिल पाता है। जैसे तैसे कर वह गुजर-बसर करते हैं। बड़े शहरों में झोपड़पट्टी बस्तियों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। यहां रहने वाले लोगों को कैसी विषम परिस्थितियों का सामना करता है। इसको देखने की न तो सरकार को फुर्सत है न ही नेताओं को। यहां मजदूरों को शौचालय जाने के लिए भी घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ता है। झोपड़ पट्टी बस्तियों में न रोशनी की सुविधा रहती है। न पीने को साफ पानी मिलता है और न ही स्वच्छ वातावरण। शहर के किसी गंदे नाले के आसपास बसने वाली झोपड़ पट्टियों में रहने वाले गरीब तबके के मजदूर कैसा नारकीय जीवन गुजारते हैं। उसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता है। मगर इसको अपनी नियति मान कर पूरी मेहनत से अपने मालिकों के यहां काम करने वाले मजदूरों के प्रति मालिकों के मन में जरा भी सहानुभूति के भाव नहीं रहते हैं। उनसे 12-12 घंटे लगातार काम करवाया जाता है। घंटों धूप में खडे.रहकर बड़ी-बड़ी कोठियां बनाने वाले मजदूरों को एक छप्पर तक नसीब नही हो पाता है। कोरोना के कहर के चलते आज सब से ज्यादा परेशान देश के करोड़ों मजदूर हो रहे हैं। उनका काम धंधा एकदम चैपट हो गया है। परिवार के समक्ष गुजर-बसर करने की समस्या पैदा हो रही है। हालांकि सरकार ने देश के गरीब लोगों को कुछ राहत देने की घोषणा की है। मगर सरकार द्वारा प्रदान की जा रही सहायता भी मजदूरों तक सही ढंग से नहीं पहुंच पा रही है। उद्योगपतियों व ठेकेदारों के यहां अस्थाई रूप से काम करने वाले श्रमिको को न तो उनका मालिक कुछ दे रहा है नाही ठेकेदार। इस विकट परिस्थिति में श्रमिक अन्य कहीं काम भी नहीं कर सकते हैं। उनकी आय के सभी रास्ते बंद हो रहे हैं। इन मजदूरों की सुनने वाला देश में कोई नहीं हैं। कारखानों में काम करने वाले मजदूरों पर हर वक्त इस बात की तलवार लटकती रहती है कि न जाने कब छंटनी कर दी जाए। कारखानों में मजदूरों से निर्धारित समय से अधिक काम लिया जाता है विरोध करने पर काम से हटाने की धमकी दी जाती है। कारखानों में श्रम विभाग के मानदण्डों के अनुसार किसी भी तरह की कोई सुविधा नहीं दी जाती है। कई कारखानों में तो मजदूरों से खतरनाक काम करवाया जाता है। इस कारण उनको कई प्रकार की बीमारियां लग जाती हैं। कारखानों में पर्याप्त चिकित्सा सुविधा, पीने का साफ पानी, विश्राम की सुविधा तक उपलब्ध नहीं करवायी जाती है। मजदूर संगठन भी मजदूरों के बजाय मालिकों की ज्यादा चिंता करते हैं। हालांकि कुछ मजदूर यूनियन अपना फर्ज भी निभाती हैं मगर उनकी संख्या बहुत कम है। देश में मजदूरों की स्थिति सबसे भयावह होती जा रही है। देश का मजदूर दिन प्रतिदिन और अधिक गरीब होता जा रहा है। दिन रात रोजी-रोटी के जुगाड़ के लिए जद्दोजहद करने वाले मजदूर को अगर दो जून की रोटी मिल जाए तो मानों सब कुछ मिल गया। आजादी के इतने सालो में भले ही देश में बहुत कुछ बदल गया होगा, लेकिन मजदूरों के हालात नहीं बदले हैं।

# खालिस्तानी सबक लें पाकिस्तान से

**पटियाला में जो कुछ हुआ, उसकी जड़ में उग्रवाद, मंदबुद्धि और संकीर्णता के अलावा कुछ नहीं है। उसका गुरु नानक के सिख धर्म और हिंदू धर्म से कुछ लेना-देना नहीं है। वह अल्पमति लोगों का आपसी दंगल भर है। बिल्कुल ऐसा ही दृश्य अभी-अभी दिल्ली के द्वारका क्षेत्र में देखने को मिला। राजाराम नामक गोदुग्ध का धंधा करनेवाले एक गरीब आदमी की हत्या कुछ गोरक्षकों ने इसलिए कर दी कि उन्हें शक था कि उसने किसी गाय की हत्या कर दी थी। उसके घर से किसी गाय के अस्थि-पंजर देखकर उन्होंने यह क्रूरतापूर्ण कुकर्म कर दिया।**





डॉ. वेदप्रताप वैदिक
लेखक वरिष्ठ टिप्पणीकार हैं

एक तरफ तो प्रधानमंत्री अपने निवास पर सिख-प्रतिनिधि मंडल का स्वागत कर रहे हैं और दूसरी तरफ पटियाला में सिखों और हिंदुओं के बीच धुआंधार मारपीट हो रही है। प्रधानमंत्री ने हाल ही में गुरु तेग बहादुर के 400 वें जन्म-समारोह के अवसर पर भारत की आजादी और समृद्धि में सिख समुदाय के अपूर्व योगदान की भूरि-भूरि प्रशंसा की थी और कल पटियाला में खालिस्तान की मांग को लेकर दंगल मचा हुआ था। हिंदू और सिख संगठन आपस में भिड़ गए, उनमें लाठियाँ, गोलियाँ चलीं और पटियाला में कर्फ्यू भी लगाना पड़ गया। पटियाला में जो कुछ हुआ, उसकी जड़ में उग्रवाद, मंदबुद्धि और संकीर्णता के अलावा कुछ नहीं है। उसका गुरु नानक के सिख धर्म और हिंदू धर्म से कुछ लेना-देना नहीं है। वह अल्पमति लोगों का आपसी दंगल भर है। बिल्कुल ऐसा ही दृश्य अभी-अभी दिल्ली के द्वारका क्षेत्र में देखने को मिला। राजाराम नामक गोदुग्ध का धंधा करनेवाले एक गरीब आदमी की हत्या कुछ गोरक्षकों ने इसलिए कर दी कि उन्हें शक था कि उसने किसी गाय की हत्या कर दी थी। उसके घर से किसी गाय के अस्थि-पंजर देखकर उन्होंने यह क्रूरतापूर्ण कुकर्म कर दिया। क्या ऐसे लोगों को आप हिंदुत्व या गोमाता के रक्षक कह सकते हैं? ऐसे लोग आदमी को पशु से भी बदतर समझकर उसे मार डालते हैं। पंजाब में जो उग्रवादी खालिस्तान की मांग कर रहे हैं, वे बताएं कि वे कितने खालिस हैं? क्या वे गुरु नानक के सच्चे भक्त हैं? क्या उन्होंने गुरुवाणी के सच्चे अर्थों को समझने की कोशिश की है? वे धार्मिक उतने नहीं हैं, जितने राजनीतिक हैं। सत्ता की भूख उन्हें दौड़ाती रहती है। वे सत्ता हथियाने के लिए देश के दुश्मनों से भी हाथ मिला लेते हैं। सिखों के साथ क्या भारत में कोई भेदभाव या अन्याय होता है? भारत के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री सिख समुदाय के रहे हैं। वे लोकसभा अध्यक्ष, मुख्य न्यायाधीश, राज्यपाल, मुख्यमंत्री आदि सभी पदों पर रहते आए हैं। किसी भी अल्पसंख्यक वर्ग को इतनी महत्ता भारत में नहीं मिली है, जितने सिखों को मिली है। क्या भारत में कोई ऐसा समुदाय भी है, जिसके सिरफिरे सदस्यों ने किसी प्रधानमंत्री की हत्या की हो? प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद सिख लोगों पर जो अत्याचार हुआ है, उसकी निंदा किसने नहीं की है? सिख समुदाय अपनी भारत भक्ति और कठोर परिश्रम का पर्याय है। भारतीयों को उस पर गर्व है। जो बंधु खालिस्तान का नारा लगाते हैं, क्या उन्हें पता नहीं है कि 1947 में पाकिस्तान का नारा लगानेवालों ने बेचारे करोड़ों मुसलमानों की जिंदगी कैसे मुहाल कर रखी है। जो भारत में रह गए, उन करोड़ों मुसलमानों की जिंदगी भी उन खुदगर्ज नेताओं ने परेशानी में डलवा दी है। खालिस्तानियों को पाकिस्तान से मदद नहीं, सबक लेना चाहिए।

# कश्मीर फाइल्स का नकारात्मक प्रभाव

राम पुनियानी

इस साल (2022) अप्रैल में रामनवमी से लेकर हनुमान जयंती के बीच हुई घटनाओं ने देश को हिला कर रख दिया है। नफरत के बुलडोजर ने अनेकानेक घरों के साथ-साथ हमारे संवैधानिक मूल्यों को भी ढहा दिया है। अब विघटनकारी राजनेता मस्जिदों में लाउडस्पीकर के इस्तेमाल को मुद्दा बना रहे हैं। जहां अधिकांश मुस्लिम संगठन अदालतों के निदेशों का पालन करने को तत्पर हैं वहीं भाजपा और राज ठाकरे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस), साम्प्रदायिकता को हवा देने पर आमादा हैं। एमएनएस ने सार्वजनिक स्थानों, विशेषकर मस्जिदों, के सामने हनुमान चालीसा का पाठ करने की धमकी दी है। बाबरी मस्जिद के ध्वंस के बाद सन 1992-93 में मुंबई में हुए दंगों को भड़काने के लिए महाआरती का अविष्कार किया गया था। इसी तर्ज पर हनुमान चालीसा को जूनून फैलाने का हथियार बनाया जा रहा है।

हनुमान चालीसा पर उठे विवाद को सुलझाने के लिए महाराष्ट्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक का आयोजन किया। परन्तु भाजपा ने उसका बहिष्कार कर अपने असली इरादे साफ कर दिए। राज ठाकरे इस मुद्दे को उछाल कर राज्य की राजनीति में अपना स्थान बनाना चाहते हैं। इस मामले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए दो भाजपा नेताओं को गिरफ्तार किया गया है। पिछले कुछ हफ़्तों (अप्रैल 2022) से, देश की फिजा में नफरत तेजी से घुलती जा रही है। नफरत को बढ़ावा देने में फिल्म कश्मीर फाइल्स ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। इस




फिल्म को कई राज्यों ने मनोरंजन कर से मुक्त कर दिया है और भाजपा समर्थक इस फिल्म के टिकट थोक में खरीदकर लोगों में बाँट रहे हैं। ऐसा लगता है कि भाजपा इस फिल्म की प्रायोजक बन गई है। जो लोग नफरत और हिंसा का इस्तेमाल अपनी राजनीति को चमकाने और भारत को अधिनायकवादी, धर्म-आधारित राज्य में बदलने के अपने एजेंडा को हासिल करने के लिए करना चाहते हैं, उनके लिए यह फिल्म एक वरदान बन कर आई है। इस फिल्म की उन लोगों ने आलोचना की है जिन्हें उदारवादी कहा जाता है। लिबरल (उदारवादी) शब्द का भी मजाक बनाया जा रहा है।

इस फिल्म और उस विचारधारा, जिसे यह बढ़ावा देती है, के पैरोकार मानते हैं कि इस्लामिक कट्टरवाद भारत में धर्मनिरपेक्षता के लिए एक बड़ी चुनौती है और यह भी कि कश्मीर विवाद इसका सबसे प्रकट और बड़ा उदाहरण है। श्री श्री रविशंकर से लेकर आरएसएस मुखिया मोहन भागवत और प्रधानमंत्री मोदी तक ने असली सत्य को लोगों के सामने लाने के लिए इस फिल्म की तारीफ की है। फिल्म के निमार्ता विवेक अग्निहोत्री ने स्वयं यह कहा है कि वे केवल फिल्में नहीं बनाते हैं बल्कि उनका एक एजेंडा भी है। पिछले कोई दो-तीन हफ़्तों में इस फिल्म ने समाज को नकारात्मक दिशा में धकेला है। उदारवादी-वामपंथी इस फिल्म के नकारत्मक प्रभाव, उसकी कमियों, उसमें आंशिक सत्य एवं घटनाक्रम का एकतरफा विवरण प्रस्तुत किये जाने की ओर ध्यान आकर्षित कर चुके हैं। कश्मीर में अलगाववादी आन्दोलन 1950 के दशक में ही शुरू हो गया था परन्तु शुरूआत में उसका आधार इस्लामिक कट्टरवाद या मुस्लिम साम्प्रदायिकता नहीं थी. उसके मूल में थी कश्मीर की उस स्वायत्ता का हनन, जिसकी गारंटी कश्मीर के लोगों को संविधान के अनुच्छेद 370 और 35ए के तहत दी गई थी। शुरूआत में अलगाववादी कश्मीरियत की बात करते थे।

कश्मीरियत वह अनूठी संस्कृति है जो वेदांत, बौद्ध धर्म और सूफी परंपराओं के मिलन से बनी है। यह कहना कि इस्लाम में सभी धर्मपरिवर्तन तलवार की दम पर हुए, कश्मीर ही नहीं बल्कि पूरे भारत में इस्लाम के इतिहास को गलत समझना होगा। कश्मीर में इस्लाम सूफी तलवार (फिल्म में प्रयुक्त शब्द) के बल पर नहीं फैला बल्कि नीची जातियों के लोग, ऊंची जातियों के अत्याचार से बचने के लिए मुसलमान बने। स्वामी विवेकानंद ने कहा था, धर्मपरिवर्तन मुसलमानों या ईसाईयों के अत्याचारों के कारण नहीं बल्कि ऊंची जातियों के अत्याचारों के कारण हुए। रतनलाल हंगलू (द स्टेट ऑफ मिडिवल कश्मीर, मनोहरलाल पब्लिकेशंस, दिल्ली, 2000) भी स्वामी विवेकानंद के मत की पुष्टि करते हैं। हंगलू लिखते हैं कि कश्मीर में धर्मपरिवर्तन, दरअसल, ब्राह्मणों के अत्याचारों के खिलाफ खामोश क्रांति थी। कश्मीरियत कोई कल्पना नहीं है। हम जानते हैं कि नन्द ऋषि (नूरुद्दीन नूरानी) और लल्लेश्वरी) दोनों समुदायों की श्रद्धा के पात्र थे और घाटी के हिन्दू और मुसलमान, खीर भवानी सहित कई त्यौहार एक साथ मनाते हैं। हमने अटलबिहारी वाजपेयी का वह प्रसिद्ध कथन भी सुना है कि वे कश्मीर की समस्या को इंसानियत, जम्हूरियत और कश्मीरियत के जरिये हल करना चाहते हैं। सन 1980 के दशक से कश्मीर में अतिवाद का चरित्र बदलने लगा। और इसके पीछे था अल-कायदा और तालिबान का उभार और उनके लिए लड़ाके तैयार करने के लिए पाकिस्तान के मदरसों में युवकों का प्रशिक्षण। यह अमरीका की परियोजना थी जिसे उसने अपने पिट्ठू पाकिस्तान के जरिये अमल में लाया। इन तत्वों ने घाटी में घुसपैठ कर ली और वहां कहर बरपाना शुरू कर दिया. पहले भारत-समर्थक व्यक्तियों, जिनमें नेशनल कांफ्रेंस के सदस्य शामिल थे, को मारा गया और फिर कश्मीरी पंडितों को।

फिल्म कश्मीरी मुसलमानों और पाकिस्तान में प्रशिक्षित आतंकियों को एक ही पलड़े में तौलती है। पाकिस्तान में प्रशिक्षित तत्वों को इस्लाम का तोड़ा-मरोड़ा गया संस्करण सिखाया गया था। उन्हें यह बताया गया था कि जो भी उनसे असहमत है वह काफिर है और उसे मारना जिहाद है। फिल्म में पंडितों की दुर्दशा के लिए कश्मीरी मुसलमानों, नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस को दोषी बताया गया है। हमें यह याद रखना होगा कि जगमोहन (जो बाद में भाजपा सरकार में मंत्री बने) ने पंडितों को घाटी छोड़ कर जाने के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाईं थीं। जिस समय यह अनर्थकारी निर्णय लिया गया था उस समय भाजपा के समर्थन से वी.पी. सिंह देश के प्रधानमंत्री थे। सरकार ने आतंकवादियों से मुकाबला करने और पंडितों को सुरक्षा प्रदान करने की बजाय, पंडितों को विस्थापित कर अपना पाला झाड़ लिया। फिल्म इस तथ्य को पूरी तरह से नजरअंदाज करती है कि कश्मीर में आज भी करीब 800 पंडित परिवार रह रहे हैं। फिल्म यह बताने से परहेज करती है कि आतंकी हमलों के चलते करीब 50,000 मुसलमानों को भी घाटी से पलायन करना पड़ा था और यह भी कि 300 पंडितों के साथ, करीब 700 मुसलमान भी आतंकियों के शिकार हुए थे। इस्लामिक कट्टरवाद हमारे देश के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को नहीं बदल रहा है। उसे तो केवल एक बहाने के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। भारत के प्रजातान्त्रिक, धर्मनिरपेक्ष चरित्र को खतरा बढ़ते इस्लामोफोबिया से है।

इस इस्लामोफोबिया को बढ़ावा देने के लिए मध्यकालीन मुस्लिम शासकों के बारे में तरह-तरह की असत्य और अर्धसत्य बातें (उन्होंने मंदिर तोड़े, इस्लाम का प्रसार तलवार की दम पर हुआ आदि) कहीं जा रहीं हैं। उनकी आबादी की वृद्धि दर को भी मुद्दा बना लिया गया है। मुसलमानों के प्रति नफरत का भाव इतना ज्यादा बढ़ गया है कि मुस्लिम दुकानदारों और व्यापारियों के बहिष्कार की बातें हो रहीं हैं। धार्मिक त्यौहारों का उपयोग मुसलमानों को भड़काने और फिर उनके घरों पर बुलडोजर चलवाने के लिए किया जा रहा है। हनुमान चालीसा का सार्वजनिक रूप से पाठ, इसी नफरत फैलाओ रणनीति का हिस्सा है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, रविवार, 01 मई 2022

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### ट्रक और कार की टक्कर में दो घायल

फतुहा। नदी थाना क्षेत्र में गढ़ोचक के पास ट्रक और कार में सीधा टक्कर हो गया जिसमें कार सवार दो लोग जख्मी हो गये। जानकारी अनुसार नरमा निवासी नवनीत कुमार अपने मित्र के साथ फतुहा से पटना कार से जा रहें थे। वहीं फतुहा गढ़ोचक के पास ट्रक से कार की सीधी टक्कर हो गई। घायलों का इलाज निजी अस्पताल में हो रहा है। मौके पर नदी थाना पुलिस पहुंचकर ट्रक और कार को जब्त कर मामले की छानबीन कर रही है।

### गोलीबारी की घटना में विक्की गिरफ्तार

पटना सिटी। चौक थाना क्षेत्र के दुंदी बाजार में गोलीबारी की घटना हुई।।इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बबलू जायसवाल के घर पर गोली चलाई गई थी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। जब पुलिस वहां पहुंची और मामले की जानकारी ले छानबीन करने लगी। बबलू का कहना है कि रंगदारी से जुड़ा मामला है। घटनास्थल पर डीएसपी अमित शरण और चौक थानाध्यक्ष गौरी शंकर गुप्ता भी पहुंचे। बबलू के बताए अनुसार उसी मोहल्ले में रहने वाला विक्की पटेल पर आरोप लगाया गया था। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए विक्की पटेल को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से कोई हथियार बरामद नहीं हो पाया है। पुलिस का कहना है कि दरअसल दोनों जमीन खरीद-बिक्री की दलाली करते हैं।

### ट्रेन में सवार आरपीएफ पर पथराव में एएसआई घायल

पटना सिटी। बंका घाट एवं दीदारगंज हाल्ट के बीच अकाल तख्त एक्सप्रेस का वैक्यूम कर उतरे कुछ लोगों में एक को बख्तियारपुर रेलवे सुरक्षा बल के पुलिसकर्मियों ने पकड़ लिया। इसके बाद पकड़े गए युवक के साथ रहे लोगों ने उसे छुड़ाने के लिए पुलिस टीम पर पथराव करना शुरू कर दिया। इस घटना में एएसआई उमेश कुमार राय के सिर में चोट लगी है। घटना शनिवार की सुबह करीब दस बजे की है। सूचना मिलने पर पटना साहिब जीआरपी से भी घटनास्थल पर पहुंची, लेकिन इससे पहले ट्रेन रवाना हो चुकी थी। जख्मी एएसआई को

# पेट्रोलियम संसाधनों के संरक्षण में सभी का योगदान आवश्यक : विभाष कुमार

**हरित और स्वच्छ ऊर्जा अपनाएं, आजादीका अमृत महोत्सव मनाएं टैगलाइन के साथ सक्षम 2022 सम्पन्न**

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



तेल एवं गैस संरक्षण क्षमता महोत्सव का समापन शनिवार को पटना के अधिवेशन भवन में हुआ। इस वर्ष इस क्षमता महोत्सव सक्षम 2022 की टैगलाइन- हरित और स्वच्छ ऊर्जा अपनाएं, आजादीका अमृत महोत्सव मनाए है'

सक्षम 22 के समापन पर इंडियन आयल कारपोरेशन के कार्यकारी निदेशक एवं राज्य स्तरीय संयोजक विभाष कुमार ने कहा की पेट्रोलियम के भंडार सीमित हैं और हमारे देश में पेट्रोलियम पदार्थों की वार्षिक खपत का 16.16% ही उत्पादन होता है। इसलिए सरकार को हर साल कई बिलियन डॉलर पेट्रोलियम उत्पाद को खरीदने के लिए खर्च करना पड़ता है।

इसके अलावा उन्होंने बिहार में हर साल होने वाले पेट्रोलियम पदार्थों के खपत के बारे में भी बताया। सक्षम 22के दौरान पूरे बिहार राज्य में आयोजित किये गए कार्यकर्मों का उल्लेख करते हुए अंत में उन्होंने लोगों को इसमें भागीदारी के लिए धन्यवाद दिया और पेट्रोलियम संसाधनों के संरक्षण में योगदान देने की अपील की।

सक्षम 22 का शुभारम्भ उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने 11 अप्रैल को किया था। 11 अप्रैल से 30 अप्रैल तक आयोजित सक्षम- 2022 के अंतर्गत स्कूलों में ऊर्जा संरक्षण के विषय पर पेंटिंग प्रतियोगता वाद विवाद प्रतियोगता का आयोजन किया गया।

पटना और अन्य जिलों में साइकिल रैली के माध्यम से भी ऊर्जा संरक्षण का सन्देश दिया गया। सीएनजी रैली से हरित और स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग का सन्देश लोगों तक पहुंचाया गया। अलग-अलग शहरों में एलपीजी पंचायत और सुरक्षा क्लिनिक का आयोजन किया गया। ट्रक ड्राइवर को ईंधन बचत की ट्रेनिंग दी गयी तथा डिलीवरी बॉयज की भी ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। सक्षम कैंपेन वाहन ने अलग अलग शहरों में घूम कर ऊर्जा संरक्षण का सन्देश लोगो तक पहुंचाया।सक्षम 22 के समापन कार्यक्रम में सार्वजनिक क्षेत्र की उपक्रम तेल कंपनियों, पीसीआरए प्रतिनिधियो सहित स्कूल और कॉलेजों के शिक्षक और विद्यार्थी सहित 500 लोग मौजूद थे।

# ईद पर प्रशासनिक तैयारियों से शांति समिति सदस्य हुए अवगत

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



ईद का त्योहार सभी मिल-जुल कर मनाएं। वैसे भी सिटी में मेलजोल व भाईचारा हमेशा से देखा गया है। रही बात विधि-व्यवस्था बनाये रखने की तो आप सब सजग रहेंगे, तो इसकी कोई नौबत ही नहीं आएगी। वैसे भी ईद की नमाज जहां-जहां अदा की जाएगी, वहां मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी और बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। यह बात अनुमंडलीय शांति समिति की बैठक के दौरान एसडीओ मुकेश रंजन ने कही। इस दौरान डीसीएलआर शिव रंजन कुमार ने भी अपनी बात रखी। बैठक में त्योहार को लेकर की गयी प्रशासनिक तैयारियों से सदस्यों को अवगत कराया गया। इसमें कहा गया है कि अनुमंडल के 61 स्थान पर मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी एवं बाल की तैनाती की गई है। एसडीओ मुकेश रंजन ने बताया कि विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए चिह्नित संवदेनशील स्थान पर थानाध्यक्ष को कड़ी चौकसी बरतने का आदेश दिया गया है। खानकाहों व मस्जिदों के पास सफाई कराने, बिजली व पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

बैठक में डीएसपी अमित शरण, अनेक थाना के थानाध्यक्ष, निगम व बिजली विभाग के अधिकारी व कुबंर जी आदि उपस्थित थे। नमाज स्थल जाने वाले रास्ते में टैंकर के द्वारा पानी का छिड़काव करने के साथ चूना का छिड़काव। भी कराया जाएगा। खासकर मंगल तालाब मैदान, मितन घाट खानगाहे मुनेमिया, मदरसा मस्जिद, शनिचरा ईदगाह, बड़ी मस्जिद, शाह आरजॉ, दरगाह रोड, कासिम मस्जिद, न्यू खजूरबन्ना, जामा मस्जिद, नौघरवा, सुलतानगंज आदि मस्जिदों में बच्चे, बूढे एवं जवान नवाज के लिए जमा होते हैं। ईद के मौके पर सुल्तानगंज थाना अन्तर्गत खानमिर्जा मोहल्ला के चौराहे पर ईद मिलन एवं दूसरे दिन शाम में कव्वाली का आयोजन किया जायेगा। शांति समिति के सदस्यों में बैजू लाल दास, गणेश कुमार, रामजी योगेश, अंजू सिंह, राजेश शुक्ला टिल्लू, अजीत सिंह कुशवाहा, मिथिलेश शर्मा, गणेश कुमार, संजय कुमार, चुन्नू चंद्रवंशी, विनोद पासवान, श्रीचंद्र कुमार, अली हसन, अली इमाम, चुन्नू चंद्रवंशी, मो फिरोज हसन, अली हसन, मनोज शर्मा, मुकेश ठाकुर, विकास विशाल, सिद्धार्थ भारद्वाज, मो तनवीर, संजय मालाकार, मिथलेश शर्मा उपस्थित हो अपनी बात रखी।

# पीएम मोदी जल्द आएंगे तख्तश्री पटना साहिब

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के जत्थेदार अन्य प्रमुख लोगों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले। उन्हें तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब आने का निमंत्रण दिया। इसे स्वीकार करते हुए उन्होंने कहा कि वे जल्द ही दशमेश पिता के जन्म स्थान तख्तश्री पटना साहिब पहुंच कर मत्था टेक आशीष लेने का काम करेंगे। दरअसल दिल्ली के सिख समाज के वरीय नेता मनजिंदर सिंह सिरसा के नेतृत्व में तख्तश्री पटना साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह गौहर-ए-मस्कीन एवं तख्तश्री कमेटी के कनीय उपाध्यक्ष लखबिंदर सिंह सहित अन्य संत-महापुरुष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शुक्रवार को मिले थे। इस दौरान कहा गया दिल्ली के जीटी रोड का नामकरण गुरु तेग बहादुर साहिब के नाम पर किया जाए। साथ ही करतारपुर कॉरिडोर को फिर से शुरू किए जाने, वीर बाल दिवस घोषित करने और लंगर पर लगने वाले करीब 325 करोड़ जीएसटी को बंद करने से लेकर संत समागम करने के लिए उन्हें बधाई दी गई। ज्ञानी रणजीत सिंह ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी का सम्मान सिख गुरुओं के प्रति काफी गहरा है और वे दिल से इसे स्वीकार कर नतमस्तक होते हैं। उन्हें गुरु घर के आशीष के रूप में सरोपा प्रदान किया गया। पीएम ने कहा भी कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए ही सिख गुरुओं ने न केवल अपना, बल्कि अपने बच्चों का भी सर्वस्व न्योछावर धर्म रक्षा के लिए कर दिया। ऐसे महापुरुषों के प्रति अपनी श्रद्धा निवेदित करते हैं और उन्हें नमन करते हैं।

# भामाशाह की तरह पीएम मोदी ने अपना सर्वस्व देश सेवा में लगाया : सुशील मोदी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता




पूर्व उपमुख्यमंत्री तथा राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने शनिवार को कहा कि जिस तरह राणा प्रताप और मेवाड़ के हित में भामा शाह ने अपनी पूरी सम्पत्ति दान कर दी थी, उसी तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को सशक्त और श्रेष्ठ बनाने के लिए अपना पूरा जीवन सौंप दिया है। भारत को पहली बार बिना छुट्टी लिए रोजाना 18 घंटे काम करने वाला प्रधानमंत्री मिला है।

श्री सुशील मोदी ने बेगूसराय के दिनकर भवन में तैलिय साहू सभा की ओर से आयोजित भामा शाह जयंती समारोह में कहा कि केंद्र और राज्य की सरकारों को खुदरा व्यापार नीति लागू करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि छोटे व्यापारियों के जीवन की सुरक्षा के लिए दुर्घटना बीमा और चोरी-अगलगी, लूट जैसी घटनाओं से व्यापार की रक्षा को ध्यान में रख कर व्यापार-बीमा योजना लागू की जानी चाहिए। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में एनडीए सरकार आने पर ही व्यापारियों को रंगदारी-लूटपाट और अपहरण उद्योग से बड़ी राहत मिली। उन्होंने कहा कि लालू-राबड़ी राज के अंतिम वर्ष 2004-05 में बिहार को मात्र 3348 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था, जबकि हमारी सरकार आने पर निवेश और व्यापार बढ़ने से राजस्व प्राप्ति 45,767 करोड़ रुपये तक पहुँच गई। यह 14 गुना वृद्धि गुड गवर्नेंस और व्यापार को प्रोत्साहन देने की नीति से संभव हुई। श्री मोदी ने कहा कि छोटे व्यापार की सुरक्षा के लिए अमेजन और वॉल मार्ट जैसी ई-कॉमर्स का एकाधिकार समाप्त किया जाना चाहिए।

# एसटीएफ की चोरी गई गाड़ी पश्चिम बंगाल से बरामद

दानापुर, प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर नगर के आनंद बाजार से चोरी गई एसटीएफ के सरकारी गाड़ी को पश्चिम बंगाल से बरामद कर लिया है। पुलिस ने इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय वाहन चोर गिरोह के दो सदस्यों को भी धर दबोचा है। गिरफ्तार चोरों में मुकेश साहनी ,समस्तीपुर एवं सुनील कुमार उर्फ सुनील शर्मा, भोजपुर का रहने वाला है। पुलिस ने इन दोनों के साथ चोरी गई एसटीएफ के सरकारी भवन सुमो गोल्ड को भी बरामद कर लिया है।

दानापुर में 24 अप्रैल की रात चोरों के गिरोह ने एसटीएफ के सरकारी गाड़ी को आनंद बाजार से चुरा लिया था। सरकारी गाड़ी की बरामदगी को लेकर दानापुर में 100 डायल को लगाया गया था। लगातार एक सप्ताह के कड़ी मशक्कत के बाद बिहार के एसटीएफ टीम को बड़ी सफलता उस वक्त मिली जब सरकारी गाड़ी को एसटीएफ की टीम ने पश्चिम बंगाल से खोज निकाला। बताया जा रहा है कि पश्चिम बंगाल के उत्तरी दिनाजपुर जिला के दालकोला थाना क्षेत्र से छापेमारी कर सरकारी वाहन सुमो गोल्ड के साथ 2 लोगों को गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार जिन अंतरराष्ट्रीय वाहन चोर गिरोह के सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है उनके विरुद्ध बिहार के समस्तीपुर, मधुबनी, नवादा ,पटना ,पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी सहित विभिन्न थानों में वाहन चोरी और लूट के कई मामले दर्ज हैं।

बताया जा रहा है कि एसटीएफ के सरकारी गाड़ी सुमो गोल्ड है। दानापुर थाना प्रभारी कमलेश प्रसाद सिंह ने बताया कि आसपास के सीसीटीवी कैमरा को खंगाला था। गाड़ी बरामद की के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने स्पष्ट है कि सूचना मिली है पश्चिम बंगाल से गाड़ी बरामद कर लिया गया है।

# बिल भुगतान न होने से मनोज कमलिया स्टेडियम का लाइन कटा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



मंगल तालाब स्थित मनोज कमलिया स्टेडियम का बिजली बिल बकाया होने के कारण लाइन काट दिया गया है। इस कारण से यहां प्रैक्टिस करने आने वाले खिलाड़ियों को खासा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक तरफ राज्य सरकार खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए अनेक कदम उठाए हैं, पर सरकार के ही अधिकारी खिलाड़ियों के मनोबल को तोड़ने का काम कर रहे हैं। मंगल तालाब विकास समिति में डीएम के बदले एडीएम, सिटी एसडीओ, सचिव और जनप्रतिनिधि व स्थानीय प्रमुख सदस्य हैं। एक तरफ क्रिकेट मैदान की स्थिति खराब है और बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। करीब दो साल से बिजली बिल भुगतान नहीं होने भुगतान न होने से लाइन काट दी गई है। ऐसे में स्टेडियम की बिजली व्यवस्था पूरी तरह से ठप है। बिजली कनेक्शन कटने से बोरिंग बंद है। पानी की व्यवस्था न होने से मैदान में लगा घास सुख रहा है। खिलाड़ियों को पीने का पानी भी नहीं मिल रहा है। यहां जिम भी है, मगर ट्रेंरनके अभाव में इसे चालू नहीं किया जा रहा और बिजली नहीं होने से भी परेशानी है। क्रिकेट मैदान की व्यवस्था, जिम को ठीक करने, बिजली व्यवस्था बहाल किये जाने की मांग को लेकर मैदान पर प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों गौरव कुमार, देवेंद्र कुमार यादव, विक्रम शाह, चंदन नारायण यादव का कहना है की स्टेडियम का करीब दो लाख का बिल बकाया होने के लाइन कटा है। उतने महीने का ब्याज पेसू लेगा। इसके पूर्व रामदेव महतो सामुदायिक भवन का भी बिजली बिल बकाया होने से लाइन काटने की स्थिति में भुगतान किया गया, मगर स्टेडियम के मामले में उपेक्षा बरत खिलाड़ियों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है।

### बाइक सवार बदमाश डेढ़ लाख छीनकर हुए फरार

**बिहटा।** शनिवार को बिहटा थानाक्षेत्र के राघोपुर गयात्री मंदिर के अनिल प्लाई के पास दिनदहाड़े एक पूर्व शिक्षक से बाइक सवार बदमाशों ने डेढ़ लाख रुपए छीनकर फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार बिहटा थानाक्षेत्र के जीनपूरा गांव निवासी स्व.राम प्रवेश सिंह का 62 वर्षीय पुत्र सह बिहटा हाई स्कूल के पूर्व शिक्षक जलेश्वर शर्मा ने बताया कि वो अपने बेटे के साथ जब डोमनिया पुल स्थित स्टेट बैंक के एडीबी ब्रांच से अपने खाते से दो लाख रुपया निकाल कर राघोपुर के गायत्री मंदिर के पास अनिल प्लाई दुकान में जाके दो लाख में से 50 हजार नगद दिया ।वही नगद देने के बाद जब वह अपने बाइक के पास आए तो देखा कि बाइक पंचर है इसी दौरान लाल रंग के झोला में रखे डेढ़ लाख रुपए एवं बैंक के कागजात को ब्लू कलर के अपाचे बाइक पर सवार दो युवक आए और झपट्टा मारकर झोला लेकर राघोपुर-अमहरा के तरफ फरार हो गया। जिसके बाद उन्होंने तत्काल इसकी सूचना बिहटा पुलिस को दी पुलिस मौके पर पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुट गई है पीड़ित पूर्व शिक्षक ने स्थानीय थाना में अज्ञात बाइक सवार बदमाशों के खिलाफ लिखित आवेदन दिया।

# छात्रों को श्रमिक दिवस के बारे में बताया

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



मजदूरों को उनके काम की महत्ता और परिश्रम के कारण ही उन्हें एक मई यानी मजदूर दिवस को सम्मानित किया जाता है। इस दिन को लेबर डे, श्रमिक दिवस या मई दिवस के नाम से भी लोग जानते हैं। यह बात छात्रों को इन्फेंट जीसस स्कूल के निदेशक पास्कल पीटर पोस्ट ने बताया।

प्राचार्य रंजन जोसेफ ने कहा कि काम छोटा या बड़ा हो मेहनत रंग लाती है। आज मजदूरों की ही देन है कि बड़े-बड़े पुल-पुलिया, भवन से लेकर अन्य निर्माण संभव हो पा रहा है। अनेक मशीनों का संचालन, सामान को ढोने में भी उनकी अहम भूमिका है। इस दौरान छात्रों ने मजदूरों के सम्मान में एक गीत की प्रस्तुति की जिसका बोल, काम छोटा या बड़ा मेहनत रंग लाती है, पेश किया।

इसके पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन श्रमिक वर्ग से आने वाले गायत्री देवी, राय जी और बउआ जी ने दीप जलाकर किया। उन सबों को निष्ठा एवं सत्य के पथ पर चलने की सलाह भी दी गई। सबों को सम्मानित करते हुए उपहार दिया गया। ऑटो चालक जगनारायण ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम की समाप्ति राष्ट्रीय गान के साथ हुई।

### मूलभूत सुविधाओं की कमी के बीच कस्तूरबा विद्यालय शुरू करने की तैयारी

बाढ़। सकसोहरा बाजार स्थित महंत राम नारायण पुरी टेन प्लस टू विद्यालय में बालिका हॉस्टल का निर्माण करोड़ों की लागत से वर्ष 2017 में पूरा किया गया था। 5 साल गुजर जाने के बावजूद आज तक इस हॉस्टल को चालू नहीं किया जा सका ।जिला अधिकारी डॉ चंद्रशेखर प्रसाद सिंह के पहल पर विभाग हरकत में आते हुए आनन-फानन में 1 मई से हॉस्टल की शुरूआत करने के लिए शनिवार को विद्यालय का निरीक्षण जिला शिक्षा पदाधिकारी अरुण कुमार मिश्रा ने किया।

### स्कूल का खिड़की उखाड़ किया चोरी, मामला दर्ज

**पटना सिटी।** शिक्षा के मंदिर को भी चोर नहीं छोड़ पा रहा है। दरअसल मध्य विद्यालय, काली स्थान मंगल तालाब के पश्चिम छोर पर यह स्कूल चल रहा है। प्रधानाध्यापक शंभू कुमार शनिवार की सुबह करीब सवा छह बजे स्कूल पहुंचकर ताला खोल कार्यालय में गए। इस दौरान वह यह देखकर दंग रह गए कि स्कूल के पीछे की खिड़की को चोरों के द्वारा उखाड़ दिया है।

चोरों ने एंपलीफायर, माइक स्टैंड आदि की चोरी कर ली है। साथ ही अलमीरा को तोड़कर उसमें रखे करीब दो दर्जन किताब की भी चोरी कर ले गया है। उन्होंने तत्काल घटना की सूचना चौक थाना के थानाध्यक्ष के मोबाइल पर दी। इसके बाद वहां से पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन की। प्राध्यानध्यापक शंभू कुमार के द्वारा इस संबंध में चौक थाना में लिखित आवेदन मामला दर्ज करने को दिया गया है। इसके पूर्व भी वर्ष 2020 में स्कूल परिसर में हुए बिजली वायरिंग को उखाड़ कर चोर तार की चोरी कर ले गया था। चौक थानाध्यक्ष गौरी शंकर गुप्ता ने बताया कि आवेदन मिलने के बाद कांड 188/22 दर्ज किया गया है। इसके अनुसंधान की जिम्मेवारी सहायक अवर निरीक्षक वाई राम को दिया गया है।

# कोचिंग में दो छात्रों के बीच हुई मारपीट



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

चौक थाना क्षेत्र के चौकशिकारपुर स्थित कंप्यूटर कोचिंग संस्थान के क्लास रूम में किसी बात को लेकर दो छात्रों के बीच जमकर मारपीट की घटना हुई। छात्रों ने एक-दूसरे की पिटाई करने के लिए अपना बेल्ट निकाला और एक-दूसरे पर प्रहार करना शुरू कर दिया। पूरा मामला सीसीटीवी में भी कैद हो गया है। इसके वायरल होने बाद गार्जियन भी अपने बच्चों की जानकारी लेने पहुंचने लगे। मारपीट के बीच प्रबंधक राजकिशोर चौरसिया भी मामले को शांत कराने की कोशिश की, मगर मारपीट कर रहे छात्रों ने उनकी भी एक नहीं सुनी। तभी प्रबंधक राजकिशोर चौरसिया ने चौक थाने की पुलिस को सूचित किया। मौके पर पुलिस पहुंची, मगर पुलिस को देखते ही मारपीट करने वाले दोनों छात्र भाग निकले। पुलिस छानबीन शुरू कर दी। इसी बीच मौका पाकर दोनों छात्र वहां से भाग खड़े हुए। बाद में उक्त कंप्यूटर कोचिंग संस्थान में लगे सीसीटीवी में पूरी घटना कैद हो गई और छात्रों ने उसे वायरल कर दिया। नतीजा यह हुआ कि गार्जियंस ने इसे देखने के साथ एक-दूसरे से संपर्क किया और कोचिंग संस्थान में पहुंचना शुरू कर दिए और मामले को समझ अपने बच्चे को लेकर चल दिए।

# युवा देश की धरोहर हैं : ललन सिंह

बाढ़, प्रात : किरण संवाददाता




युवा जदयू के द्वारा युवा समागम का आयोजन बाढ़ के डाक बंगला के प्रांगण में हुआ। इस कार्यक्रम का उद्घाटन जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह मुंगेर सांसद राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने किया ।उन्होंने कहा कि युवाओं को बिहार सरकार द्वारा मिल रहे लाभ को लेना चाहिए। बिहार देश में ऐसा राज्य है जो युवाओं को पढ़ने लिखने के लिए चार लाख तक का लोन दिया जाता है। बेरोजगार युवाओं को इंटरव्यू और अन्य चीजों के लिए प्रति माह ₹1000 देने का प्रावधान किया गया है। यह सभी जाति एवं धर्म के लोगों के लिए बराबर है। युवा देश की धरोहर है और हर युवा में एक अलग कौशल सा गुण होता है। जिसको उभारना और उसकी गुणवत्ता में सुधार करने के लिए हर प्रखंड में कौशल विकास केंद्र की स्थापना की गई है। सभी युवाओं को इस में प्रशिक्षण लेना चाहिए तथा इस योजना का भरपूर लाभ उठाना चाहिए।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व मंत्री नीरज कुमार ने कहा कि युवा समागम बहुत अच्छा कार्यक्रम है। और राज्य के हर युवा को इन कार्यक्रमों का बढ़-चढ़कर लाभ उठाना चाहिए। सभी वर्गों के पदाधिकारी को गांव-गांव तक पहुंचाना चाहिए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा जदयू के जिला अध्यक्ष राहुल रंजन ने किया एवं संचालन जदयू चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ० कौशलेंद्र कुमार तथा स्वागत भाषण बिहारी बीघा पंचायत के पूर्व मुखिया रणवीर कुमार पंकज ने किया ।धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश महासचिव मयंक राज ने किया ।पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक चंद्रवंशी प्रदेश महासचिव प्रो० शंकर सिंह एवं अगवानपुर के पूर्व मुखिया मुन्ना ,जदयू के जिलाध्यक्ष परशुराम पारस, नगर परिषद के चेयरमैन राजीव कुमार चुन्ना एवं छात्र नेता दीपक कुमार भी शामिल हुए।

# जीविका के सहयोग से नीरा संग्रह सह विक्रय केंद्र का दानापुर एसडीएम ने किया उद्घाटन

बिहटा, प्रात : किरण संवाददाता

शनिवार को बिहटा प्रखंड के डोमनिया पुल के पास ग्रामीण विकास विभाग एवं जीविका के सहयोग से नीरा विक्रय केंद्र का उद्घाटन दानापुर एसडीएम विक्रम वीरकर ने किया। मौके पर प्रखंड की जीविका महिलाएं एवं स्थानीय पदाधिकारी मौजूद थे। उद्घाटन के बाद दानापुर एसडीएम विक्रम वीरकर ने नीरा का भी स्वाद लिया और कहा यह काफी स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है सभी लोगों को पीना चाहिए। उसके बाद दानापुर एसडीएम ने प्रखंड के तमाम जीविका महिलाओं से भी मुलाकात किया और चल रही योजनाओं को लेकर बातचीत भी किया ।साथ ही प्रखंड में किस तरह से कार्य किया जाए इसको लेकर जीवीका महिलाओं को दानापुर एसडीएम ने कई दिशा- निर्देश भी दिया।

वैसे आपको बता दें कि पटना जिले के बिहटा प्रखंड के कुल 6 जगहों पर नीरा संग्रह सह विक्रय केंद्र का उद्घाटन हुआ है जिसमे पांच अस्थाई और एक स्थाई केंद्र शामिल है। दानापुर एसडीएम विक्रम वीरकर ने कहा कि बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग एवं जीविका दीदियां के सहयोग से एक अच्छी पहल की जा रही है जिसमें नीरा संग्रह सह विक्रय केंद्र की शुरूआत की गई है। इसी के तहत पटना जिले के बिहटा प्रखंड में प्रखंड की जीविका दीदियों के तरफ से नीरा संग्रह सह विक्रय केंद्र का शुरूआत किया गया है जो काफी अच्छा है इससे लोगों को काफी फायदा पहुंचेगा ।साथ ही एसडीएम ने कहा कि प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी का अच्छी सोच और एक पहल है।

# बिहार में खनिज संपदाओं का छुपा है भंडार : रामचन्द्र प्रसाद सिंह

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



केन्द्रीय इस्पात मंत्री रामचन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि बिहार खनिज संपदाओं का भंडार है और आने वाले दिनों में इसका फायदा बिहार को अवश्य होगा। श्री सिंह ने शनिवार जहानाबाद जिले के बराबर पहाड़ी का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि जहानाबाद जिले में लौह अयस्क का भंडार है और इससे उच्च कोटि का इस्पात बन सकता है।

श्री सिंह ने कहा कि पृथ्वी पर माता पिता से बड़ा कोई भगवान नहीं होता और इनकी सेवा से ही हमें सबकुछ मिलता है। श्री सिंह ने जहानाबाद जिले के इन्द्रपुर मखदुमपुर में स्व. लता सिंहा व जयनंदन सिन्हा की प्रथम पुण्यतिथि में शामिल होकर उनकी प्रतिमा का अनावरण भी किया। श्री सिंह ने कहा कि एक अच्छे पुत्र के लिए माता पिता की सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है और इस कथनी को पंकज कुमार ने साकार किया है। हर माता पिता की तमन्ना होती है कि उसका पुत्र आगे बढ़े और उनका नाम रौशन किया।

यात्रा के दौरान केन्द्रीय मंत्री सिंह बराबर स्थित शिव मंदिर में भगवान भोले शंकर को जल अर्पित कर वहां पूजा अर्चना कर बिहार व देश की तरक्की के लिए भागवान से प्रार्थना की। उन्होंने बराबर की गुफाओं का भी दर्शन कर इतिहास के अतीत का दर्शन किया और कहा कि बराबर की पहाड़ियों का अपना अहम स्थान है। इस मौके पर उनके साथ रहने वाले में जदयू नेता चंदन कुमार सिंह, विशन कुमार बिट्टू, प्रवीण चन्द्रवंशी, विजय शर्मा, रोहण प्रजापति, धीरज पांडेय सहित कई नेता शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### जमीनी विवाद के निपटारे को लेकर कुशेश्वरस्थान थाना परिसर में जनता दरबार आयोजित

कुशेश्वरस्थान। जमीनी विवाद निपटारे को लेकर कुशेश्वरस्थान थाना परिसर में शनिवार को थाना अध्यक्ष अमित कुमार एवं पूर्वी अंचल के राजस्व अधिकारी नादिर अयुवी के सयुक्त अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्वी अंचल से पंद्रह फरियादी पहुचे जिसमे पांच मामले का निष्पादन किया गया राजस्व अधिकारी श्री अयुवी ने बताता की पछियारही गाँव के रामरकक्षी यादव बनाम अर्जुन यादव केवटगामा गाँव के दीनानाथ पौद्दार बनाम भोला यादव सहित पांच मामलों का निष्पादन किया गया शेष दस मामलो में आगे की तिथि दी गई है मोके पर राजस्व कर्मचारी रीता चौधरी मौजूद थी वही कुशेश्वरस्थान अंचल के सीओ काफिज नवाज ने कुशेश्वरस्थान अंचल के कई जमीनी मामले जनता दरबार मे निष्पादित किये।

### दावते इफ्तार पार्टी का आयोजन

दरभंगा। शिव गार्डन स्थित मब्बी में ललित कुमार यादव मुख्य सचेतक मुख्य बिरोधी दल, बिहार विधान सभा के द्वारा दावत ए इफ्तार का आयोजन किया गया। रोजेदारो के द्वारा देश दुनिया में अमन-चैन कायम रखने की दुआऐ की गई। इफ्तार में विधायक ललित कुमार यादव जिला अध्यक्ष उमेश राय, प्रदेश महासचिव बदरे आलम बदर, जिला परिषद अध्यक्ष अध्यक्ष रेणु देवी, दरभंगा महानगर की मेयर श्री मती मुन्नी देवी बहादुरपुर से रा ज द उम्मीदवार रहे रमेश कुमार चौधरी, गौड़ा बौराम से उम्मीदवार रहे अफजल अली खान, गौड़ा बौराम के प्रखंड अध्यक्ष राजद अजय यादव, मनीगाछी के प्रखंड अध्यक्ष अलकमा, बेनीपुर के प्रखंड अध्यक्ष नीलांबर यादव बेनीपुर नगर अध्यक्ष गयाशुद्दीन तनवीर, सदर प्रखंड के प्रधान महासचिव कफील खान, बिहार राज्य खाद्य आपूर्ति के पूर्व अध्यक्ष अता करीम, लो ज पा रामविलास के राष्ट्रीय महासचिव शाहनवाज कैफी, ओमप्रकाश खेडिया, शत्रुघ्न प्रसाद यादव, डॉक्टर सब्बीर अहमद, बलराम राम, सुभाष महतो, कुशेश्वर महतो, पुर्व पी पी कौशर इमाम हाशमी, सफदर इमाम साहेब के अलावा सैकड़ों रोजेदारों ने इस दावत ए इफ्तार में सामिल हुए।

# व्यवहार न्यायालय को ले प्रस्तावित भूमि स्थल का न्यायाधीश ने किया निरीक्षण

भूमि को लेकर सिंचाई विभाग के निरक्षण भवन परिसर में बैठक कर विस्तृत जानकारी लेते हुए विचार विमर्श किया

मधुबनी, प्रात: किरण संवाददाता



**निरीक्षण**

- कुल 06 एकड़ भूमि का स्थल निरक्षण के दौरान एसडीएम सीओ थाना अध्यक्ष मौजूद


मधुबनी जिला के जयनगर अनुमण्डल क्षेत्र में प्रस्तावित व्यवहार न्यायालय निर्माण को लेकर शनिवार को चयनित भूमि स्थल का जिला एवं सत्र न्यायाधीश राज किशोर राय के द्वारा स्थल निरक्षण को लेकर जयनगर पहुँचे। न्यायाधीश राज किशोर राय के द्वारा एसडीएम बेबी कुमारी सीओ सुधीर कुमार थाना अध्यक्ष सजंय कुमार के साथ प्रस्तावित भूमि को लेकर सिंचाई विभाग के निरक्षण भवन परिसर में बैठक कर विस्तृत जानकारी लेते हुए विचार विमर्श किया।

बैठक के पश्चात न्यायाधीश अधिकारियों के साथ प्रखण्ड क्षेत्र के बेलही पंचायत स्थित बेला बेलही मौजा कुल छः एकड़ चयनित भूमि स्थल का निरक्षण कर विस्तृत जानकारी ली। व्यवहार न्यायालय के लिए चयनित स्थल भूमि प्रस्ताव को लेकर सन्तोष और सहमती जताते हुए उपयुक्त बताया। न्यायाधीश राज किशोर राय के द्वारा एसडीएम और सीओ को प्रस्ताव को भेजने को लेकर आगे की करवाई हेतू आवश्यक दिशा निर्देश दिये। एसडीएम बेबी कुमारी के द्वारा ईस सन्दर्भ में पूछे जाने पर जानकारी दी गई कि अनुमंडल क्षेत्र में प्रस्तावित चयनित भूमि स्थल पर व्यवहार न्यायालय निर्माण को लेकर न्यायालय खोले जाने को लेकर प्रशासनिक तैयारी प्रारंभ कर दी गई है।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश राज किशोर राय जयनगर पहुंचकर अधिकारियों के साथ विचार विमर्श कर व्यवहार न्यायालय के लिए प्रस्तावित भूमि का स्थल निरीक्षण किया गया। स्थल निरीक्षण के के बाद उन्होंने व्यवहार न्यायालय के चयनित भूमि का अवलोकन करते हुए प्रस्ताव को लेकर अधिकारियों को आगे की कारवाई हेतू सम्बंधित विभाग और वरीय अधिकारियों को भेजनें हेतू आवश्यक निर्देश दिया हैं। व्यवहार न्यायालय के लिए बेला बेलही मौजे में चयनित छः एकड़ भूमि को ले जिला एवं सत्र न्यायाधीश को विस्तार पूर्वक और अब तक की गई कागजी कारवाई से भी उन्हें अवगत कराया गया। वही जानकारी के मुताबिक वर्ष 2019 से ही व्यवहार न्यायालय को लेकर प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई थी।

# लाउडस्पीकर पर चिल्लाने से न-तो अल्लाह मिलता है न-हीं भगवान : मंत्री जीवेश मिश्रा

अमित कुमार, प्रात: किरण संवाददाता



**मानवता**

- मानवता के हित में निश्चित तौर पर साउंड के उपयोग को कम करना चाहिए

दरभंगा। बिहार में लाउडस्पीकर विवाद की इंट्री होने के बाद पक्ष और विपक्ष नेताओं के बीच जुबानी जंग तेज है। इसी बीच दरभंगा पहुंचे बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री जीवेश मिश्रा ने ध्वनि प्रदूषण के मुद्दे पर कहा कि 18 जुलाई 2005 को सुप्रीम कोर्ट के निर्णय में साफ है कि 10 डेसीबेल से 75 डेसीबेल तक आवाज की सीमा का ही उपयोग कर सकते हैं। इस बातों पर सभी बुद्धिजीवियों को निश्चित तौर पर विचार करना चाहिए। किसी भी सरकार को नागरिक के मौलिक अधिकार के प्रति वफादार होन उन्होंने कहा कि वीडियो किसी भी धार्मिक ग्रंथ में यह नहीं लिखा हुआ है कि माइक लगाकर तुम मेरी इबादत करो या पूजा करो। तभी हम सुनेंगे और प्रसन्न होंगे। मानवता के हित में निश्चित तौर पर साउंड के उपयोग को कम करना चाहिए। अब तो ट्रक वाले भी अपनी गाड़ी के पीछे लिखवाते हैं, नो हॉर्न प्लीज। ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए पूरी दुनिया काम कर रही है। हम क्यों नहीं कर रहे हैं। इस चीज को धर्म के चश्मे से नहीं देखना चाहिए। आगे मंत्री ने कहा कि ध्वनि विस्तारक यंत्र को लगाकर कर भगवान या अल्लाह को रिझाने के बजाय मन को शुद्ध करके काम करना चाहिए। कुरान भी कहता है कि नेक इंसान बनकर अल्लाह प्राप्त होते हैं। भगवान निर्मल मन से प्राप्त होते हैं ना कि लाउडस्पीकर लगाकर चिल्लाने से प्राप्त होते हैं। अगर लाउडस्पीकर लगाकर चिल्लाने से प्राप्त होते, तो सभी चिल्लाने वाले लोग जन्नत जा चुके होते। इस प्रकार की बात का मैं विरोधी हूं। उन्होंने कहा कि जिनके पास लाउडस्पीकर नहीं है, अगर वह अजान और नमाज पढ़ते हैं तो क्या अल्लाह उनकी पुकार को नहीं सुनते हैं क्या। मैं बुद्धिजीवियों से अपील करना चाहता हूं कि 18 जुलाई 2005 को सुप्रीम कोर्ट के निर्णय में साफ है कि 10 डेसीबेल से 75 डेसीबेल तक आवाज की सीमा का ही उपयोग कर सकते हैं, इस बातों पर सभी बुद्धिजीवियों को विचार करना चाहिए। मंत्री मिश्रा ने कहा कि जो लोग कहते हैं कि अनुच्छेद 19 (1) क के तहत बोलने की आजादी है और माइक पर बोल सकते हैं। उसी अनुच्छेद 21 यह भी बताता है कि अगर आपको बोलने की आजादी है, तो हमें सुनने या ना सुनने की आजादी है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ-साफ कहा है कि देश के सभी नागरिकों को शांति से रहने का अधिकार है। यह उनका मौलिक अधिकार है। किसी भी सरकार को नागरिक की मौलिक अधिकार के प्रति वफादार होना चाहिए।

# 14 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन हेतु 12 बेंच का हुआ गठन

दरभंगा, प्रात: किरण ब्यूरो

आगामी 14 मई 2022 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय, दरभंगा, बेनीपुर एवं बिरौल में किया गया है, जहाँ पर आपसी सुलहनामे के आधार पर सुलहनीय वादों की सुनवाई होगी और वादों का निस्तारण किया जायेगा।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दरभंगा रुद्र प्रकाश मिश्र के निर्देश पर प्राधिकार के सचिव-सह-अपर जिला सत्र न्यायाधीश जावेद आलम द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर मुकदमों की सुनवाई के लिए 12 बेंच गठित किये गये हैं, इनमें व्यवहार न्यायालय, दरभंगा सदर में कुल 07 बेंच, व्यवहार न्यायालय, बेनीपुर में 03 बेंच एवं व्यवहार न्यायालय, बिरौल में 02 बेंच का गठन शामिल है जबकि व्यवहार न्यायालय, दरभंगा में गठित बेंच नम्बर-01 में संपत कुमार, ए.डी. जे-VII, दरभंगा एवं राखी कुमारी, वकील के साथ संजीव रंजन, पीठ को प्रतिनियुक्त किया गया हैं। वहीं बेंच नम्बर-02 में मनोज कुमार, सी.जे.एम., दरभंगा एवं अर्जून राम, वकील के साथ रघुनाथ झा, पीठ लिपिक को, बेंच नम्बर-03 में मो. फिरोज अकरम सब जज-VIII-सह-ए.सी.जे.एम.- VIII, दरभंगा एवं अमन कुमार झा, वकील के साथ सूर्य प्रकाश, पीठ लिपिक, को, बेंच नम्बर-04 में करुणा निधि प्रसाद आर्य, एस.डी.जे.एम., दरभंगा एवं दिलीप कुमार चौधरी, वकील के साथ प्रकाश कुमार मिश्र, पीठ लिपिक को, बेंच नम्बर-05 में गौतम कुमार, मुनसिफ-I, दरभंगा एवं संजू कुमारी, वकील के साथ मो. कलीमउद्दीन शमसी, पीठ लिपिक, तथा बेंच नम्बर-06 में संदीप कुमार सिंह, न्यायिक दण्डाधिकारी (जे. एम) फस्ट क्लास, दरभंगा एवं दिनेश कुमार मेहता, वकील के साथ अजित कुमार झा, पीठ लिपिक को तथा बेंच नम्बर-07 में सुधीर कुमार पासवान, न्यायिक दण्डाधिकारी फस्ट क्लास, दरभंगा एवं मंजू कुमारी, वकील के साथ अभय कुमार सिन्हा, पीठ लिपिक को प्रतिनियुक्त किया गया हैं।

# तेज रफ्तार आंधी-तूफान ने चार वार्डों के नल जल योजना की टंकी को उड़ाया

मधुबनी, प्रात: किरण संवाददाता



मधुबनी जिले के बेनीपट्टी प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार की देर शाम आये आंधी-तूफान से बेनीपट्टी में व्यापक पैमाने पर क्षति हुई है। कई लोगों के घर के एस्बेस्टस उड़ गये, तो कई जगहों पर बीच सड़क पर बिजली का पोल गिर पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार करहारा पंचायत के वार्ड 12 में सात निश्चय योजना के तहत नल जल योजना की पानी टंकी मीनार से नीचे दूर जा गिरी।

गनीमत था कि मीनार वाला स्ट्रक्चर रूम के पास बने रंजीत यादव के पशु शेड में एक शादी समारोह का भोजन व नास्ता तैयार कर रहे चार मजदूर बाल-बाल बच निकले। बताया जा रहा है कि हीरा यादव की पुत्री की बारात आनेवाली थी, जिसके लिये रसोइया उसी कमरे में खाना व नास्ता तैयार कर रहे थे। जहां देर शाम करीब साढ़े 8बजे नल-जल योजना के पानी टंकी धराम से पशु शेड पर आ गिरा और पशु शेड से होते हुए करीब 50 फुट दूर जाकर एक खेत में गिरी। वहीं मीनार पर लगी दूसरी टंकी भी उलट पुलट गयी लेकिन वह नीचे नही गिरी।

बता दें कि जलमीनार के टंकी रखे स्थल पर रेलिंग नही थी। सीएम सात निश्चय योजना में हुई गड़बड़ी की भी पोल इस पहली आंधी ने खोल दी है। वहीं करहारा गांव में ही साधु यादव के घर पर रखे चदरा, नीरज यादव के घर के छत से एस्बेस्टस व मोसमात पानो देवी के घर के छत पर रखे एस्बेस्टर और बांस के कमाची की बनी टाट भी ध्वस्त हो गयी। वहीं मेघवन पंचायत के वार्ड 08 में करीब आधा दर्जन लोगों के आवासीय घर के छप्पड़ उड़ गये, जिससे लोगों को घर से बाहर ही रात गुजारा करना पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार मेघवन के गुलरिया टोल के वार्ड सदस्य ननकी देवी के घर सहित रघुवीर सहनी, तिलक सहनी, हरिदेव सहनी, लालजी सहनी, अनिल सहनी समेत अन्य लोगों के घर का छप्पड़ उड़ गया। पीड़ितों ने बताया कि आंधी के साथ बारिश शुरू होते ही घर के छप्पड़ पर रखे टीन का एस्बेस्टस व फूस का छप्पर उड़ गया। कई लोगों ने बताया कि आंधी इतनी तेज थी कि घर में रखा सामान भी सुरक्षित नही कर सके। घर में रखा अनाज, कपड़ा, बच्चों का किताब-कॉपी पानी में बर्बाद हो गया। लोगों ने बताया की पूरी रात वे लोग घर से बाहर किसी तरह गुजारे हैं।

### आंधी बारिश से भारी क्षति एवं बिजली का तार एवं पोल टूटकर गिरा

शुक्रवार की रात आई आंधी तूफान वर्षा से लोगों को भारी क्षति हुई है। कई लोगों का घर के छत का स्पेस्टस उड़ गया कई जगह कई जगह बिजली के तार पर पेड़ गिरने से बिजली का तार टूट गया, तो कई जगह बिजली का पोल भी गिर गया। जिससे शनिवार को दिन भर बिजली आपूर्ति बाधित रहा लोग परेशान दिखा लोगों का मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। प्रखंड के बेलाही गाँव में बिजली के तार पर पेंड़ गिरने से झुक गया तो वहीं डोकहर गांव में 11,000 वोल्ट वाली पोल टूटकर गिर गया, जिससे दिन भर बिजली विभाग के कर्मी ठीक करने में लगा रहा। प्रखंड के मलमल गांव के मोहम्मद बरकत के घर का स्पेस्ट्स उड़ गया, जिसके वह घर विहीन हो गया। वह बहुत ही गरीब व्यक्ति था, इसके बाद कलुआही में सड़क पर पेड़ गिरने से करीब सुबह आठ बजे तक आवागमन बाधित रहा।

### धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने को लेकर मनोकामना मंदिर परिसर में बैठक हुई

**दरभंगा।** सातवीं चरण के प्राथमिक विज्ञप्ति जारी हो इसको लेकर पटना के गर्दनीबाग में होने वाली अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन को सफल बनाने को लेकर मनोकामना मंदिर परिसर में रामप्रवेश मंडल की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए भावी प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष आलोक ठाकुर ने कहा शिक्षा विभाग पिछले 3 वर्षों से छठे चरण के 94 हजार शिक्षकों की बहाली में सिर्फ 41000 सीटों पर बहाली कर पाई है। फिर भी सरकार 3 वर्षों से सीटेट बीटेट पास अभ्यर्थी लगातार सातवें चरण प्राथमिक विज्ञप्ति की मांग कर रहे हैं। शिक्षकों के लाखों पद रिक्त है फिर भी सरकार शिक्षकों की बहाली समय पर नहीं ला रही है। इसी को लेकर शिक्षक अभ्यर्थियों को सड़क पर उतरना पड़ रहा है। अगर शिक्षक अभ्यर्थियों के जायज मांगों को सरकार अभिलंब दूर नहीं करती है तो अभ्यर्थी सरकार को बाध्य कर देगी। 7 मई को गर्दनीबाग में होने वाले धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए बैठक में सरोज मंडल, युगल किशोर आदि उपस्थित थे।

# बैठक में स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों की हुई समीक्षा

मधुबनी, प्रात: किरण संवाददाता



मधुबनी जिले के खजौली सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सभागार में शनिवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० ज्योतेन्द्र नारायण की अध्यक्षता में स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों की समीक्षा को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर संचालित स्वास्थ्य सबंधी विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। इस क्रम में 12 से 14, 15 से 18 एवं 18 प्लस सहित अन्य आयुवर्ग के लोगों के टीकाकरण, टेलीमेडिसिन सहित अन्य कार्यक्रमों की उपलब्धि पर संतोष प्रकट किया गया।

वहीं दो अप्रैल से शुरू होने वाले मिशन इन्द्र धनुष तीसरी चरण की सफलता पर भी चर्चा की गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० ज्योतेन्द्र नारायण ने कहा कि कोरोना के कारण स्वास्थ्य संबंधी कई कार्यक्रमों में सीएचसी का ग्राफ जिला स्तर पर नीचे चला था, जिसमें अब आशातीत सुधार हुआ है।

उन्होंने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों को सफल बनाने हेतु प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का आग्रह किया। बैठक में स्वास्थ्य प्रबंधक प्रभात कुमार, बीसीएम उषा कुमारी चंचला, राजेश कुमार, नागेंद्र गौड़, साकेत कुमार, अरविंद कुमार मिश्र, सरिता कुमारी, आशा कुमारी, रिंकी कुमारी, प्रमिला कुमारी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# शांति समिति की बैठक में कई निर्णय

मधुबनी, प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जिले के लदनियां थाना परिसर में शांतिपूर्ण ईद पर्व मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक शनिवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ अखिलेश्वर कुमार ने की। बैठक में ईद पर्व पर भाईचारे को हरहाल में कायम रखने संबंधी चर्चा हुई। बीडीओ श्री कुमार ने सभी लोगों से ईद पर्व को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की अफवाह से दूर रहे। ईद के अवसर पर होने वाले भीड़भाड़ को देखते हुए कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए लोगों को जागरूक करें। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अगर लोगों को ईदगाह तक जाने में किसी प्रकार की समस्या हो तो प्रशासन को अवश्य बताएं। समय रहते इसका समाधान निकाला जाएगा। थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि ईद का पर्व आपसी भाईचारे का पर्व है। विदित हो कि कोरोना के कारण दो वर्षों के बाद इसबार ईदगाह में ईद की नमाज पढ़ी जाएगी।

थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के लगभग सभी ईदगाहों पर सुरक्षा व्यवस्था के लेकर पुलिस बल तैनात रहेंगे। लोगों से प्रशासन को सहयोग करने की अपील की। थानाध्यक्ष ने कहा कि ईद के मौके पर शांति भंग करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा। उनकी पहचान कर कठोर कानूनी करवाई की जाएगी। इस बैठक में शामिल लोगों ने अपने-अपने विचार रखे और सभी प्रकार के सहयोग का संकल्प लिया।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति बैंकिंग एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की हुई बैठक

मधुबनी, प्रात: किरण संवाददाता

**उपलब्धि**

- सीडी रेशियो एवम एसीपी में शत प्रतिशत उपलब्धि को हर-हाल में प्राप्त करे बैंक : डीएम

जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति बैंकिंग एवम जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिलाधिकारी अमित कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सीडी रेशियो एवम एसीपी में सभी बैंक शत प्रतिशत उपलब्धि को हर-हाल में प्राप्त करे।

उन्होंने निर्देश दिया कि जीविका का लोन आवेदन लक्ष्य के अनुसार समस्त बैंकों को भेजा जाए जिससे एसीपी तथा साख जमा अनुपात में वृद्धि हो सके। उन्होंने पीएमईजीपी योजना के तहत सभी बैंकों को लक्ष्य प्राप्ति करने का निर्देश दिया। समग्र गव्य विकास पर समीक्षा के क्रम में कहा कि वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए चयनित आवेदन को यथाशीघ्र बैंकों को भेजा जाए ताकि समय ऋण स्वीकृत हो सके। मुद्रा ऋण स्टैंड अप इंडिया के तहत जिले अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों को लोन पूरी सहजता के साथ उपलब्ध करवाने का निर्देश दिया। नीलाम पत्र वाद के समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार की कठिनाई होने पर संबंधित बैंक जिला नीलाम पत्र अधिकारी से संपर्क कर वाद के निष्पादन में सहयोग प्राप्त कर सकते है। उन्होंने बैंकों को किसान क्रेडिट कार्ड योजना में भी शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नीलाम पत्र वादों में लंबित महत्वपूर्ण मामलों की सूची बैंक अविलम्ब उपलब्ध करवाए। जिलाधिकारी ने कहा कि साख जमा अनुपात में बड़े बैंक अपने प्रदर्शन में सुधार करें, साथ ही सभी बैंकों को प्राप्त आवेदन के विरुद्ध लोन स्वीकृति की सूची उपलब्ध करवाने का भी निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया। उक्त बैठक में डीडीसी विशाल राज, उप समाहर्ता बैंकिंग बालेन्दु पांडे, जिला कृषि पदाधिकारी अशोक कुमार, एलडीएम सुधीर कुमार प्रसाद सिंह, डीपीएम जीविका रिचा गार्गी सहित जिले के सभी बैंकों के बैंक समन्वयक आदि उपस्थित थे।

# सखी बहिनपा मैथिलानी समूह ने दिया धरना

मधुबनी, प्रात: किरण संवाददाता



**भाषा**

- आरती झा का कहना है की मैथिली एक प्राचीन एवं समृद्ध भाषा है

सखी बहिनपा मैथिलानी समूह, मधुबनी द्वारा मिथिला क्षेत्र मे प्रारंभिक शिक्षा मैथिली माध्यम से दिया जाय। भारत सरकार शिक्षक पात्रता परीक्षामे परीक्षामे मैथिली बिषय को शामिल करे, मिडिया के क्षेत्र में मैथिली को वरीयता दिया जाय आदि माँगों को लेकर जिला समाहरणालय मधुबनी के सामने एक दिवसीय धरना-उपवास किया गया।

उनके समर्थन में पाठशाला मे मैथिली संघर्ष समिति के सदस्यों ने भी धरना दिया। आपको बता दे की सखी-बहिनपा मैथिलानी समूह की स्थापना मैथिली भाषा को उसका उचित स्थान दिलाने के उद्देश्य से आरती झा द्वारा की गई। आरती झा का कहना है की मैथिली एक प्राचीन एवं समृद्ध भाषा है, जिसको आम बोलचाल के साथ-साथ कामकाज में अधिकाधिक प्रयोग द्वारा हीं संरक्षित किया जा सकता है। धरना स्थल पर आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए सखी बहिनपा मधुबनी की संयोजिका छाया मिश्रा ने कहा मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करना बच्चों का मौलिक अधिकार है। शिक्षा अधिकार अधिनयम 2009 और नयी शिक्षा नीति-2020 में भी बच्चों को अपने मातृभाषा में शिक्षा देने की बात कही गयी है।

इसलिए हम बिहार सरकार से और भारत सरकार दोनों से यह माँग करते हैं कि मिथिला क्षेत्र अवस्थित विद्यालयों चाहे, वह बिहार सरकार के द्वारा संचालित हो या केन्द्र सरकार के द्वारा यहाँ बच्चों को इसी सत्र से मातृभाषा में शिक्षा देने की बात सुनिश्चित करने का काम किया जाय। साहित्यकार और मैथिली अभियानी दिलीप कुमार झा ने कहा कि संसार के सभी शिक्षा विशेषज्ञ मातृभाषा माध्यम से शिक्षा को सर्वग्राही और सर्व समावेशी मानते हैं। मैं बिहार सरकार से पत्र संख्या 529 दिनांक 12/09/1973 को फिर से लागू करने की माँग करता हूँ, जिसके माध्यम से सम्पूर्ण मिथिला क्षेत्र के विद्यालयों में मैथिली माध्यम से प्रारंभिक शिक्षा आरंभ किया गया था। जिसे बाद में किसी कारणवश सरकार ने बन्द कर दिया। पाठशालामे मैथिली संघर्ष समिति के संयोजक प्रीतम कुमार निषाद ने सरकार से अबिलंब मैथिली माध्यम से शिक्षा देने की माँग की। श्री निषाद ने धरना सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि मैथिली सभी वर्ग समूह की भाषा है। मातृभाषा के माध्यम से शिक्षा आरंभ होने से सबसे अधिक लाभ अभिवंचित वर्ग के बच्चों को होगा, जिनके घर में आज तक शिक्षा का दीप नहीं जला है। वहाँ रोशनी पहुँचाने के लिए सबसे जरूरी काम है। मैथिली माध्यम से प्राथमिक शिक्षा। सखी बहिनपा समूह की ओर से वन्दना झा ने कहा मातृशक्ति मातृभाषा को बचाने के लिए अब आगें आ गयी हैं, सरकार इसे विद्यालय में लागू करे। हमलोग अपने घरों अपने बच्चों से मात्र मातृभाषा में ही संवाद करें।

इस धरना सभा को डा० रानी झा, कल्पना सिंह, रागिनी कुमारी, निरजा सिंह, सुमन कुमार आदि ने सम्बोधित किया। ज्योतिरमण झा बाबा, आशीष कुमार मिश्र, प्रो० इश्तियाक अहमद, प्रो० वंशीधर मिश्र, अनिल मिश्र, अभिषेक कुमार झा, गोपाल झा अभिषेक, बलराम मिश्र मैथिल, श्रीनारायण मिश्र, पुष्पा झा, प्रिया झा, वीरेन्द्र साह, अरविन्द प्रसाद, अम्बे मिश्र आदि ने सम्बोधित किया।

### अब टीबी के ड्रग रेजिस्टेंट और ड्रग सेंसेटिव मरीजों को नहीं लगाया जाएगा इंजेक्शन

**मधुबनी।** अब टीबी ड्रग रेजिस्टेंट और ड्रग सेंसेटिव मरीजों को नहीं लगाया जाएगा इंजेक्शन। ओरल रेजिमेन से उपचार होगा। इसके लिए यक्ष्मा विभाग के अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ० बाल कृष्ण ने सभी जिलों के संचारी रोग पदाधिकारी को चिट्ठी जारी की है। डीपीसी पंकज कुमार ने बताया कि पीएमडीटी गाइडलाइन 2021 के अनुसार अब शॉर्टर इंजेक्टेबल रेजिमेन को बंद कर ओरल ड्रग रेजिमेन के द्वारा टीबी रोगियों का उपचार करने का निर्देश प्राप्त हुआ है। इस संबंध में 19 अप्रैल 2022 को भारत सरकार के उप महानिदेशक यक्ष्मा ने भी पत्र जारी किया है। उन्होंने बताया कि ओरल ड्रग रेजिमेन में एक निश्चित सीक्वेंस के अनुसार टीबी मरीजों का उपचार किया जाता है। इसके साथ ही 30 मार्च 2022 को आयोजित की गई वर्चुअल मीटिंग में भी डिफिकल्ट टू ट्रीट टीबी केस के विषय में चर्चा करते हुए कहा गया कि शीघ्र ही कानामाइसिन, सेपरियो माइसिन आदि इंजेक्शन के स्टॉक को एक्सपायर होने से पहले उपयोग कर लिया जाय। उन्होंने बताया कि पीएमडीटी गाइडलाइन 2021 के अनुसार आगे से कानामाइसिन, सेपरियो माइसिन, एमिकैसिन और स्ट्रिप्टो माइसिन जैसे इंजेक्शन की आपूर्ति नहीं की जाएगी।

# विदाई समारोह का आयोजन



कुशेश्वरस्थान, प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा कुशेश्वरस्थान पूर्वी प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रमुख कक्ष में विदाई समारोह का आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारी किशोर कुमार के अध्यक्षतो में की गई।

प्रखंड के प्रधान सहायक रामानन्द ठाकुर के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह आयोजित कर उन्हें विदाई दी गई वही प्रधान सहायक श्री ठाकुर ने बताया की में अपने कार्यकाल में चालीस वर्ष ग्यारह महीने एव 26 दिन में अपना योगदान दिये वही बीडीओ श्री कुमार ने उन्हें पाग माला एव चादर से सम्मानित किया वही बीडीओ श्री कुमार ने बताया की प्रधान सहायक के पद पर रहते हुये श्री ठाकुर ने अपना योगदान पूरे ईमानदारी के साथ किया एव उन्होंने कभी भी इतने दिन के कार्यकाल में एक भी दाग नही लगा।

प्रधान सहायक श्री ठाकुर ने कई वर्षा तक कुशेश्वरस्थान पूर्वी अंचल कार्यालय एव प्रखंड कार्यालय में अपना योगदान दिये एवं प्रखंड कार्यालय के प्रधान सहायक के पद पर रहते हुये यहा से सेवा निवृत्त हो रहे है। मोके पर सीओ अखिलेश कुमार, शशि कुमार जितेंद्र ठाकुर, प्रमोद कुमार, पंकज चौधरी नीतीश कुमार, जगरनाथ ठाकुर, प्रवीण आजाद ब्रजेश कुमार अमित कुमार सहित सभी प्रखंड एव अंचल कर्मी उपस्थित थे।

### 14 वर्षीय नाबालिग लड़की की अपहरण, पुलिस ने एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**मधुबनी।** मधुबनी जिले के हरलाखी थाना क्षेत्र की एक गांव से 14 वर्षीय नाबालिग लड़की का अपहरण होने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले को लेकर अपहत लड़की के दादा ने सात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी है। हालांकि मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक विगत गुरुवार की सुबह पांच बजे जब लड़की का दादा सोकर उठे तो देखा कि लड़की घर में नही थी। खोजबीन के क्रम में पता चला कि स्थानीय थाना क्षेत्र के नहर्निया गांव निवासी मो० बबलू, मो० नजाम, मो० चांद, मो० राजा, मो० अफरोज, मो० आशिक व जयनगर निवासी मो० उम्मी, जो अपने मामा नहर्निया के डिलर ईमरान मंसूरी के घर आया हुआ है, और सभी एक राय कर साजिश के तहत धर्म परिवर्तन के उद्देश्य से लड़की को अपहरण की है। वहीं प्राथिमिकी दर्ज के बाद कांड के एक अभियुक्त नहर्निया गांव निवासी मो० अफरोज को पुलिस जेल भेज दिया है। इस बाबत थानाध्यक्ष अनोज कुमार ने बताया कि अपहत लड़की को जल्द बरामद के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, रविवार, 01 मई 2022

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran   www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### श्रम दिवस के अवसर पर जिले में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

जहानाबाद। जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जहानाबाद के निर्देशानुसार तथा श्रम दिवस के अवसर पर श्रमिकों को जागरुक करने के उद्देश्य से कार्यक्रम किया जा रहा है। श्रम दिवस के अवसर पर जिले में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें नालसा (असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को कानूनी सेवाएं) योजना- 2015 पर परिचर्चा किया जाएगा। यह विशेष विधिक जागरुकता शिविर कार्यक्रम जहानाबाद जिले में रेशमा ग्रामीण संघ, राजा बाजार, जहानाबाद (एन0जी0 ओ0) में आयोजित किया जा रहा है। सचिव, जिला विधिक सेवा जागरूकता समिति, जहानाबाद द्वारा प्रेषित है कि शिविर का आयोजन जहानाबाद एवं अरवल जिले में किया जा रहा है, जिसका विषय निर्धारित है। जिस भी व्यक्ति को सलाह कि आवश्यकता है वे संबंधित शिविर स्थल पर उपस्थित होकर, संबंधित विषय पर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही कोरोना वायरस संक्रमण के ध्यान में रखते हुए सभी शिविर स्थल पर कोविड-19 के तहत जारी राज्य सरकार निदेशों का पालन किया जाएगा।

### केंद्रीय मंत्री ने बाबा सिद्धनाथ मंदिर का किया दर्शन

मखदुमपुर। आजादी के बाद पहली बार किसी केंद्रीय मंत्री ने मखदुमपुर प्रखंड के वाणावर पहाड़ स्थित बाबा सिद्धनाथ मंदिर का किया दर्शन, बताते चलें के शनिवार के दिन केंद्रीय इस्पात मंत्री आरसीपी सिन्हा ने वाणावर पहाड़ स्थित बाबा सिद्ध नाथ मंदिर पहुंचकर रुद्राभिषेक किया और पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की, इस मौके पर उनके साथ पूरा प्रशासनिक महकमा मौजूद था, वहीं पहली बार किसी केंद्रीय मंत्री पहाड़ की चोटियों पर चढ़ कर बाबा सिद्धनाथ मंदिर का दर्शन करने पहुंचे थे, जिसे लेकर वहां पुजारियों और ग्रामीणों में काफी उत्साह का माहौल देखा गया, वहीं केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिन्हा ने कहा के वाणावर प्राकृतिक का एक ऐसा धरोहर है जिसे देख कर मन को शांति मिली उन्होंने कहा के लोगों को पूजा पाठ करते रहना चाहिए इससे मन को शांति मिलती है। इस मौके पर जयप्रकाश चंद्रवंशी, रंजन कुमार, निर्भय कुमार गुड्डू, विपिन कुमार यादव, विशन सिंह, सहित दर्जनों जदयू के नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

### चोरी का आरोप लगाकर लोगों ने युवक पीटा

जहानाबाद। बारा गांव में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब गांव के ही कुछ लोग भैंस चोरी का आरोप लगाकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने लगे। घायल व्यक्ति का नाम रवि रंजन कुमार बताया जाता है। उसके परिजन का कहना है कि मेरे गांव में कुछ दिन पहले मेरे बगल के पड़ोसी के भैंस चोरी हो गया था। चोरी के बाद से पड़ोसी द्वारा मेरे परिवार पर भैंस चोरी का आरोप लगा रहा था। उन लोगों का कहना है कि तुम ही लोगों द्वारा मेरे भैंस को चोरी कराया गया है। इसी बात को लेकर शनिवार को दोनों के बीच कहासुनी होने लगी कहासुनी होते होते उन लोगों द्वारा लाठी डंडे लेकर मेरे परिवार को सदस्य रवि रंजन कुमार पर प्रहार कर दिया। मारपीट कर घायल कर दिया। घायल व्यक्ति को इलाज के लिए सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

# जिलाधिकारी ने की जल जीवन हरियाली अभियान की समीक्षा




जहानाबाद, प्रात: किरण संवाददाता

जिला पदाधिकारी हिमांशु कुमार राय के निदेशानुसार उप विकास आयुक्त अरविंद मंडल के अध्यक्षता में जल जीवन हरियाली अभियान की समीक्षा की गई। सर्वप्रथम जिला गंगा कमिटी के कार्यो की समीक्षा किया गया।

सभी संबंधित विभागों को कार्य योजना तैयार कर कार्यालय में समर्पित करने का निर्देश दिया गया। कृषि विभाग, नगर परिषद् , जल संसाधन, वन एवं पर्यावरण , मनरेगा इत्यादि विभागों को एक सप्ताह में कार्य योजना बनाकर कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया । नदी से जुड़ने वाले नालों को चिन्हित करने, वृक्षारोपण , नदी घाट, नेचुरल / आर्गेनिक फार्मिंग के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये गये व आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत अमृत सरोवर का निर्माण कार्य की समीक्षा किया गया। इसके अंतर्गत जिले में 75 नये पोखर का निर्माण / जीर्णोद्धार किया जाना है। सभी कनीय अभियंताओं को अमृत सरोवर एवं जल जीवन हरियाली पोर्टल पर उपलब्ध डाटा को भौतिक रूप से सत्यापन कर दो दिनों के अन्दर कार्य प्रारंभ किये जाने वाले पोखरों की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। अमृत सरोवर का क्षेत्रफल कम से कम 01 एकड़ का होगा । अमृत सरोवर निर्माण की योजना में महात्मा गाँधी नरेगा के साथ 15 वी वित आयोग, PMKSY-WDC, PMKSY-HKKP निधि का उपयोग किया जायेगा । मनरेगा योजना के तहत अब तक कुल 25 तालाबों को चिन्हित किया गया है, जिसे अमृत सरोवर के रूप में विकसित किया जायेगा। सभी कार्यक्रम पदाधिकारी को दो दिनों के अंदर सत्यापन कर अधिक से अधिक

**समीक्षा**
- सभी संबंधित विभागों को कार्य योजना तैयार कर कार्यालय में समर्पित करने का निर्देश दिया गया

तालाबों को अमृत सरोवर में विकसित करने हेतु चिन्हित करने का निदेश दिया गया। जल जीवन हरियाली अभियान अंतर्गत सृजित परिसंपति को शतप्रतिशत जियो टैगिंग करने का निर्देश दिया गया। शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग ,नगर परिषद् , लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग , पशु एवं मत्स्य विभाग एवं भवन निर्माण से संबंधित कार्यों के जियो टैगिंग संतोषजनक नहीं पाया गया। संबंधित को एक सप्ताह में प्रतिवेदित आंकड़ो के अनुसार जल जीवन हरियाली पोर्टल पर प्रविष्टि एवं जियो टैगिंग का निर्देश दिया गया। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त के साथ जिला कार्यक्रम पदाधिकारी बिकेश कुमार, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमंडल, नगर प्रबंधक, सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा एवं सभी कनीय अभियंता उपस्थित थे।

# वैदिक मंत्रोचार के बीच पर्यटक स्थल का किया गया शिलान्यास

मझौलिया, प्रात: किरण संवाददाता



प्रखंड क्षेत्र के माधोपुर पंचायत स्थित अमवा मन में पर्यटक मंत्री नारायण साह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह बेतिया सांसद डॉक्टर संजय जयसवाल बिहार सुबह के उपमुख्यमंत्री रेणु देवी ने संयुक्त रुप से पर्यटन का शिलान्यास किया। पर्यटन मंत्री नारायण साह ने बताया कि बिहार सरकार द्वारा 14 करोड़ की लागत से तैयार कराया जा रहा है। जिसको लेकर कार्य तेजी से चल रहा है।

इस मौके पर पर्यटन मंत्री नारायण साह ने बताया कि पहले चंपारण के लोग घूमने फिरने के लिए गोवा व चंडीगढ़ जाते थे अब वह दिन दूर नहीं कि लोग चंपारण में अमवा मन, बाल्मीकि नगर, आदि जगहों पर आकर पर्यटन का लुफ्त उठा सकते हैं। इसके लिए सरकार दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने बताया कि यह प्रोजेक्ट तकरीबन 75 करोड़ का था जिसे काटकर 14 करोड़ किया गया है। पर्यटक बढ़ते जाएंगे तो इसका और भी विस्तार किया जाएगा। यहां पर पर्यटक आकर मोटर बोटिंग,कायाकिंग,टोवेबल बोटिंग,आदि का लुफ्त भी उठा सकते हैं। इस मौके पर डॉक्टर संजय जयसवाल ने कहा उनका सपना साकार हो गया है अब पश्चिमी चंपारण में भी पर्यटक घूमने के लिए देश व विदेशी पर्यटक भी पश्चिमी चंपारण का रुख करेंगे। जिससे यहां के लोगों को रोजगार मिल सकेगा। वहीं उप मुख्यमंत्री रेनू देवी ने कहा कि जब वह पंचायती राज विभाग की मंत्री थी तब उसने तकरीबन 1 करोड़ की लागत से आमवा मन को विकसित करने का बीड़ा उठाया एवं मिट्टी वर्क कार्य को बढ़ाया। वहीं पर्यटन मंत्री नारायण साह से मिलकर इसे को विकसित करने पर बल दिया गया। जो अब विस्तार हो रहा है। वही इस महती सभा की अध्यक्षता कामेश्वर सिंह ने की जबकि इसका संचालन भाजपा के जिला अध्यक्ष दीपेंद्र सराफ ने की। इस मौके पर भाजपा नेता सुशील जायसवाल, भिखारी सिंह ,राजू सहनी, जय प्रकाश कुमार, मनु बाबू कुशवाहा ,ताराचंद यादव, संदीप श्रीवास्तव,सहित सैकड़ों की तादाद में भाजपा कार्यकर्ता इस मौके पर मौजूद रहे।

### नोआवां गांव में लू लगने से युवक की मौत

**रतनी, फरीदपुर।** शकूराबाद थाना क्षेत्र के नोआवां गांव के बाधार में लू लगने से 32 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार नोआवां गांव मे बीते गुरूवार को अरवल जिले के रामपुर चौरम थाना क्षेत्र के डोरंडा से बारत आया था। बारत में मदन राजबंशी भी बारात आया था। बारात बिदा भी हो गया, परंतु किसी कारणवश मदन को छोड़कर बारात वाले चले गए। मदन गांव जाने के क्रम में रास्ता भूल गया तथा धूप तथा लू की चपेट में आने के कारण नोआवां के दक्षिण दिशा बधार में दम तोड़ दिया। मदन जब घर नही लौटा तो, पिता झलकदेव राजवंशी खोजबीन करते नोआवां आ पहुंचा। रात्रि करीब आठ बजे अपने पुत्र के शव मिलने पर शकूराबाद थाने को सूचित किया। घटना की सूचना पाकर थानाध्यक्ष घटना स्थल पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जहानाबाद भेजा।

### भूमि विवाद को लेकर जनता दरबार का आयोजन

**रतनी, फरीदपुर।** अंचलाधिकारी कौशल्या कुमारी तथा थानाध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद ने भूमि विवाद के निपटारा को लेकर संयुक्त रुप से जनता दरबार लगाया। अंचलाधिकारी ने बताया की जनता दरबार में दो मामले प्रतिवेदित हुया तथा पूर्व का दो मामलो में दोनो पक्षो की बात को सुना गया। अंचलाधिकारी ने बताया कि शकूराबाद मे नेहालपुर मोड़ के पास निजी जमीन में रास्ते लेने के मामलों पर, स्थल पर जाकर मुआयना किया।

# गया: एनसीसी कैडेटों ने चलाया स्वच्छता अभियान




गया, प्रात : किरण संवाददाता

महाबोधि बेलागंज कॉलेज के द्वारा 27 बिहार बटालियन एनसीसी के बैनर तले नियामतपुर सूर्य मंदिर सरोवर के समीप स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान का नेतृत्व सीटीओ सुनील कुमार पांडे ने की। इस मौके पर एनसीसी के सीटीओ सुनील कुमार पांडे ने एनसीसी कैडेटों को बताया कि स्वच्छता एक अच्छी आदत है जिसे हमें अच्छे स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवन के लिए अपनाना चाहिए यह हमें मानसिक शारीरिक सामाजिक और बौद्धिक रूप से स्वस्थ रखता है हमें आस-पास के वातावरण को साफ रखना चाहिए ताकि किसी प्रकार की बीमारी ना फेले। सूखे और गीले कचरे को हमें अलग-अलग हरे और नीले कूड़ेदान में डालना चाहिए। इस मौके पर प्रिंसिपल उपेंद्र कुमार, प्रोफेसर संजय कुमार पांडे, डॉ पुष्पा कुमारी, नयनतारा, प्रोफेसर विनोद कुमार, प्रोफेसर सूर्यदेव प्रसाद, प्रतिमा कुमारी के अलावे एनसीसी के सीनियर कैडेट धीरज कुमार अकेला अजीत कुमार अतुल कुमार रामानंद आशीष रंजन मुस्कान प्रवीण, काजल,सोनाली,नुजारत फातमा, सहित कई एनसीसी कैडेट शामिल थें।

# जहानाबाद: शराब कारोबारियों पर चला उत्पाद न्यायालय का डंडा

जहानाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

- तीन आरोपियों को पांच पांच साल का कठोर कारावास

शराब कारोबारियों पर शनिवार को एक बार फिर उत्पाद न्यायालय का डंडा चला है। व्यवहार व्यवहार न्यायालय स्थित अनन्य उत्पाद न्यायालय दो के न्यायाधीश धीरेंद्र मिश्र की अदालत ने दो अलग-अलग मामलों में सुनवाई करते हुए कमलेश कुमार विमल चौधरी तथा शंकर चौधरी को पांच पांच साल का कारावास एवं एक एक लाख रुपया अर्थदंड भुगतान करने का फैसला सुनाया।

अर्थदंड की राशि का भुगतान नहीं करने पर तीनों आरोपियों को एक एक साल का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। उपरोक्त आशय की जानकारी विशेष लोक अभियोजक उत्पाद प्रमोद कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि इस मामले में अरवल थाने में पदस्थापित सहायक अवर निरीक्षक प्रवीण कुमार ने जिन पूरा गांव निवासी कमलेश कुमार को नामजद कर प्राथमिकी दर्ज कराया था। दर्ज प्राथमिकी में सूचक ने आरोप लगाया था कि 5 दिसंबर 2021 को सूचना मिली की जिनपूरा गांव निवासी कमलेश कुमार अपने घर में अवैध महुआ शराब लाकर बिक्री कर रहा है। सूचना के सत्यापन को लेकर जब छापामारी दल रात्रि को 12:15 बजे जिनपूरा गांव पहुंचा तब एक व्यक्ति पुलिस बल को देखकर भागने लगा ।जिसे खदेड़ कर पकड़ लिया गया। पकड़ाए व्यक्ति ने पूछताछ करने पर अपना नाम कमलेश कुमार बताया । जिसके घर की तलाशी ली गई तो उसके घर पर प्लास्टिक के गैलन में रखा हुआ 30 लीटर अवैध महुआ शराब जप्त किया गया। जबकि दूसरे मामले में किंजर थाने में पदस्थापित प्रशिक्षु पुलिस अवर निरीक्षक हरिकांत कुमार ने थाना क्षेत्र के नगला पोखर निवासी विमल चौधरी तथा शंकर चौधरी को नामजद कर किंजर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया था। दर्ज प्राथमिकी में सूचक ने आरोप लगाया था कि 28 दिसंबर 2021 को गुप्त सूचना मिली कि नगला पोखर निवासी शंकर चौधरी तथा विमल चौधरी अवैध महुआ के शराब का बिक्री कर रहा है। सूचना के सत्यापन पर जब छापामारी दल नगला पोखर स्थित शंकर चौधरी के घर के पास पहुंचा तो छापामारी दल को देखकर शंकर चौधरी का परिवार और शंकर चौधरी भाग गया ।जब उसके घर की तलाशी ली गएई तो प्लास्टिक के बोतल में रखा दो लीटर देसी महुआ का शराब बरामद हुआ। जब विमल चौधरी के घर में छापामारी करने के लिए छापामारी दल पहुंचा तो विमल चौधरी एवं उसका परिवार पुलिस को आता देख कर फरार हो गया। उसके घर की तलाशी लेने पर प्लास्टिक के बोतल में रखा हुआ एक लीटर अवैध महुआ शराब बरामद किया गया। साथ ही उसके घर से एक तसला टिन का बर्तन प्लास्टिक का पाइप तथा शराब निर्माण में उपयुक्त उपकरण बरामद किया गया था।

# औरंगाबाद: दहेज लोभी को आजीवन कारावास की सजा

औरंगाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडीजे दस रत्नेश्वर कुमार सिंह ने कासमा थाना कांड संख्या 40/19 में दोषी ठहराए गए एक मात्र काराधिन अभियुक्त सनीश कुमार, बक्सी बिगहा कासमा को भा द वि की धारा 304बी में आजीवन कारावास की सजा सुनाई है, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि काराधिन दहेज हत्यारोपी अभियुक्त 24/06/19 से जेल में बंद हैं, पटना हाईकोर्ट से भी जमानत नहीं मिली थी।

अभियुक्त पर आरोप है कि शादी के दो माह के अंदर दहेज में फोरविलर गाडी की मांग पुरी न होने पर अपनी नवविवाहिता पत्नी हेमा कुमारी को फांसी लगाकर मौत की नींद सुला दिया,सनीश और हेमा की शादी 25/04/19 को हुए थे ,25/04/22 को अभियुक्त अपनी नवविवाहिता पत्नी के हत्या में दोषी करार दिया गया है, प्राथमिकी नवविवाहिता के भाई राजा कुमार ददरेजी कोंच गया ने 21/06/19 को दर्ज कराई थी जिसमें कहा था कि 18/06/19 को बहन ने फोन कर बताया था कि फोरविलर गाडी की मांग पुरी न होने पर हमारी हत्या कर सकते हैं,20/06/19 को मेरी बहन की हत्या कर दिये,21/06/19 को सुबह बक्सी बिगहा कासमा के ग्रामीणों से यह जानकारी मिली कि आपकी बहन अब नहीं रही।

घटनास्थल पर परिजनों के साथ पहुंचे तो आंगन में बहन की लाश पड़ी थी सभी परिवार वाले फरार थे, हम लोगों ने पुलिस को खबर कर प्राथमिकी, पंचनामा, पोस्टमार्टम रिपोर्ट,मृतयुसमगक्षा ,मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट, परिजनों, डाक्टर, पुलिस सहित नौ गवाहों ने गवाही दी थी, सरकार की ओर से अधिवक्ता कुमार चन्द्रशेखर सिंह देव और बचाव पक्ष से जगनरायण यादव ने भाग लेकर अपना अपना पक्ष रखा, उसके बाद न्यायालय ने उम्रकैद की सजा सुनाई , पूर्व में जेल में बिताए अवधि इसी में समायोजित की जाएंगी।

### गायघाट में ईद को लेकर शांति समिति की बैठक

**गायघाट।** थाना परिसर मेअआज आगामी पर्व ईद को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ डां विमल कुमार ने की। बैठक में अंचलाधिकारी राघवेन्द्र राघवन व थानाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार मौजूद थे। बैठक में उपस्थित लोगों से बीडीओ ने अपील की पर्व को सभी मिलजुल कर आपसी भाईचारे के साथ मनाएं ।डीजे बजाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया है। डीजे बजाने पर पुलिस को दे सूचना। इस दिन असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर बनाए रखना है। सभी संवेदनशील जगहों पर मजिस्ट्रेट तैनात किए जाएंगे ताकि कोई अप्रिय घटना नहीं हो सके। वहीं सीओ राघवेन्द्र राघवन ने उपस्थित सभी लोगो से शांतिमय माहौल में पर्व मनाने की अपील की। बैठक को थानाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर बैठक में मौजूद लोगों ने भी अपने-अपने सुझाव दिए। बैठक में मुखिया संघ के अध्यक्ष अजय कुमार सिंह उर्फ गुड्डू, उप प्रमुख जयप्रकाश यादव, मुखिया गणेश ठाकुर पासवान आदि थे।

# कोविड-19 टीकाकरण शिविर का हुआ आयोजन

बेतिया, प्रात : किरण संवाददाता




रेड क्रॉस द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बेतिया के सहयोग से रेड क्रॉस भवन में कोरोना से बचाव हेतु कोविड-19 का टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित रेड क्रॉस के प्रभारी चेयरमैन सैयद अब्दुल मजीद व सचिव डॉ. जगमोहन कुमार ने शिविर का शुभारंभ करते हुए कहा कि देश अभी कोरोना मुक्त नहीं हुआ है लेकिन सरकार और समाज के समेकित प्रयास से देशवासियों ने कोरोना पर काबू किया है, विजय प्राप्त की है। हम सबको मिलकर देश को कोरोना मुक्त बनाना है। पदाधिकारीयों ने 12 वर्ष के आयु वर्ग के ऊपर के सभी योग्य व्यक्तियों के शत प्रशिशत वैक्सीनेशन कराने की अपील की। शिविर में 12 से 14 वर्ष के लिए कोर्विवैक्स, 15 से 17 वर्ष के लिए को-वैक्सीन एवं 18 वर्ष से ऊपर के लिए कोविशील्ड का पहला, दूसरा व बूस्टर डोज दिया गया। मौके पर आजीवन सदस्य प्रो. (डॉ.) आर.के. चौधरी, डॉ. शमसुल हक, डॉ. पी. के. चक्रवर्ती, डॉ. संजय कुमार, बिहारी लाल प्रसाद उर्फ लाल दरोगा महतो, लालबाबू प्रसाद, चित्तरंजन कु. गुप्ता, रमेश कुमार, विनय कुमार, अनिल कुमार, रेड क्रॉस यूथ क्लब के इमरान कुरैशी, रोहित कुमार, राम कुमार, कर्मी महेन्द्र चौधरी, डब्ल्यू. एच.ओ. के एफएम सचिन अग्रवाल, एएनएम बब्ली कुमारी, डाटा ऑपरेटर दिलीप कुमार पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

# आओ पृथ्वी का उसका गौरव लौट आएं वृक्ष लगाकर धरा को हरा बनाएं कार्यक्रम संपन्न

बगहा, प्रात : किरण संवाददाता

नैतिक जागरण मंच वेलफेयर ट्रस्ट बगहा ने आओ पृथ्वी का गौरव लौटाए पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम शनिवार को संपन्न की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कमांनडेट पंकज डंगवाल और उषा डंगवाल और एमएलसी भीष्म सहनी शामिल रहे।

आओ पृथ्वी का गौरव लौटाएँ, वृक्ष लगाएं धारा को हरा बनाएं नारे के साथ पर्यावरण संरक्षण हेतु नैतिक जागरण मंच वेलफेयर ट्रस्ट ने संत त्यागी बाबा के नेतृत्व में सीताराम आश्रम बगहा-1 में डेढ़ दर्जन फलदार पौधे लगाए। इस अवसर पर जहां संत त्यागी बाबा को 65 वाहिनी के कमांडेंट श्री पंकज डंगवाल और एमएलसी श्री भीष्म साहनी तथा महिला समाजसेवी कार्यकर्ता उषा डंगवाल टस्ट के उपाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ने संयुक्त रुप रूप से अंग वस्त्र समर्पित कर आशीर्वाद लिये। वही सचिव निप्पू कुमार पाठक ने उन्हें महुआ का पौधा समर्पित कर आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात नैतिक जागरण मंच वेलफेयर ट्रस्ट के सचिव निप्पू कुमार पाठक के आग्रह पर सीताराम महायज्ञ कराने के लिए उपस्थित हुए त्यागी बाबा के हाथों से ही मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित 65 वीं वाहिनी के कमांडेंट पंकज डंगवाल ,संदीक्षा की अध्यक्षा श्रीमती उषा डंगवाल एमएलसी भीष्म साहनी को अंगवस्त्र तथा चंपा व सेब का फल पौधा देकर आशीर्वाद दिलवाए। इसके बाद सीताराम महायज्ञ की उपाध्यक्ष त्रय पूर्व सैनिक हृदयानंद दुबे ,वार्ड पार्षद नंदेश कुमार पांडे , दयाशंकर सिंह, राकेश कुमार सिंह, राहुल कुमार सिंह, बबलू कुमार यादव को भी चंपा फूल दिलवाकर संत के हाथों आशीर्वाद दिलवाया। इस अवसर पर दो दर्जन से ज्यादा भक्त लोग मौजूद रहे। सभी ने सुंदर और व्यापक माहौल में पौधारोपण कर आत्म तृप्ति का अनुभव किए। ज्ञात हो कि नैतिक जागरण मंच वेलफेयर ट्रस्ट ने सीताराम आश्रम में पिछले वर्ष भी पौधारोपण कराया था। उपस्थित एमएलसी भीष्म साहनी नंदेश पांडे सभी ने कमांडेंट के कार्यों की सराहना किए। वही नैतिक जागरण मंच के उपाध्यक्ष अरविंद सिंह ने लोगों से पौधों की सुरक्षा करने पर जोर दिये। मौके पर मौजूद जय प्रकाश वर्मा को भी सेव का पौधा समर्पित किया। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष श्अरविंद कुमार सिंह कार्यक्रम पदाधिकारी माधवेंद्र पांडे सचिव निप्पू कुमार पाठक सीताराम महायज्ञ का अनुष्ठान कराने आए संत त्यागी बाबा को सीताराम आश्रम में लगाने के लिए बाद संत त्यागी बाबा को दो नारियल ,दोआम दो नाशपाती ,दो गंधराज ,एक चंपा एक नींबू एक महुआ का पौधा समर्पित किए।

### जमीनी विवाद में महिला पंच की मौत

**सरैया।** सरैया थाना क्षेत्र के गोसाई छपरा गांव में अर्से से चले आ रहे भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी मारपीट हुई थी । जिसमें गंभीर रूप से घायल सूरज भगत की पत्नी आशा देवी(पंच) की मौत ईलाज के दौरान हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि इसके पूर्व भी उक्त भूमि विवाद में मृतक के सास ससुर की हत्या कर दी गई थीं। विगत 26 अप्रैल को उक्त घटना के बाद घायल आशा देवी को सरैया पीएचसी से गंभीरावस्था में रेफर कर दिया गया था। वहीं दोनो पक्षों की ओर से प्राथमिकी भी दर्ज कर ली गई थीं। इलाज के दौरान शुक्रवार को आशा की मौत होने के बाद परिजनों द्वारा शव के साथ शनिवार को मनिकपुर चौक पर शव को रख कर जाम कर दिया। जिसके कारण एस एच 74 और एनएच 722 पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रही। सैंकड़ों जामकताओं ने उग्र रूपमें थे। पुलिस की गाड़ी को खदेड़ दिया। यहां तक की मीडिया कर्मी को देखते हीं गाली देने लगे। जमाकताओं की एक हीं मांग थी की आरोपी को गिरफ़्तार करें।

# स्कूल में आयोजित सेमिनार का जिला जज ने किया उद्घाटन

जहानाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

जिला एवं सत्र न्यायाधीष डॉ संतोष कुमार सिंह ने शनिवार को शहर के पीपी पब्लिक स्कूल के सभागार में आयोजित विधिक जागरूकता षिविर को संबोधित करते हुए प्रकाष पुंज टीचर टेजनिंग कॉलेज बिजलीपुर के छात्र-छात्राओं को जीवन जीने के कला से अवगत कराया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आप आगे आने वाले जीवन में गुरू की भूमिका में रहेंगे। यह सौभाग्य की बात है कि आप गुरू बन कितने ही बच्चों का भविष्य संवारेंगे। आपके मेहनत से पढ़े बच्चे मेरे जैसा जज, डीएम एवं एसपी बनेंगे। आप गुरू के रूप में बच्चों को अच्छे संस्कार देकर अपने जिला, राज्य एवं देष की तस्वीर बदलें। पीपी पब्लिक स्कूल जहानाबाद के सभागार में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता पीपी एजुकेषनल के संस्थापक अभिराम सिंह ने किया। उन्होंने अपने अध्यक्षीय भाषण में उपस्थित सभी न्यायधीषों का स्वागत किया। पीपी शैक्षणिक समूह के निदेषक अक्षय आनंद ने सभी उपस्थित न्यायधीषों को बुके, अंगवस्त्र एवं डायरी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीष डॉ राकेष कुमार सिंह के अलावे प्रधान न्यायाधीष परिवार न्यायालय षिल्पी सोनी राज, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीष सह सचिव विधिक सेवा प्राधिकार राकेष कुमार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीष अजय कुमार, मुंसिफ सह रजिस्ट्रार आलोक रंजन, प्रथम श्रेणी के न्यायिक दंडाधिकारी प्रिंयका कुमारी, आलोक कुमार चतुर्वेदी, रिचा कष्यप तथा सतत लोक अदालत के सदस्य संतोष श्रीवास्तव, पैनल अधिवक्ता राजीव कुमार तथा पीएलवी शषिभूषण कुमार सिन्हा उपस्थित थे।

### गायत्री महायज्ञ के तीसरे दिन लोगों की उमड़ी भीड़

**हुलसगंज।** शांतिकुज हरिद्वार के तत्वावधान में लोदीपुर गांव में चल रहे चौबीस कुंडीय गायत्री महायज्ञ के तीसरे दिन दर्जनों गांव के लोग यज्ञ में शामिल होकर अपनी आहूतियाँ समर्पित की। प्रातः काल में विभिन्न प्रकार के संस्कार निःशुल्क कराए गए। शांतिकुज के सहायक टोलीनायक प्रदीप कुमार द्वारा कराए गए यज्ञ में सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालु नर-नारी शामिल हुए। वही सायंकालीन प्रवचन में शांतिकुंज से आये संत संदीप पांडेय ने अपने उदबोधन में कहा कि युग निर्माण अभियान के अंतर्गत प्रयास किया जाता रहा है कि जन-जन को यज्ञीय आदर्शनिष्ठ, परमार्थनिष्ठ, परमार्थपरक पुरुषार्थ करते रहने की प्रेरणा दी जाये, उसका अभ्यास कराया जाये। जीवन को यज्ञमय बनाना यज्ञ की पूर्णता है। यदि हमारे जीवन मे भावना, विचारणा के संयोग से संकल्प बने और कर्म पुरुषार्थ उसे धारण करें, तभी जीवन मे यज्ञीय ऊर्जा एवं सुगन्धि पैदा हो सकती है। इक्यावन सौ दीपकों को जलाकर दीपयज्ञ किया गया।

# ईद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

मधुबनी, प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी जिले के बिस्फी ईद पर्व को लेकर शनिवार को स्थानीय थाना में शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सीओ श्रीकांत सिन्हा ने किया। आयोजित बैठक में ईद पर्व आपसी सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय लिया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए बिस्फी थानाध्यक्ष राज कुमार राय ने कहा कि यहां के लोग सभी पर्व त्योहारों को मिलजुल कर मनाते है। ईद का पर्व भी आपसी सौहार्द के साथ मनाया जाए। उन्होंने कहा कि पर्व को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम किये जायेंगे ।सीओ श्रीकांत सिन्हा ने कहा कि सभी लोग पर्व को खुशी के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि ईद पर्व आपसी सौहार्द के साथ मनाने का पर्व है। सीओ श्री सिन्हा ने कहा कि बिस्फी के लोग सभी पर्व त्यौहारों को मिलजुल कर मनाते हैं। जो काफी प्रशंसनीय है।

बैठक में उप प्रमुख मो इसराइल, मो अकरम, मुखिया सुधीर यादव, राजेंद्र पासवान, सुशील यादव, इंद्रदेव लाल कर्ण, एसआई महेश सिंह, सुभाष सिंह, एएसआई हरेंद्र राय, डीके दिवाकर, सुरेश चौधरी, रविन्द्र चौधरी सहित कई जनप्रतिनिधि व समाजसेवी मौजूद थे।

### केंद्रीय इस्पात मंत्री ने इंदरपुर गांव में मूर्ति का किया अनावरण

**जहानाबाद।** शनिवार को केंद्रीय इस्पात मंत्री आरसीपी सिंह मखदुमपुर प्रखंड के इंदरपुर गांव पहुंचे, जहां स्वर्गीय लता देवी और जयनंदन सिन्हा के प्रथम पुण्यतिथि के मौके पर मूर्ति का अनावरण किया। इस मौके पर केंद्रीय इस्पात मंत्री ने कहा के जो लोग अच्छा कर्म करके जाते हैं उन्हीं की मनाई जाती है पुण्यतिथि, और उनके ही पुण्यतिथि के मौके पर इतना बड़ा मजमा लगता है। और लोग उन्हें पूरी आस्था के साथ याद करते हैं। ये सब बातें केंद्रीय इस्पात मंत्री आरसीपी सिन्हा ने मखदुमपुर प्रखंड के इंदरपुर गांव में मूर्ति के अनावरण के मौके पर कही। बताते चलें के पिछले कोरोना काल के समय स्वर्गीय लता देवी और जयनंदन सिन्हा दोनों पति पत्नी की मृत्यु एक दिन के आगे पीछे हुई थी जिनके पुत्र पंकज कुमार ने अपने माता-पिता की मूर्ति गांव में स्थापित करवाया है। जिसका अनावरण केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिन्हा ने किया।

# भूमिहार ब्राह्मण सामाजिक फ्रंट की संवाद यात्रा सकरा पहुंची

मुजफ्फरपुर,प्राण : किरण संवाददाता

भूमिहार ब्राह्मण सामाजिक फ्रंट के द्वारा आहूत सम्मेलन की सफलता के लिए फ्रंट का संवाद यात्रा शनिवार को क्षेत्र के गोपालपुर गांव पहुंचा। जहां फ्रंट के प्रमुख कार्यकताओं की बैठक प्रखंड अध्यक्ष आशुतोष कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री अजीत कुमार ने कहा कि आज समय कि मांग है कि हम आपसी कटुता बुलाकर एक हो। उन्होंने कहा कि हमारी एकजुटता न केवल अपने समाज के लिए बल्कि समाज के दूसरे वर्ग के लिए भी काफी सुखद होगा। उन्होंने कहा कि भूमिहार समाज का गौरवशाली अतीत रहा है कालांतर में हमारे पूर्वज समाज के दूसरे वर्ग के कमजोर लोगों को मदद कर अपना अलग पहचान बनाया था। लेकिन आज कतिपय कारणों से सब कुछ रहते हम कमजोर हो गए हैं। जिस कारण हमारा सामाजिक पहचान भी धूमिल हुआ है। ऐसे में हमें एकजुट होकर पुनः अपनी पहचान कायम करना है तथा पूर्वजों के विरासत को पुनर्स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि हमें अपने समाज को ना काहू से दोस्ती ना काहू से बैरइ के सिद्धांत पर संगठित करना है। बैठक में कार्यकताओं ने पटना के सम्मेलन में सकरा से बड़ी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए छोटी बड़ी 50 गाड़ियों से शिरकत करने का ऐलान किया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने सामाजिक एकजुटता कायम करने पर विशेष रूप से बल दिया। बैठक को फ्रंट के प्रदेश महासचिव धर्मवीर शुक्ला, मुखिया अवधेश प्रसाद सिंह, जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, फ्रंट के नेता विजय सिंह, पंकज ठाकुर, सुजीत सिंह,अरविंद सिंह आदि लोगों ने संबोधित किया।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लॉग ऑन करें
www.pratahkiran.com
@Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran



## संक्षिप्त खबरें



### श्रीलंका में अप्रैल में महंगाई 29.8 प्रतिशत बढ़ी

कोलंबो। कोलंबो उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में साल-दर-साल बदलाव के आधार पर श्रीलंका की महंगाई अप्रैल में 29.8 प्रतिशत बढ़ी है। यह जानकारी देश के केंद्रीय बैंक ने दी। केंद्रीय बैंक के अनुसार, यह वृद्धि खाद्य और गैर-खाद्य दोनों श्रेणियों में मासिक वृद्धि से प्रेरित थी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, खाद्य महंगाई अप्रैल में 46.6 प्रतिशत बढ़ी, जबकि गैर-खाद्य महंगाई 22 प्रतिशत बढ़ी। गैर-खाद्य श्रेणी में वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि मुख्य रूप से परिवहन, पानी, बिजली और गैस जैसे क्षेत्रों में देखी गई जबकि खाद्य श्रेणी की वस्तुओं की कीमतों में दूध पाउडर, चावल, ब्रेड, दाल, चीनी और सूखी मछली की कीमतों में भी वृद्धि दर्ज की गई। श्रीलंका ने हाल ही में अपनी आसमान छूती महंगाई को नियंत्रित करने के लिए अपनी ब्याज दरों में वृद्धि की है।

### सिंधिया ने अमेरिका की विमानन क्षेत्र की कंपनियों के प्रमुखों से बात की

न्यूयॉर्क। नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अमेरिका की विमानन क्षेत्र की कंपनियों के प्रमुखों से भारत में उड्डयन उद्योग के साथ सहयोग को और मजबूत करने के मुद्दे पर चर्चा की है। शुक्रवार को सिंधिया अमेरिका-भारत व्यापार परिषद द्वारा आयोजित गोलमेज बैठक में शामिल हुए। इसमें उद्योग के वरिष्ठ लोग भी शामिल हुए। इसमें विमानन क्षेत्र में भारत और अमेरिका के बीच सहयोग मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा हुई। सिंधिया ने ट्वीट किया, यूएसआईबीसी के विमानन क्षेत्र समुदाय के सदस्यों के साथ सकारात्मक बात हुई। भारत में क्षेत्रीय संपर्क एवं शहरी विमान परिवहन के क्षेत्र में उभरते अवसरों पर चर्चा हुई। बाद में सिंधिया की वैमानिकी एवं रक्षा क्षेत्र की कंपनी रेथियान टेक्नोलॉजीज के प्रतिनिधि पॉल जोंस और विमान विनिमार्ता प्रैट एंड व्हिटनी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रिक डुएरलू के साथ भी मुलाकात हुई। इसमें भारत में नागर विमानन ढांचागत पारिस्थितिकी के विकास में सहयोग की संभावनाओं को लेकर चर्चा हुई।

### जेम पेंट्स की 51 फीसदी हिस्सेदारी का 194 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करेगी एस्ट्रल

नई दिल्ली। पीवीसी पाइप और प्लास्टिक उत्पाद विनिमार्ता एस्ट्रल 194 करोड़ रुपये में जेम पेंट्स की 51 फीसदी हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी। पेंट कारोबार में अपना पोर्टफोलियो बनाने की कोशिश में लगी एस्ट्रल ने शुक्रवार को शेयर बाजारों को इस अधिग्रहण समझौते की सूचना दी। इसके मुताबिक कंपनी के निदेशक मंडल से सौदे को मंजूरी मिलने के बाद उसने जेम पेंट्स और उसके शेयरधारकों के साथ एक निर्णायक समझौता किया है। एस्ट्रल ने कहा कि वह पूरी तरह नकदी में किए जाने वाले इस सौदे के तहत शुरूआत में 194 करोड़ रुपये का निवेश जेम पेंट्स प्राइवेट लिमिटेड में करेगी। इस राशि का इस्तेमाल जेम पेंट्स के पेंट कारोबार के 51 फीसदी इक्विटी हिस्सेदारी मूल्य के बराबर वैकल्पिक परिवर्तनीय ऋणपत्रों की खरीद में किया जाएगा।

# खादी ने वित्त वर्ष 21-22 में 1 लाख करोड़ रुपये का किया कारोबार

## भारत में सभी एफएमसीजी कंपनियों को पीछे छोड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने एक उच्चतम महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है जो भारत में सभी एफएमसीजी कंपनियों के लिए अभी एक दूरस्थ लक्ष्य बना हुआ है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के निरंतर समर्थन को धन्यवाद देते हुए केवीआईसी ने पहली बार 1.15 लाख करोड़ रुपये का जबरदस्त कारोबार किया है, जो देश में किसी भी एफएमसीजी कंपनी द्वारा अभूतपूर्व है। इस उपलब्धि को प्राप्त करने वाली केवीआईसी देश की एकमात्र ऐसी कंपनी है जिसने 1 लाख करोड़ रुपये का कारोबार दर्ज किया है।

वित्त वर्ष 2021-22 में, केवीआईसी का कुल कारोबार पिछले वर्ष यानी 2020-21 में 95,741.74 करोड़ रुपये की तुलना में 1,15,415.22 करोड़ रुपये रहा। इस प्रकार केवीआईसी ने वर्ष 2020-21 से 20.54 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है और वर्ष 2014-15 की तुलना में 2021-22 में खादी और ग्रामोद्योग


फाइल फोटो

क्षेत्रों में कुल उत्पादन में 172 प्रतिशत की भारी वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि इस अवधि के दौरान सकल बिक्री में 248 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। केवीआईसी ने इस व्यापक कारोबार लक्ष्य को कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर के कारण पहले 3 महीनों में यानी 2021 में अप्रैल से जून तक देश में आंशिक लॉकडाउन के बावजूद हासिल किया है।

पिछले एक वर्ष के प्रदर्शन को देखें तो सबसे ज्यादा वृद्धि खादी क्षेत्र पर देखी जा सकती है, जिसने 2020-21 में 3528 करोड़ रुपये से 43.20 फीसदी की वृद्धि दर्ज की है और 2021-22 में यह 5052 करोड़ रुपये हो गया है। पिछले 8 वर्षों में, यानी 2014-15 से 2021-22 में खादी क्षेत्र में उत्पादन में 191 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि खादी की बिक्री में 332 प्रतिशत की तेजी से वृद्धि दर्ज की गई है।

दूसरी ओर, अकेले ग्रामोद्योग क्षेत्र में कारोबार 2021-22 में 1,10,364 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जबकि पिछले वर्ष यह 92,214 करोड़ रुपये था। पिछले 8 वर्षों में, 2021-22 में ग्रामोद्योग क्षेत्र में उत्पादन में 172 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि बिक्री में 245 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। केवीआईसी के अध्यक्ष विनय कुमार सक्सेना ने खादी के अभूतपूर्व विकास

**उपलब्धि**

- इस उपलब्धि को प्राप्त करने वाली केवीआईसी देश की एकमात्र ऐसी कंपनी

का श्रेय देश में खादी को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के निरंतर समर्थन को दिया। साथ ही, नवीन योजनाओं, रचनात्मक विपणन विचारों और विभिन्न मंत्रालयों के सक्रिय समर्थन ने भी हाल के वर्षों में खादी के विकास में इजाफा किया है। स्वदेशी और विशेष रूप से खादी को बढ़ावा देकर आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए प्रधानमंत्री की बार-बार अपील ने चमत्कार किया है। आज खादी देश की सभी एफएमसीजी कंपनियों से बहुत आगे है। नए वैज्ञानिक तरीकों को नियोजित करके और खादी की उत्पाद श्रृंखला में विविधता लाने से केवीआईसी ने इतनी बड़ी वृद्धि हासिल करने में सफल रही है, जिसकी बराबरी कोई अन्य एफएमसीजी कंपनी नहीं कर सकती।

### शाओमी पर इंफोर्समेंट डॉक्टरेट ने की छापेमारी

**नई दिल्ली** । स्मार्टफोन बनाने वाली चीनी कंपनी शाओमी पर इंफोर्समेंट डॉक्टरेट ने छापेमारी की कार्रवाई की है। इसके बेंगलुरु स्थित ऑफिस से ED ने 5,551 करोड़ रुपए की रकम जब्त की है। कंपनी पर अपनी कमाई को गैरकानूनी तरीके भारत से बाहर भेजने का आरोप है। कंपनी ने यह हेराफरी इसी महीने फरवरी में की है, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। ED का कहना है कि टेक कंपनी रॉयल्टी के नाम पर इस तरह के बड़े अमाउंट की हेराफेरी चीन में मौजूद अपनी पेरेंट कंपनी के इशारे पर कर रही थी। इसे अमेरिका में मौजूद शाओमी ग्रुप कंपनी को भी भेजा गया है।

ED के मुताबिक शाओमी ने जिन तीन कंपनियों को पैसे भेजे हैं, उनका शाओमी इंडिया से किसी तरह का बिजनेस रिलेशन नहीं है। एजेंसी ने बताया कि शाओमी ग्रुप ने इस फ्रॉड को छिपाने के लिए कई तरह की कहानियां और मुखैटे गढ़े। कंपनी का रॉयल्टी के नाम पर अपनी कमाई की रकम को भारत के बाहर भेजना फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट के सेक्शन 4 को तोड़ना है। कंपनी ने भारत से बाहर पैसे भेजने को लेकर बैंक से भी झूठ बोला। कुछ महीने पहले ही FEMA के नियम को तोड़ने को लेकर शाओमी के ग्लोबल वाइस प्रेसीडेंट मनु जैन की ED के सामने पेशी हुई। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट भी छापेमारी कर चुकी है

# चीन में लॉकडाउन के कारण एप्पल को हो रहा भारी नुकसान

सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी

चीन में चल रहा कोविड-19 लॉकडाउन अप्रैल-जून तिमाही के लिए एप्पल के राजस्व में भारी सेंध लगाने के लिए तैयार हैं क्योंकि कंपनी ने विशेष रूप से शंघाई लॉकडाउन के कारण बिक्री में 8 बिलियन डॉलर के नुकसान का संकेत दिया है। निक्केई एशिया की रिपोर्ट के अनुसार, जैसा कि शंघाई ने लॉकडाउन के दूसरे महीने में प्रवेश किया और चीन के अधिक शहरों में महामारी प्रतिबंधों का सामना करना पड़ा, इससे देश में एप्पल उत्पादों की मांग और धीमी हो सकती है।

एप्पल के सीईओ टिम कुक ने इस सप्ताह एक अर्निंग कॉल में कहा कि हमने अनुमान लगाया है कि बाधाएं 4 से 8 बिलियन डॉलर की सीमा में होंगी और ये बाधाएं मुख्य रूप से शंघाई कॉरिडोर के आसपास केंद्रित हैं। एप्पल के सीएफओ लुका मेस्त्री ने कहा, चीन में ग्राहकों की मांग पर कोविड से संबंधित व्यवधानों का भी कुछ प्रभाव पड़ रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एप्पल के 200 मुख्य आपूर्तिकताओं में से आधे से अधिक के पास शंघाई और आसपास के क्षेत्रों में सुविधाएं हैं। शुक्रवार को रिपोर्ट में



कहा गया, लॉकडाउन और यातायात प्रतिबंध इस क्षेत्र में व्यावसायिक गतिविधियों के व्यापक स्तर को बाधित करते हैं। आईफोन निमार्ता को उद्योगव्यापी सिलिकॉन की कमी का भी सामना करना पड़ रहा है, जो चालू तिमाही में जारी रहेगा। हालांकि, कुक ने कहा कि लगभग सभी प्रभावित अंतिम असेंबली फैक्ट्रियां अब फिर से शुरू हो गई हैं।

उन्होंने कहा, हमें यह भी प्रोत्साहित किया जाता है कि शंघाई में रिपोर्ट किए गए कोविड केस-काउंट में पिछले कुछ दिनों में कमी आई है। शंघाई में, 31 कंपनियां उत्पादन सुविधाएं चलाती हैं जो एप्पल को आपूर्ति करती हैं। रिपोटरें के अनुसार, कुछ एप्पल आपूर्तिकताओं ने बुलबुले जैसे वातावरण में सुविधाओं को फिर से खोल दिया है जहाँ कर्मचारी परिसर के अंदर रह रहे हैं।

# मल्टी-फोन, टैबलेट चैटिंग पर काम कर सकता है व्हाट्सएप

सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी

मेटा के स्वामित्व वाला व्हाट्सएप एक ऐसे फीचर पर काम कर रहा है, जो यूजर्स को एक ही अकाउंट से कई फोन, या फोन और टैबलेट पर चैट करने देगा। द वर्ज की रिपोर्ट के अनुसार, वाबेटाइंफोसाइट द्वारा ऐप के बीटा वर्जन में मिली एक स्क्रीन आपके मुख्य फोन के साथ एक कोड स्कैन करके उस डिवाइस को रजिस्टर्ड करने के निर्देश देती है जिसका आप कंपेनियन के रूप में उपयोग कर रहे हैं, हालांकि वर्तमान में स्कैन करने के लिए एक वास्तविक कोड प्रतीत नहीं होता है।

इस बीच, पिछले बीटा में मिली एक स्क्रीन ने दिखाया कि डिवाइस हाल के संदेशों को सिंक करने की क्षमता प्राप्त कर सकते हैं, भले ही वे एंड-टू-एंड एन्क्रिप्टेड हों। रिपोर्ट में कहा गया है कि वह स्क्रीन, रजिस्टर डिवाइस एज कंपेनियन स्क्रीन के साथ संयुक्त है, जो यूजर्स को किसी अन्य डिवाइस पर



व्हाट्सएप का उपयोग करने का निर्देश देती है, जो इस बात के पुख्ता सबूत देती है कि यह सुविधा काम कर रही है। दोनों स्क्रीन ऐप के एंड्रॉइड वर्जन में मिली हैं, जिसका मतलब है कि फीचर सेकेंडरी फोन या टैबलेट पर चैटिंग को सपोर्ट करेगा। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि यह फीचर आईओएस पर भी उपलब्ध होगा या नहीं और यह कब लॉन्च होगा। व्हाट्सएप तकनीकी रूप से लिंक्ड डिवाइसेस फीचर के माध्यम से पहले से ही कई डिवाइस पर आपके अकाउंट का उपयोग करने का समर्थन करता है, जो वर्तमान में केवल कंप्यूटर को सेकेंडरी डिवाइस के रूप में उपयोग करने का समर्थन करता है।

### शेल 1.55 अरब डॉलर में भारत के स्प्रिंग एनर्जी समूह का करेगी अधिग्रहण


**ह्यूस्टन**। अमेरिकी ऊर्जा कंपनी शेल पीएलसी (शेल) के पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी इकाई शेल ओवरसीज इंवेस्टमेंट ने 1.55 अरब डॉलर में सोलएनर्जी पावर प्राइवेट लिमिटेड के सौ फीसदी अधिग्रहण के लिए एक्टिस सोलएनर्जी लिमिटेड के साथ समझौता किया है। सोलएनर्जी पावर प्राइवेट लिमिटेड मॉरीशस में गठित कंपनी है और भारत में कारोबार करने वाली स्प्रिंग एनर्जी ग्रुप ऑफ कंपनीज की प्रत्यक्ष शेयरधारक है। महाराष्ट्र के पुणे में स्प्रिंग एनर्जी का मुख्यालय है। यह अधिग्रहण के बाद भी अपने मौजूदा ब्रांड को बरकरार रखेगी और शेल समूह की पूर्ण-स्वामित्व वाली अनुषंगी के तौर पर काम करेगी। इसका नियंत्रण शेल के रिन्यूएबल्स एंड एनर्जी सॉल्यूशंस इंटिग्रेटेड पावर के पास होगा। यह लेनदेन नियामकीय मंजूरी के अधीन है और इस साल के अंत तक इसके पूरा हो जाने की उम्मीद है। शेल के इंटीग्रेटेड गैस, रिन्यूएबल्स और एनर्जी सॉल्यूशंस के निदेशक वॉल सैवन ने शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में इस अधिग्रहण सौदे की जानकारी दी।

# फोन पे ने कहा- पूर्वोत्तर क्षेत्रों ने पहली तिमाही में डिजिटल लेनदेन में अग्रणी भूमिका निभाई

नई दिल्ली, एजेंसी

डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म फोनपे ने शनिवार को कहा कि 2022 की पहली तिमाही में पूर्वोत्तर क्षेत्र ने कंपनी के डिजिटल लेनदेन की वृद्धि में अहम भूमिका निभाई है। 2020 में सिर्फ 10,000 व्यापारियों की तुलना में असम ने 2022 में 2.5 लाख से अधिक व्यापारियों के साथ इसे सबसे तेजी से अपनाया। इसके बाद त्रिपुरा, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, सिक्किम और मिजोरम का स्थान रहा। ये जानकारियां फोनपे पल्स के पहली तिमाही के डेटा का हिस्सा थीं।

फोनपे में रणनीति और निवेशक संबंध के प्रमुख कार्तिक रघुपति ने एक बयान में कहा, जैसा कि हमारी चौथी तिमाही की फोनपे पल्स रिपोर्ट में भविष्यवाणी की गई थी, हमने विभिन्न उपयोग के मामलों में 2022 की पहली तिमाही में वृद्धि को जारी रखा है, जिससे उपभोक्ता व्यवहार में संपर्क रहित भुगतान की ओर



- हम फोनपे के पी2एम लेनदेन के बारे में भी उत्साहित: रघुपति

मौलिक बदलाव आया है। फोनपे पल्स ट्रेंड से यह भी पता चला कि वर्ष की पहली तिमाही में पीयर-टू-पीयर ट्रांजैक्शन (पी2पी) और पर्सन टू मर्चेंट (पी2एम) ट्रांजैक्शन में तेजी देखी गई और पेमेंट वॉल्यूम के साथ-साथ रजिस्टर्ड यूजर्स की संख्या दोनों में मजबूत वृद्धि देखी गई। रघुपति ने कहा, हम फोनपे के पी2एम लेनदेन के बारे में भी उत्साहित हैं, जो पी2पी लेनदेन से अधिक है, यह दशार्ता है कि डिजिटल भुगतान ने वास्तव में व्यापारी पारिस्थितिकी तंत्र में प्रवेश किया है और पूरे देश में सर्वव्यापी स्वीकृति प्राप्त की है। उन्होंने कहा, यह बदले में उपभोक्ता मांग का एक अच्छा लूप बना रहा है और जो इसके विपरीत व्यापारी स्वीकृति को बढ़ावा दे रहा है। हम वास्तव में मानते हैं कि फोनपे पल्स डेटा इकोसिस्टम में गहन ज्ञान साझा करने में सक्षम होगा। फोनपे पल्स डेटा ने संकेत दिया कि भौगोलिक रूप से, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह ने इस अवधि में तिमाही-दर-तिमाही में 29 प्रतिशत की वृद्धि के साथ पी2एम लेनदेन में सबसे अधिक उछाल दर्ज किया है। इसके अलावा, 16 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने 2021 बनाम 2020 में व्यापारियों में 100 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि देखी, जो पूरे भारत में डिजिटल भुगतान की बढ़ती स्वीकृति का प्रमाण है। फोनपे पल्स डेटा के अनुसार उत्तर प्रदेश के व्यापारी इसे अपनाने वालों की संख्या में सबसे आगे हैं, इसके बाद महाराष्ट्र, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल और राजस्थान हैं, जिसमें प्लेटफॉर्म के नेटवर्क में 49 प्रतिशत व्यापारी शामिल हैं।

### पेट्रोल-डीजल के दामों में कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली**। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच देश में शनिवार को लगातार 24वें दिन पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव बना रहा। सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के अनुसार आज दिल्ली में पेट्रोल 105.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 96.67 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रहा। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 120.51 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 104.77 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। यूक्रेन और रूस के बीच जारी जंग से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में घटत-बढ़त जारी है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट दर्ज की गयी। लंदन ब्रेंट क्रूड 107.14 डालर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 1.19 प्रतिशत घटकर 104.11 डालर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें 137 दिन की स्थिरता के बाद गत 22 मार्च से बढ़नी शुरू हुई थीं। कंपनियों ने पिछले 34 दिन में 14 बार पेट्रोल और डीजल के दामों में वृद्धि की।

# आकाश-बायजूस ने अपना नया क्लास रूम सेंटर लॉन्च किया

मुंबई, एजेंसी

हजारों छात्रों को डॉक्टर और आईआईटीयन बनने के अपने सपनों को साकार करने में मदद करने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों में अपने नेटवर्क का विस्तार करने के आदर्श सिद्धांत को आगे बढ़ाने के लिए, परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय नेता आकाश-बायजूस ने आज मुंबई के पवई में अपने नए क्लासरूम सेंटर का उद्घाटन किया। नए सेंटर में 300 छात्रों के लिए 4 क्लासरूम होंगी। यह मुंबई शहर में आकाश+ बायजूस का 13 वां सेंटर है।

चौथी मंजिल ,पवई प्लाजा, कमर्शियल विंग, ब्लॉक 401, साईनाथ नगर, पवई, में स्थित क्लासरूम सेंटर फाउंडेशन स्तर के पाठ्यक्रमों के साथ-साथ मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा पाठ्यक्रमों की तैयारी करने वाले छात्रों की जरूरत को पूरा करेगा जो उन्हें अपने बेसिक्स को मजबूत करने के अलावा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रकार जैसे ओलंपियाड आदि में तैयार करने में मदद करते हैं। क्लासरूम सेंटर का उद्घाटन आकाश-बायजूस के डिप्टी डायरेक्टर अभिषेक कुमार सिन्हा ने कंपनी के अन्य अधिकारियों के साथ किया।

नए सेंटर के उद्घाटन के बारे में बोलते हुए आकाश-बायजूस के प्रबंध निदेशक आकाश चौधरी ने कहा, पवई, मुंबई में नया क्लासरूम सेंटर ओलंपियाड को पास करने और डॉक्टर और आईआईटीयन बनने की तैयारी करने के इच्छुक स्थानीय छात्रों के लिए एक बड़ा वरदान होगा। आज, आकाश+ बायजूस अपने केंद्रों के अखिल भारतीय नेटवर्क के माध्यम से पूरे देश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए व्यापक रूप से जाना जाता है।

हमारी शैक्षिक सामग्री की गुणवत्ता और हमारी शिक्षण पद्धति की प्रभावशीलता, जैसा कि छात्रों के चयन की संख्या से पता चलता है, जिसने आकाश को स्नातक चिकित्सा और इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों के लिए अर्हता प्राप्त करने के इच्छुक छात्रों के लिए शीर्ष विकल्पों में से एक बना दिया है। श्री चौधरी ने आगे कहा, हम पवई, मुंबई शहर में अपना नया क्लासरूम सेंटर खोलकर और इस 13वें सेंटर के साथ-साथ महाराष्ट्र में अपने पदचिह्न का विस्तार करते हुए बहुत खुश हैं।

### यस बैंक ने वित्त वर्ष 2021-22 में कमाया 1,066 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ

**नई दिल्ली**। मुश्किलों से घिरे निजी क्षेत्र के यस बैंक ने वित्त वर्ष 2021-22 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 1,066 करोड़ रुपये का लाभ कमाने के साथ फिर से मुनाफा हासिल करना शुरू कर दिया है। यस बैंक ने शनिवार को चौथी तिमाही के नतीजे घोषित करते हुए बताया कि वह फिर से लाभ की स्थिति में आ गया है। इसके पहले वित्त वर्ष 2020-21 में उसे 3,462 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। उसके पहले वर्ष 2019-20 में उसे 22,715 करोड़ रुपये का भारी घाटा हुआ था। वित्त वर्ष 2018-19 के बाद पहली बार यस बैंक किसी वित्त वर्ष में लाभ अर्जित करने में सफल रहा है। उसने हाल ही में समाप्त वित्त वर्ष 2021-22 में कुल 1,066 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है। बैंक ने शेयर बाजारों को अपने वित्तीय नतीजों की जानकारी देते हुए कहा कि जनवरी-मार्च 2022 तिमाही में उसने 367 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है।

# देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार 7वें हफ्ते घटकर 600 अरब डॉलर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार 7वें हफ्ते गिरावट दर्ज हुई है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 22 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 3.271 अरब डॉलर घटकर 600.423 अरब डॉलर रह गया। इससे पहले 15 अप्रैल को समाप्त हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार में 31.1 करोड़ डॉलर की गिरावट आई थी।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के मुताबिक, देश का विदेशी मुद्रा भंडार 15 अप्रैल, 2022 को समाप्त हफ्ते में 31.1 करोड़ डॉलर घटकर 603.694 अरब डॉलर रह गया था, जबकि 8 अप्रैल को समाप्त हफ्ते में यह 2.471 अरब डॉलर घटकर 604.004



- विदेशी मुद्रा भंडार 3.271 अरब डॉलर घटकर 600.423 अरब डॉलर हुआ

अरब डॉलर था। विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां (एफसीए) घटने की वजह से आई है, जो कि कुल मुद्रा भंडार का एक अहम हिस्सा होती है। 22 अप्रैल को समाप्त हफ्ते में एफसीए 2.835 अरब डॉलर घटकर 533.933 अरब डॉलर पर आ गया।

आंकड़ों के मुताबिक विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट के साथ स्वर्ण भंडार इस दौरान 3.77 करोड डॉलर घटकर 42.768 अरब डॉलर रह गया है। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास जमा विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 3.3 करोड़ डॉलर घटकर 18.662 अरब डॉलर रह गया, जबकि आईएमएफ के पास मौजूद देश का मुद्रा भंडार 2.6 करोड़ डॉलर घटकर 5.060 अरब डॉलर रह गया है। उल्लेखनीय है कि डॉलर में अभिव्यक्त विदेशी मुद्रा भंडार में रखी जाने वाली विदेशी मुद्रा संपत्तियों में यूरो, पौंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं में मूल्यवृद्धि के प्रभावों को शामिल किया जाता है।

# अशोक लेलैंड ने बिहार में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करने के लिए फतुहा रोड, पटना में डीलरशिप का उद्घाटन किया

पटना, एजेंसी

हिंदुजा समूह की प्रमुख कंपनी और भारत की अग्रणी वाणिज्यिक वाहन निमार्ता, अशोक लेलैंड ने आज बिहार के पटना में नए 3एस (सेल्स, सर्विस, स्पेयर्स) डीलरशिप, पाटलिपुत्र मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड का उद्घाटन किया। एनएच 30, सबलपुर, ओल्ड फतुहा रोड, पटना स्थित, यह अत्याधुनिक डीलरशिप 60000 वर्गफीट में फैली हुई है। इसमें 10वे हैं और इस आउटलेट में एमएचसीवी वाहन रेंज की बिक्री और सर्विसिंग की सुविधा होगी। यह नई डीलरशिप इस क्षेत्र में अशोक लेलैंड की पैठ बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी, और पटना, आरा, बिहिटा, बक्सर एवं आसपास के जिलों जैसे अरवल, जहानाबाद व नालंदा को सेवाएं प्रदान करेगी।

इस क्षेत्र की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, अशोक लेलैंड अपनी सुसज्जित डीलरशिप और प्रतिभावान कर्मचारियों के साथ बिहार के प्रमुख बाजारों को सेवा प्रदान करेगा। परिणामस्वरूप, कंपनी अपने ग्राहकों को समग्र सेवाएं प्रदान कर सकेगी। यह डीलरशिप जोसम व्हील एलाइनमेंट मशीन और सर्विस वैन जैसे सभी आधुनिक यंत्रों और उपकरणों से लैस है। इस 3एस डीलरशिप



- नई डीलरशिप रेत खदानों, गोदामों, सड़क निर्माणों के बीच प्रमुख परिवहन केंद्र में है

में आरामदायक ड्राइवर लाउंज और नाइट हॉल्ट सुविधा के साथ - साथ वॉशिंग रैंप, नए वाहन स्टॉकिंग की सुविधा भी है।

डीलरशिप के लॉन्च के बारे में, श्री संजीव कुमार, हेड - एमएचसीवी, अशोक लेलैंड ने कहा, बिहार हमेशा से अशोक लेलैंड के लिए एक गढ़ रहा है। हम इस क्षेत्र में मजबूती से पैर जमाने की कोशिश कर रहे हैं, और यह नयी डीलरशिप इस क्षेत्र में हमारी उपस्थिति को मजबूत करेगी। हमारे अनुभवी पार्टनर, पाटलिपुत्र मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड इस नए 3एस फैसिलिटी के साथ यह सुनिश्चित करेंगे कि हम अपने ग्राहकों की बेहतर सेवा करें और इस क्षेत्र में हमारे ग्राहकों के करीब लाने में हमारी मदद करेंगे।

यह डीलरशिप लॉन्च हमें दुनिया के शीर्ष 10 सीवी निमार्ताओं में से एक बनने के हमारे लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में एक कदम और करीब ले जाता है। इस मौके पर, श्री अक्षय सिंह और श्रीमती शिवानीराज, निदेशक - पाटलिपुत्र मोटर्स प्राइवेट लिमिटेडने कहा, यह नई डीलरशिप महत्वपूर्ण जगह पर स्थित है और इससे ब्रांड को इस क्षेत्र में स्वयं को मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। चाहे अनूठे सामान हों या उनकी लगातार विकसित हो रही तकनीकें, अशोक लेलैंड एक ऐसा ब्रांड है जो लगातार अधिकाधिक सफल और मजबूत बनता गया है। एक ब्रांड के रूप में, अशोक लेलैंड अपने अत्याधुनिक 3एस डीलरशिप के माध्यम से ग्राहकों की आवश्यकताओं को लगातार समझने की कोशिश करता है।

पाटलिपुत्र मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड, कंपनी और उसके हितधारकों के सबसे विश्वसनीय समर्थन प्रणालियों में से एक रहा है। पाटलिपुत्र मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड बिहार राज्य में अशोक लेलैंड का 14 वां स्पर्श बिंदु है और क्रमिक मासिक आधार पर उद्घाटन किया जाने वाला दूसरा 3एस आउटलेट है। अशोक लेलैंड सीवी स्पेस में सबसे बड़ा और सबसे तेजी से बढ़ता नेटवर्क है। 1700 से अधिक एक्सक्लूसिव आउटलेट्स का इसका मजबूत नेटवर्क यह सुनिश्चित करता है कि प्रमुख राजमार्गों पर हर 75 किमी पर एक अधिकृत सेवा केंद्र हो। लेकार्ट, एएलकेयर और आईअलर्ट के डिजिटल उपकरणों के साथ - साथ आफ्टरमार्केट सहयोग के लिए अतिरिक्त 53,000 टच पॉइंट्स इसे 4 घंटे के भीतर ग्राहकों तक पहुंचने और उन्हें 48 घंटे में सड़क पर वापस लाने के अशोक लेलैंड क्विक रिस्पांस के वादे को पूरा करने में सहायता प्रदान करते हैं।

# बिकानो ने 2022 की गर्मियों के लिए शरबत की रेंज को फिर से लॉन्च किया

पटना, एजेंसी

भारत की पसंदीदा स्नैक और पैकेज्ड फूड मैन्युफैक्चरिंग कंपनी बिकानो ने हाल ही में 2022 की गर्मियों के लिए अपने शरबत की एक विस्तृत रेंज फिर से लॉन्च की है। इस शरबत की रेंज में रोज सिरप, ऑरेंज शरबत, खस सिरप, जीरा शिकंजी, बादाम ब्राह्मी और ठंडाई केसरिया प्रमुख हैं। ये शरबत अपनी नई पैकेजिंग में और भी आकर्षक लगते हैं। इनकी पैकेजिंग चिकनी है और ये शरबत आसानी से पकड़ में आने वाली बोतल के ढक्कन से बंद हैं। चूंकि गर्मियों में ठंडा, तरोताजा और हाइड्रेटेड रहने के लिए विभिन्न प्रकार के शरबत का सेवन किया जाता है, इसलिए बिकानो ने नए अवतार में शरबत की विस्तृत रेंज लांच की है। जीरा और बादाम के स्वाद से लेकर लोकप्रिय गुलाब और खस तक उनके पास यह सब शरबत की रेंज है।

बीकानेरवाला फूड्स प्रा लि के डायरेक्टर मनीष अग्रवाल ने कहा, यह गर्मी 2020 के बाद पहली बार है




- बिकानो ने हाल ही में गर्मियों के लिए शरबत की एक रेंज को फिर से लॉन्च किया है

जब लोग अपने परिवार और दोस्तों के साथ रहेंगे। धीरे-धीरे ऑफिस, स्कूलों, कॉलेज, परिवहन के अलग-अलग साधन आदि के खुलने से कोविड से पहले का माहौल आ चुका है। उम्मीद है कि अब लोग अपने घरों से निकलकर बाहर अपने प्रियजनों से मिलने जायेंगे इस वजह से वे इस सीजन में बिकानो शरबत का आनंद लेंगे। इसलिए हम अपने शरबत कलेक्शन को नया रूप देके इस बदलाव का स्वागत करना चाहते थे। हम बोतलों को बेहद चिकना बनाकर उसमें एक नया स्पिन जोड़ना चाहते थे। अब नई बोतल के ढक्कन को पकड़ना और पहले की तुलना में खोलना आसान है। बिकानो के मार्केटिंग हेड दविंदर पाल ने कहा, शरबत की हमारी विस्तृत रेंज की व्यापक लोकप्रियता के कारण बिकानो के लिए गर्मियां हमेशा शानदार रहती है।

लोग धीरे-धीरे महामारी के बाद अपने दोस्तों और परिवार से मिलने और यहां तक कि एक साथ परिवार की छुट्टियां लेने के लिए बाहर निकल रहे हैं। हम अनुमान लगा रहे हैं कि हम इस साल ज्यादा बिक्री करेंगे। वैसे भी गर्मियों में प्रियजनों के साथ बिकानो शरबत सबसे ज्यादा पिया जाता है। अब नई पैकेजिंग से हम उम्मीद कर रहे हैं कि हम अपने उपभोक्ताओं के साथ-साथ बिकानो के लिए और ज्यादा रिफ्रेशिंग टाइम की शुरूआत करेंगे।

प्रातः किरण राष्ट्रीय दैनिक
स्पोर्ट्स
पटना, रविवार, 01 मई 2022


## संक्षिप्त खबरें

### बीसीसीआई ने रणजी ट्राफी नॉकआउट के कार्यक्रम में बदलाव किया

नई दिल्ली। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) ने रणजी ट्राफी के सभी नॉकआउट मैच दो दिन की देरी से शुरू कराने का फैसला किया है जिससे अब क्वार्टरफाइनल छह जून से आरंभ होंगे और प्रीमियर घरेलू प्रतियोगिता का खिताबी मुकाबला 22 जून से शुरू होगा। बीसीसीआई के अपनी राज्य इकाईयों को भेजी गयी सूचना के अनुसार दो सेमीफाइनल अब 12 जून के बजाय 14 जून से शुरू होंगे। फाइनल बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा। बंगाल, झारखंड, मुंबई, उत्तराखंड, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, पंजाब और मध्य प्रदेश ने प्रथम श्रेणी प्रतियोगिता के नॉकआउट चरण के लिये क्वालीफाई किया है। रणजी ट्राफी का लीग चरण मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग के शुरू होने से पहले खेला गया था। बीसीसीआई ने अभी कार्यक्रम में बदलाव के कारण की घोषणा नहीं की है।

### छत्तीसगढ़-रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज में सचिन तेंदुलकर और वीरेंद्र सहवाग की जोड़ी दिखेगी

रायपुर। रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज 2022 के 12 वें मैच में राजधानी रायपुर में 15 जून को इंग्लैंड के साथ शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में दर्शकों को सचिन तेंदुलकर और बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग की जोड़ी को क्रिकेट खेलते देखने का मौका मिलेगा। जानकारी के अनुसार दक्षिण अफ्रीका के साथ इसी स्टेडियम पर दूसरा मैच 18 जून को खेला जा सकता है। रायपुर के अलावा रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज का आयोजन रायपुर के अलावा लखनऊ, हैदराबाद, विशाखापट्नम समेत अन्य कुछ जगहों पर किए जाने की तैयारी है।

### खुश हूं लेकिन संतुष्ट नहीं, अर्शदीप ने आईपीएल प्रदर्शन पर कहा

पुणे। अर्शदीप सिंह ने अभी तक इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के नौ मैचों में महज तीन विकेट चटकाये हैं लेकिन पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज का अंतिम ओवरों में प्रदर्शन शानदार रहा है जिससे कई क्रिकेट विशेषज्ञ उन्हें भारत की टी20 विश्व कप टीम में शामिल करने की बात भी कर रहे हैं। बांये हाथ का यह तेज गेंदबाज हालांकि अपने प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं है। अर्शदीप ने पंजाब किंग्स के शुक्रवार को यहां लखनऊ सुपर जायंट्स से 20 रन से हारने के बाद कहा, मैं खुश हूं लेकिन एक खिलाड़ी कभी भी संतुष्ट नहीं होता। शुक्रगुजार हूं कि जब भी मुझे मौका मिलता है तो टीम के लिये अच्छा प्रदर्शन करने में कामयाब होता हूं।

### बेन स्टोक्स के नेतृत्व में खेलना पसंद करूंगा : एंडरसन

लंदन। इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन इस बात से खुश होंगे कि उनके लिए इंग्लैंड टेस्ट टीम में वापसी के दरवाजे पूरी तरह बंद नहीं हुए हैं। बेन स्टोक्स को गुरुवार को नए टेस्ट कप्तान के रूप में नियुक्त किया गया और रॉब को क्रिकेट का प्रबंध निदेशक बनाया गया, जिससे एंडरसन और उनके साथी स्टुअर्ट ब्रॉड के खेलने की संभावना अभी भी है। एंडरसन और ब्रॉड, क्रमशः 640 और 537 विकेट के साथ टेस्ट क्रिकेट में शीर्ष-10 विकेट लेने वालों में से हैं, मार्च में वेस्टइंडीज में इंग्लैंड की तीन मैचों की श्रृंखला से उन्हें बाहर रखा गया था, जिसमें वे 1-0 से हार गए थे। श्रृंखला के बाद जो रूट ने टेस्ट कप्तान के रूप में पद छोड़ दिया, जब इंग्लैंड ने अपने पिछले 17 टेस्ट में से सिर्फ एक में जीत हासिल की, जिसे स्टोक्स और रॉब के लिए टीम को पटरी पर लाना आसान नहीं होने वाला है।

## विराट कोहली ने 53 गेंदों पर 58 रन की पारी खेली

# तेवतिया और मिलर ने गुजरात टाइटंस को दिलाई 8वीं जीत

**मुंबई, एजेंसी**



मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में आइपीएल 2022 का 43वां लीग मैच रायल चैलेंजर्स बैंगलोर व गुजरात टाइटंस के बीच खेला गया। इस मैच में आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसिस ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। आरसीबी ने पहली पारी में विराट कोहली और रजत पाटीदार की अर्धशतकीय पारी के दम पर 20 ओवर में 6 विकेट पर 170 रन बनाए। गुजरात को जीत के लिए 171 रन का टारगेट मिला था जिसे इस टीम ने 6 विकेट शेष रहते हासिल कर लिया। गुजरात ने 19.3 ओवर में 4 विकेट पर 174 रन बनाकर मैच में 6 विकेट से जीत दर्ज कर ली।

आरसीबी के खिलाफ साहा ने गिल के साथ टीम को अच्छी शुरूआत दिलाई और दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 51 रन की साझेदारी हुई। साहा को हसरंगा ने 29 रन पर आउट करके इस पार्टनरशिप को तोड़ा। शुभमन गिल ने 31 रन की पारी खेली और उन्हें शाहबाज अहमद ने पगबाधा आउट किया। कप्तान हार्दिक पांड्या ने सिर्फ 3 रन बनाए और वो शाहबाज अहमद की गेंद पर आउट हो गए। साई सुदर्शन को हसरंगा ने 20 रन पर आउट कर दिया। आरसीबी का पहला विकेट कप्तान डुप्लेसिस के तौर पर गिरा जो 4 गेंदों का सामना करते हुए बिना खाता खोले ही आउट हो गए।

रजत पाटीदार ने 32 गेंदों पर सामना करते हुए 2 छक्के व 5 चौकों की मदद से 52 रन बनाए और वो सांगवान की गेंद पर गिल के हाथों कैच आउट हुए। विराट कोहली ने 53 गेंदों पर 58 रन की पारी खेली। ये आइपीएल 2022 में उनका पहला अर्धशतक था और उन्हें मो. शमी ने बोल्ड कर दिया। दिनेश कार्तिक को 2 रन के स्कोर पर राशिद खान ने आउ किया। मैक्सवेल को फर्ग्यूसन ने 33 रन पर राशिद खान के हाथों कैच करवा दिया।

महिपाल लोमरोर 16 रन बनाकर अलजारी जोसेफ की गेंद पर आउट हो गए। गुजरात की तरफ से प्रदीप सांगवान सबसे सफल गेंदबाज रहे और उन्होंने दो विकेट लिए।

### स्कोरकार्ड

गुजरात 174/4 (19.3/)

| बल्लेबाज | R | B | 4s | 6s |
|---|---|---|---|---|
| ऋद्धिमान साहा<br>कॉट रजत पाटीदार बोल्ड वानिंदु हसरंगा | 29 | 22 | 4 | 0 |
| शुभमन गिल<br>एल बी डब्ल्यू बोल्ड शाहबाज अहमद | 31 | 28 | 3 | 1 |
| साई सुदर्शन<br>कॉट सब अनुज रावत बोल्ड वानिंदु हसरंगा | 20 | 14 | 2 | 0 |
| हार्दिक पंड्या<br>कॉट महिपाल लोमरोर बोल्ड शाहबाज अहमद | 3 | 5 | 0 | 0 |
| डेविड मिलर<br>नाबाद | 39 | 24 | 4 | 1 |
| राहुल तेवतिया<br>नाबाद | 43 | 25 | 5 | 2 |
| अतिरिक्त | 9 Runs (B: 0, LB: 4, WD: 4, NB: 1 | | | |
| कुल | 174/4 (19.3/) (RR: 8.92) | | | |

| गेंदबाजी | O | M | R | W | Econ |
|---|---|---|---|---|---|
| ग्लेन मैक्सवेल | 1 | 0 | 10 | 0 | 10.00 |
| मोहम्मद सिराज | 4 | 0 | 35 | 0 | 8.75 |
| जोश हेज़लवुड | 3.3 | 0 | 36 | 0 | 10.28 |
| शाहबाज अहमद | 3 | 0 | 26 | 2 | 8.66 |
| हर्षल पटेल | 4 | 0 | 35 | 0 | 8.75 |
| वानिंदु हसरंगा | 4 | 0 | 28 | 2 | 7.00 |

## बटलर का अर्धशतक, राजस्थान ने मुंबई को दिया 159 रनों का लक्ष्य



**मुंबई, एजेंसी**

आईपीएल 2022 के 44 मैच में मुंबई ने राजस्थान के खिलाफ टॉस जीतकर बॉलिंग का फैसला किया है। ये मैच मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेला जा रहा है। राजस्थान ने टक को 159 रन का टारगेट दिया है। राजस्थानके लिए सबसे ज्यादा रन बटलर ने बनाए। उन्होंने 67 रनों की पारी खेली। वहीं, मुंबई के लिए ऋतिक और रिले मेरेडिथ ने 2-2 विकेट अपने नाम किए। बटलर का 14वां अर्धशतक मैच में जोस बटलर ने सधी हुई पारी खेलते हुए 48 गेंदों में अपने आईपीएल करियर का 14वां अर्धशतक पूरा किया। मैच में जोस के बल्ले से 52 गेंद में 67 रन निकले। अपनी पारी में बटलर ने 4 छक्के और 5 चौके लगाए। उनका स्ट्राइक रेट 128. 84 का था। बटलर ने ऋतिक शौकीन के एक ओवर में चार छक्के लगाए। राजस्थान का पहला विकेट देवदत्त पडिक्कल के रूप में गिरा। वह ऋतिक शौकीन की गेंद पर 15 गेंदों में 15 रन बनाकर पवेलियन लौटे। उनका कैच लॉन्ग ऑफ पर कीरोन पोलार्ड ने पकड़ा। पहले विकेट के लिए पडिक्कल और बटलर ने 26 रन जोड़े। 7वें ओवर में सैमसन ने ऋतिक के ओवर में 3 गेंदों के अंदर 2 छक्के लगाए। वह बढ़िया लय में नजर आ रहे थे, लेकिन 8वें ओवर की दूसरी गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे। संजू को आईपीएल में अपना पहला मैच खेल रहे कुमार कार्तिकेय ने आउट किया।

## पीवी सिंधू ने बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता

**मनीला (फिलीपींस), एजेंसी**



ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पीवी सिंधू को शनिवार को यहां जापान की अकाने यामागुची से तीन गेम तक चले मुकाबले में हार मिली जिससे इस भारतीय खिलाड़ी ने बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप (बीएसी) में अपना अभियान कांस्य पदक से समाप्त किया।

सिंधू ने अच्छी शुरूआत की लेकिन वह इस लय को जारी नहीं रख सकी और एक घंटे छह मिनट तक चले सेमीफाइनल में शीर्ष वरीय और दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी यामागुची से 21-13 19-21 16-21 से हार गयीं। यह इस टूनार्मेंट में सिंधू का दूसरा पदक है, उन्होंने 2014 गिमचियोन चरण में भी कांस्य पदक जीता था। हैदराबाद की खिलाड़ी ने पहला गेम 16 मिनट में आसानी से जीत लिया था। दूसरे गेम में चौथी वरीय सिंधू पर अंक के बीच में ज्यादा समय लेने के लिये एक अंक की पेनल्टी लगायी गयी जिससे रैफरी के साथ उनकी बहस हो गयी।

इस बहस से लय टूट गयी और यामागुची ने मुकाबला बराबरी पर ला दिया। जापान की खिलाड़ी ने लय हासिल कर ली और सिंधू को वापसी का मौका नहीं दिया। निर्णायक गेम में सिंधू शुरू से ही पिछड़ रही थीं। अंत में यामागुची ने पांच मैच प्वाइंट हासिल कर अंक जुटाये।

अब सिंधू और यामागुची के बीच जीत का रिकॉर्ड 13-9 हो गया है। सिंधू की हार से भारत की व्यक्तिगत महाद्वीपीय चैम्पियनशिप में चुनौती भी समाप्त हो गयी।

### ड्रेसिंग रूम का माहौल अच्छा,पूरी टीम एक दूसरे का समर्थन करती है : मोहसिन खान

**पुणे।** पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) पर 20 रन की जीत के बाद, लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज मोहसिन खान ने कहा कि उनकी टीम बेहतरीन है और सभी एक दूसरे का पूरा समर्थन करते हैं। मोहसिन खान ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, लखनऊ की टीम के ड्रेसिंग रूम का माहौल बहुत अच्छा है, पूरी टीम साथ आती है और एक दूसरे का समर्थन करती है। जीत से खुश हूं और उन योजनाओं पर ध्यान देना जारी रखूंगा जिन्होंने हमारे लिए काम किया है। कप्तान केएल राहुल के साथ मैदान पर चर्चा के बारे में बात करते हुए, खान ने कहा, कप्तान ने मुझसे कहा कि मुझे वही करना है जो मैं इतने लंबे समय से कर रहा हूं, जैसे मैं धीमी गति से अच्छी तरह से गेंदबाजी कर रहा था और अपनी गेंदबाजी क्षमताओं का समर्थन कर रहा था। लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए क्विंटन डी कॉक के 46 और दीपक हुड्डा के 34 रनों की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट पर 153 रन बनाए। पंजाब की तरफ से कागिसो रबाडा ने 4, राहुल चाहर ने दो व संदीप शर्मा ने 1 विकेट लिया।

## हार्दिक पांड्या ने रोहित शर्मा की याद दिला दी : सुनील गावस्कर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा कि गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने उन्हें रोहित शर्मा की याद दिला दी जब उन्हें पहली बार मुंबई इंडियंस का कप्तान बनाया गया था। अपना पहला आईपीएल खेल रही गुजरात टाइटंस ने लीग में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। टीम ने 8 मैचों में से सात में जीत दर्ज की है और अंकतालिका में 14 अंकों के साथ शीर्ष पर है। हार्दिक पांड्या टीम का नेतृत्व कर रहे हैं।

गावस्कर का मानना है कि कप्तानी की भूमिका हार्दिक के लिए वही काम कर रही है जो 2013 में रोहित के साथ हुई थी जब उन्हें कप्तान नियुक्त किया गया था। जिम्मेदारी ने रोहित को एक बेहतर बल्लेबाज और एक लीडर में बदल दिया और हार्दिक भी इसी तरह के संकेत दिखा रहे हैं। स्टार स्पोर्ट्स के शो क्रिकेट लाइव में गावस्कर ने कहा, मैं हार्दिक के साथ जो देख रहा हूं वह रोहित शर्मा के साथ हुआ है जब उन्हें पहली बार सीजन के बीच में (आईपीएल 2013 में) मुंबई इंडियंस की कप्तानी मिली थी।

अचानक हमने देखा कि उनकी कप्तानी के साथ उनका शॉट चयन बहुत बेहतर हो गया है। इसी तरह, आप देख सकते हैं कि हार्दिक के साथ हो रहा है, उनका शॉट चयन बिल्कुल शानदार है बेशक, वह एक उत्कृष्ट क्षेत्ररक्षक है और ऐसा ही मामला रोहित शर्मा के साथ था, वह कवर और क्लोज-इन में भी (उन दिनों में) एक शानदार क्षेत्ररक्षक थे। इसलिए पांड्या भी उन गुणों को दिखा रहे हैं और इसलिए गुजरात टाइटन्स की टीम बहुत अच्छा कर रही है। पूर्व भारतीय स्पिनर पीयूष चावला ने शीर्ष क्रम में परिपक्वता के साथ बल्लेबाजी करने के लिए हार्दिक की प्रशंसा की। चावला ने कहा, हार्दिक ने जिस तरह से बल्लेबाजी की है वह काबिले तारीफ है और वह काफी जिम्मेदारी ले रहा है।

### जूनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी चैम्पियनशिप के फाइनल में सेल का सामना नवल अकादमी से

**जमशेदपुर।** दूसरे हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष अकादमी राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2022 के फाइनल में सेल हॉकी अकादमी का सामना मेजबान नवल टाटा हॉकी अकादमी से होगा। सेल हॉकी अकादमी ने शनिवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल मुकाबले में शूटआउट में आर्मी बॉयज स्पोर्ट्स कंपनी को 4-3 से हराया। तय समय तक दोनों टीमें 2-2 से बराबरी पर थीं, जिसके बाद शूट आउट का सहारा लिया गया। कैप्टन केरोबिन लाकड़ा ने सेल हॉकी अकादमी को दूसरे मिनट में बढ़त दिलाई,हालांकि आर्मी बॉयज स्पोर्ट्स कंपनी के अंकित ने 15वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को 1-1 से बराबरी दिला दी। नितेश ने 40 वें मिनट में गोल कर सेल हॉकी अकादमी की बढ़त 2-1 कर दी। इसके बाद रामाजी प्रशांत कुमार ने 54वें मिनट में गोल कर आर्मी बॉयज स्पोर्ट्स कंपनी को 2-2 से बराबरी दिला दी, जिसके बाद मैच शूटआउट में चला गया, जहां सेल हॉकी अकादमी ने 4-3 से बाजी मारी। शूटआउट में सेल हॉकी अकादमी के लिए अनमोल एक्का, केरोबिन लकड़ा, तरुण यादव ने गोल किया।

## दिल्ली की निगाहें बल्लेबाजों से अच्छे प्रदर्शन पर, राहुल पर अत्यधिक निर्भरता कम करना चाहेगी लखनऊ

**मुंबई, एजेंसी**



दिल्ली कैपिटल्स उम्मीद करेगी कि आज यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में उसके बल्लेबाज पिछले मुकाबले की तुलना में अच्छा प्रदर्शन करें जबकि लखनऊ सुपर जायंट्स अपने कप्तान केएल राहुल पर अत्यधिक निर्भरता को कम करने के लिये बेताब होगी। दिल्ली की टीम के लिये कोविड-19 के मामले आने और नो-बॉल विवाद से कुछ हफ्ते काफी मुश्किल रहे।

लेकिन कप्तान ऋषभ पंत और उनकी टीम ने इससे बाहर निकलते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स पर चार विकेट से जीत दर्ज की। इससे टीम का मनोबल बढ़ा और टीम अंक तालिका में छठे स्थान पर है। हालांकि उसके प्लेऑफ में पहुंचने की संभावना और छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए मध्यक्रम का चरमराना चिंता का विषय होंगे। डेविड वॉर्नर ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी है लेकिन साथी सलामी बल्लेबाज पृथ्वी साव अच्छी शुरूआत को लंबी पारी में नहीं बदल सके हैं। टीम ने तीसरे नंबर पर कई बल्लेबाजों को आजमाया जिसमें कप्तान पंत भी शामिल हैं लेकिन अभी तक उसे इस स्थान के लिये उचित खिलाड़ी नहीं मिल सका है। मिशेल मार्श कोविड-19 के बाद पृथकवास पूरा करने के बाद लौट चुके हैं और इस आस्ट्रेलियाई आल राउंडर से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। पंत खुद भी विस्फोटक पारी नहीं खेल पाये हैं, जिसके लिये वह मशहूर हैं। उन्हें आल राउंडर ललित यादव, शार्दुल ठाकुर और अक्षर पटेल के साथ अधिक जिम्मेदारी उठानी होगी। पंत की कप्तानी को लेकर भी कुछ आलोचना हुई जिन्होंने कुलदीप यादव को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ चौथा ओवर गेंदबाजी करने को नहीं दिया जबकि उन्होंने तीन ओवर में 14 रन देकर चार विकेट झटककर शानदार प्रदर्शन किया था। दिल्ली को हालांकि इस बात से राहत मिलेगी कि रोवमैन पॉवेल आखिर में फिनिशर की भूमिका अच्छे से निभा रहे हैं। वेस्टइंडीज के खिलाड़ी ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ असंभव लक्ष्य को हासिल करने के करीब पहुंचा दिया था और कोलकाता के खिलाफ मैच भी ऐसा कर दिखाया। दिल्ली के गेंदबाजी विभाग ने अच्छा प्रदर्शन किया है, जिन्होंने राजस्थान के खिलाफ काफी रन लुटाये लेकिन उन्होंने वापसी कर आसान जीत की नींव रखी।

**प्रदर्शन**

- मिशेल मार्श कोविड-19 के बाद पृथकवास पूरा करने के बाद लौट चुके हैं और इस आस्ट्रेलियाई आल राउंडर से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी

कुलदीप अपने सर्वश्रेष्ठ आईपीएल सत्र का लुत्फ उठा रहे हैं। इस बायें हाथ के स्पिनर ने इस सत्र में दो बार चार विकेट झटके हैं, जिससे उनके कुल 17 विकेट हैं। खलील अहमद किफायती गेंदबाजी कर रहे हैं जिन्होंने छह मैचों में 11 विकेट झटके हैं और उनकी इकोनोमी 7.91 रही है। उन्हें मुस्तफिजुर रहमान का अच्छा सहयोग मिल रहा है जबकि स्पिनर अक्षर और ललित ने भी अपनी भूमिकायें निभायीं।

## क्रिकेट बिरादरी ने दी 'हिटमैन' रोहित शर्मा को उनके 35वें जन्मदिन की बधाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा आज अपना 35वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस अवसर पर क्रिकेट बिरादरी ने 'हिटमैन' को सोशल मीडिया के जरिए शुभकानाएं दीं। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने एक इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर की जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, हैप्पी बर्थडे रोहित शर्मा। गॉड ब्लेस यू।

सुरेश रैना ने ट्वीट किया, क्रिकेट के मास्टर रोहित शर्मा को मेरी शुभकामनाएं। आपने हम सभी को गौरवान्वित किया है और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित किया है। भगवान आपको हमेशा सर्वश्रेष्ठ प्रदान करें। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने ट्वीट किया, एकमात्र बल्लेबाज को जन्मदिन की बधाई जिसने मुझे एक कप्तान के रूप में बुरे सपने दिए हैं। शुक्र है कि मैं अब कप्तान नहीं हूं। भारतीय ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने भी रोहित शर्मा को बधाई दी, उन्होंने ट्विट किया, दिन की ढेर सारी शुभकामनाएं रोहित, भगवान आपको आने वाले वर्ष में ढेर सारी खुशियां और सफलता प्रदान करें। मुंबई इंडियंस टीम के उनके साथी खिलाड़ी तिलक वर्मा ने ट्वीट किया, जन्मदिन मुबारक हो रोहित भाई। जब से मैं छोटा था तब से आप मेरी प्रेरणा हैं और अब हर दिन मुंबई की टीम में आप मुझे प्रेरणा दे रहा हैं। रोहित की आईपीएल फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस ने भी ट्विटर पर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और ट्वीट किया, 30 अप्रैल बोले तो अपने रोहित का ब्रर्थडे! अजिंक्य रहाणे ने ट्वीट किया, जन्मदिन मुबारक हो रोहित! यहां कई सालों की अच्छी दोस्ती है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के आधिकारिक हैंडल से ट्वीट किया गया, 400 अंतरराष्ट्रीय मैच, 15,733 अंतरराष्ट्रीय रन और 3 एकदिवसीय दोहरे शतक लगाने वाला एकमात्र बल्लेबाज, 2007 आईसीसी विश्व टी20 और 2013 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी विजेता, टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।



## मध्य प्रदेश ने जीता सब जूनियर महिला अकादमी राष्ट्रीय हॉकी चैम्पियनशिप 2022 का खिताब

**ग्वालियर, एजेंसी**

मध्य प्रदेश ने दूसरी हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला अकादमी राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2022 का खिताब जीत लिया है। शुक्रवार को खेले गए खिताबी मुकाबले मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी ने साई-अकादमी को 3-0 से हराकर खिताब जीता। तन्वी ने मैच के 14वें मिनट में गोल कर मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी का खाता खोला। इसके बाद कृष्णा शर्मा 53वें और 55वें मिनट में दो गोल कर अपनी टीम को खिताबी जीत दिला दी।

खिताबी जीत के बाद मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी की कोच वंदना उइके ने कहा, यह वास्तव में एक कठिन मैच था। हमने पहले क्वार्टर में बढ़त हासिल की, लेकिन दूसरे और तीसरे क्वार्टर में इसे भुना नहीं सके। काफी मशक्कत के बाद हमें अंतिम क्वार्टर में बैक-टू-बैक गोल मिले। हमारा डिफेंस वास्तव में अच्छा खेला। कुल मिलाकर, यह टीम के लिए एक शानदार टूनार्मेंट था। हमने क्वार्टर-फाइनल, सेमी-फाइनल और फाइनल में कठिन विरोधियों को हराया। इन युवा खिलाड़ियों को इस तरह की चुनौतियों से पार पाते हुए और टूनार्मेंट के विजेता के रूप में उभरते हुए देखना वाकई बहुत अच्छा था। इससे पहले दिन में राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी ने स्मार्ट हॉकी अकादमी, रायपुर को 7-0 से हराकर टूनार्मेंट में तीसरा स्थान हासिल किया। राउंडग्लास पंजाब के लिए राकेश रानी (27', 50') और कप्तान नमनीत कौर (46', 48') ने एक-एक गोल किया, जबकि सना (12'), वंशिका शर्मा (29') और प्रभजोत कौर (56') ने 1-1 गोल किए।

## फुटबॉल के प्रति दीवानगी ने गोलकीपर अंजली मुंडा को दिलाया मुकाम

**रांची, एजेंसी**



झारखंड के नामचीन खिलाड़ियों की सूची में रांची के कांके के नवा सोसो की रहने वाली अंजली मुंडा का नाम भी अब शामिल हो गया है। अंजली मुंडा गोलकीपर है। अंजली का चयन अंडर-17 विश्वकप फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम के कैंप में हुआ है।

अंजली मुंडा मध्यमवर्गीय परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उसकी रुचि बचपन से ही फुटबॉल खेल के प्रति रही है। इसमें उसके परिवार का काफी सहयोग रहा है। इस संबंध में अंजली मुंडा के पिता मंटू मुंडा ने बताया कि अंजली बचपन से ही फुटबॉल खेलने में माहिर थी। उसको देखकर ऐसा लगता था कि वह एक दिन झारखंड का नाम रोशन करेगी। आज हमलोगों को बहुत खुशी है कि उसका चयन फीफा अंडर-17 महिला वर्ल्ड कप 2022 के लिए किया गया है। हमें उम्मीद है कि वह वर्ल्ड कप में अच्छा प्रर्दशन करेगी। उसके चयन होने पर हमें गर्व महसूस हो रहा है। उन्होंने बताया कि अंजली मुंडा की उम्र 17 साल है। उसकी मां वीणा देवी गृहणी है। वीणा देवी ने बताया कि बचपन से ही अंजली का फुटबॉल के प्रति अलग ही दीवानगी थी। उसे परिवार के सभी लोग फुटबॉल खेलने में सहयोग करते थे। वह सुबह से उठकर फुटबॉल खेला करती थी।

**वर्ल्ड कप**

- चयन फीफा अंडर-17 महिला वर्ल्ड कप 2022 के लिए किया गया है

उसके फीफा अंडर-17 महिला वर्ल्ड कप 2022 में चयन होने पर काफी गर्व महसूस हो रहा है। उन्होंने बताया कि अंजली शुरू में रातू के सौंडिल्य स्कूल में पढती थी। इसके बाद गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल में पढने लगी।

अंजली के पिता मंटू मुंडा ने बताया कि सरकार से अलग से कुछ लाभ नहीं मिला है। सरकार से लाभ में राशन कार्ड से जो अनाज मिलता है। बस वहीं मिलता है। मंटू मुंडा ने बताया कि वह स्कूल से ही फुटबॉल खेलती थी। स्कूल से ही वह बहुत अच्छा खेलती थी। उसके सलेक्शन पर गांव में भी खुशी का माहौल है। मंटू मुंडा ने कहा कि वह किसान है और एक मुर्गा का दुकान भी चलाते है। उन्होंने बताया कि उनके तीन बच्चे है। सबसे बडी अंजली मुंडा और दो भाई है, अनुज मुंडा और अनुप मुंडा है। दोनों भाई बिरसा उच्च विद्यालय में पढते है। अंजली के पिता मंटू मुंडा ने बताया कि वर्ष 2004 में उनकी घर की हालत खराब थी।

बावजूद इसके उन्होंने अंजली को पढ़ाया और पैसे की कभी कमी उसके सामने नहीं आने दी। इसके लिए उन्होंने कई वर्षों तक मजदूरी भी किया। किसी तरह स्कूल का फीस जुगाड़ कर वह बच्चों को पढ़ाते थे। फिलहाल, अंजली रांची के मोरहाबादी के साई में ही रहकर फुटबॉल का प्रशिक्षण ले रही है। उसके पहले उसने अजय कोच से प्रशिक्षण लिया है। अंजली 12 वीं कक्षा में पढ़ती है। उल्लेखनीय है कि झारखंड की सात जूनियर महिला खिलाड़ी का चयन अंडर-17 विश्वकप फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम के कैंप में हुआ है।

## रवींद्र जडेजा ने एमएस धोनी को वापस सौंपी सीएसके की कप्तानी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आईपीएल 2022 मे खराब प्रदर्शन के बाद रवींद्र जडेजा ने कप्तानी छोड़ दी है। उन्होंने एक बार फिर कैप्टन कूल महेंद्र सिंह धोनी को टीम की कप्तानी सौंप दी है। चेन्नई 8 मुकाबले खेलकर केवल 2 मैच जीत दर्ज कर सकी थी। अब बचे हुए मैचों में एक बार फिर से एमएस धोनी कप्तानी करते नजर आएंगे। सीएसके की प्रेस रिलीज के मुताबिक, रवींद्र जडेजा ने अपने खेल पर अधिक ध्यान केंद्रित करने के लिए कप्तानी छोड़ने का फैसला किया है और धोनी से चेन्नई टीम का नेतृत्व करने का अनुरोध किया है। धोनी ने टीम के हित में ये अपील स्वीकारी है और खुद कप्तानी संभालने का फैसला लिया है। चेन्नई सुपर किंग्स का अगला मुकाबला रविवार यानी 1 मई को है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जब चेन्नई सुपर किंग्स मैदान में उतरेगी, तब महेंद्र सिंह धोनी ही टीम की कमान संभालेंगे। रवींद्र जडेजा आमतौर पर आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करते थे लेकिन कप्तानी के दबाव में उनका प्रदर्शन बेहद खराब रहा। ऐसे में जडेजा की काफी आलोचना हो रही थी। पर किसी को यकीन नहीं था कि सर रवींद्र जडेजा इतना बड़ा फैसला ले सकते हैं। चौथी बार बदला चेन्नई का कप्तान जडेजा की कप्तान छोड़ने के बाद धोनी दूसरी बार टीम की कप्तान संभालेंगे। 33 साल के जडेजा 2012 से चेन्नई टीम के साथ हैं। 24 मार्च को धोनी ने अचानक उन्हें कप्तानी सौंपने का ऐलान किया था।

## संक्षिप्त खबरें

### नाइजीरिया सड़क हादसा, सात की मौत, पांच घायल

लागोस। नाइजीरिया के दक्षिण-पश्चिमी राज्य ओगुन में सड़क दुर्घटना में सात लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए।
ओगुन में फेडरल रोड सेफ्टी कॉर्प्स (एफआरएससी) के क्षेत्रीय कमांडर अहमद उमर ने संवाददाताओं को बताया कि एक बस चालक ने अपने वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद बस एक ट्रक से जा टकरायी। उन्होंने कहा, दुर्घटना में पांच पुरुष घायल हो गए, जबकि छह पुरुषों और एक महिला की मौत हो गई। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने मोटर चालकों को चेतावनी दी कि वे अधिक गति या लापरवाही से वाहन न चलाएं, ताकि जान-माल की अनावश्यक हानि से बचा जा सके।

### उ. कोरिया ने चीन के साथ निलंबित की रेलवे यातायात

सोल। उत्तर कोरिया ने कोरोना वायरस के बढ़ते खतरे को ध्यान में रखते हुए चीन के साथ रेल यातायात को निलंबित कर दिया है।
योनहाप न्यूज एजेंसी ने उ. कोरिया के एक सूत्र के हवाले से अपनी रिपोर्ट में कहा, उत्तर कोरियन पार्टी के अनुरोध पर डांडोंग के अधिकारियों ने उ. कोरिया और चीन के बीच रेलवे कार्गो यातायात को निलंबित कर दिया है... श्रमिक और लोडर एक होटल में 14 दिवसीय क्वारंटीन पर हैं। उ. कोरिया ने चीन के सीमावर्ती शहर डांडोंग में कोविड-19 के बढ़ते प्रकोप के बाद यह निर्णय लिया है। रेलवे यातायात कम से कम 14 दिनों के लिए निलंबित रहेगा।

### इथियोपिया में हत्या के आरोप में 370 से ज्यादा लोग गिरफ्तार

अदीस अबाबा। इथियोपिया के अधिकारियों ने उत्तरी राज्य अमहारा में एक अंतिम संस्कार समारोह के दौरान कम से कम 20 मुसलमानों की हत्या के आरोप में 373 संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया है। यह हमला मंगलवार को गोंदर शहर में एक उच्च पदस्थ अधिकारी के अंतिम संस्कार के दौरान हुआ। यह घटना कथित तौर पर एक मस्जिद और एक चर्च के बीच विवादित कब्रिस्तान को लेकर हुए संघर्ष के कारण घटित हुयी।

### तुर्की : इस्तांबुल में फैक्ट्री में आग लगने से 3 की मौत, 9 घायल

इस्तांबुल। तुर्की के सबसे बड़े शहर इस्तांबुल में एक फैक्ट्री में लगी भीषण आग में 3 लोगों की मौत हो गई और 9 अन्य घायल हो गए। ये जानकारी स्थानीय अधिकारियों ने दी। इस्तांबुल के गवर्नर कार्यालय ने एक बयान में कहा कि शहर के एशियाई हिस्से में तुजला जिले में अज्ञात कारणों से एक रासायनिक कारखाने में आग लग गई। अग्निशमन दल, एम्बुलेंस और बचाव यूनिटों को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया और आग पर काबू पा लिया गया। बयान के अनुसार, आग में 9 श्रमिकों को मामूली चोटें आई, लेकिन 3 अन्य की जान चली गई। आग के कारण कारखाने में कई धमाके हुए, जिससे आसपास के कुछ वाहनों और इमारतों को नुकसान पहुंचा है।

### अपने जल क्षेत्र में विदेशी जहाजों को रोक रहा है यूक्रेन : रूस

मास्को। रूस ने कहा है कि यूक्रेन ने अपने आंतरिक जल और क्षेत्रीय समुद्र में विदेशी जहाजों की आवाजाही को रोक रहा है तथा गोलाबारी का खतरा पैदा कर रहा है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने रूस काला सागर और आजोव समुद्र में नागरिक नौपरिवहन सुनिश्चित करने के लिए उपाय कर रहा है। हर दिन एक मानवीय गलियारा खोला जाता है, जो जहाजों की आवाजाही के लिए एक सुरक्षित मार्ग है। उन्होंने कहा, यूक्रेन विदेशी जहाजों को रोक रहा है। अपने आंतरिक जल और क्षेत्रीय समुद्र में गोलाबारी का खतरा पैदा कर रहा है।

# काबुल की मस्जिद में विस्फोट, 66 से अधिक लोगों की मौत

काबुल, एजेंसी



अफगानिस्तान में एक बार फिर विस्फोट हुआ है। अलविदा जुमे की नमाज के दौरान काबुल की एक मस्जिद में शक्तिशाली विस्फोट हुआ। इसमें 66 से अधिक लोगों की मौत की खबर है।

गृह मंत्रालय के उप प्रवक्ता बेसमुल्लाह हबीब ने बताया कि राजधानी के पश्चिम में खलीफा साहिब मस्जिद में दोपहर को विस्फोट हुआ। यह विस्फोट उस समय हुआ जब सुन्नी मस्जिद में नमाज के बाद नमाज पढ़ने वाले जिक्र नामक एक मण्डली के लिए इकट्ठा हुए थे। मस्जिद के मुखिया सैयद फाजिल आगा के अनुसार जिस व्यक्ति को वे आत्मघाती हमलावर मानते थे, उसने समारोह में होने के दौरान खुद को विस्फोटकों समेत उड़ा लिया। उन्होंने बताया कि हमले के बाद चारों तरफ काला धुंआ फैल गया। चारों तरफ शव के चिथड़े बिखरे हुए थे। उन्होंने बताया कि मृतकों में उनके भतीजे भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि वे खुद बच गए, लेकिन अपने प्रियजनों को खो दिया। निवासी मोहम्मद साबिर ने बताया कि उन्होंने घायल लोगों को एम्बुलेंस में लादते देखा है। उन्होंने बताया कि विस्फोट बहुत तेज था, मुझे लगा कि मेरे कान के पर्दे फट गए हैं। एक स्वास्थ्य सूत्र ने कहा कि अस्पतालों को अब तक 66 शव और 78 घायल लोग मिल चुके हैं। यह मस्जिद अफगानिस्तान के बहुसंख्यक सुन्नी मुसलमानों की है। अफगानिस्तान में हाल में कई विस्फोट हुए हैं और मस्जिदों पर इसी तरह के हमलों में देश के अल्पसंख्यक शिया मुसलमानों को निशाना बनाया गया है। पिछले हफ्ते, मजार-ए-शरीफ शहर में एक मस्जिद और एक धार्मिक स्कूल में बम विस्फोट होने से 33 शिया लोगों की मौत हो गई थी।

### संयुक्त राष्ट्र ने काबुल में मस्जिद पर हमले की निंदा की

काबुल। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय समन्वयक रमिज अलकबरोव ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल स्थित एक मस्जिद पर हुए प्राणघातक हमले की निंदा की है। काबुल की एक मस्जिद में विस्फोट हुआ था। अफगानिस्तान के आंतरिक मंत्रालय के अनुसार इस हमले में 10 लोग मारे गए और 15 घायल हो गए। हालांकि मीडिया रिपोर्ट में लगभग 66 लोगों के मारे जाने की सूचना दी गई। अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र मिशन ने शुक्रवार देर रात बयान में कहा-अलकबरोव हमले की निंदा करते हैं। वह पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। अलकबरोव सभी पक्षों को अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून और मानवाधिकार कानून के तहत अपने दायित्वों का पूरी तरह से पालन करने की याद दिलाते हैं और अपराधों के लिए जवाबदेही की मांग करते हैं।

## पेरू में चीन के स्वामित्व वाले तांबे की खदान पर स्थानीय समुदाय का कब्जा कायम

**लीमा।** पेरू के लास बंबास स्थित चीन स्वामित्व वाले एमएजी (1208एचके) तांबे की खदान पर 14 अप्रैल को स्थानीय दो समुदायों फ्यूराबाम्बा और हुआनकुइरे के कब्जे के बाद की गई पुलिस कार्रवाई के बावजूद एक स्थानीय समुदाय का कब्जा बरकरार है। सूत्रों के अनुसार स्थानीय समुदाय के कब्जे के बाद से खदान से तांबे का उत्पादन ठप है। पेरू दुनिया का दूसरे नंबर का तांबा उत्पादक है और चीनी स्वामित्व वाला लास बंबास इस लाल धातु की दुनिया के शीर्ष खदानों में से एक है, जो वैश्विक आपूर्ति का 2 फीसदी अकेले आपूर्ति करता है। यह खदान पेरू की अर्थव्यवस्था का आधार है जो देश के कुल सकल घरेलू उत्पाद का एक फीसदी है। कंपनी ने जारी एक बयान में कहा कि प्रदर्शनकारी पत्थरों, मोलटोव जैसे अन्य हथियारों से लैस थे। इन लोगों ने सुरक्षा कर्मियों पर हमला किया, जिसमें कई घायल हो गए थे। फ्यूराबाम्बा और हुआनकुइरे के स्वदेशी समुदायों के लोगों ने 14 अप्रैल को खदान पर कब्जा कर वहां अपने शिविर स्थापित कर लिए। इससे लास बंबास को एक सप्ताह बाद परिचालन स्थगित करने के लिए मजबूर होना पड़ा। स्थानीय समुदाय के लोगों का आरोप है कि खदान ने उनके साथ अपनी पिछली प्रतिबद्धताओं का पूरी तरह से पालन नहीं किया है।

## श्रीलंका: विपक्ष के एक नेता का दावा, अगले सप्ताह संसद में करेंगे बहुमत साबित

कोलंबो, एजेंसी



श्रीलंका के विपक्षी दल समागी जन बालवेगया (एसजेबी) के एक वरिष्ठ नेता ने शनिवार को दावा किया उनकी पार्टी राजपक्षे परिवार के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के दौरान अगले सप्ताह संसद में बहुमत साबित कर देगी। राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने अंतरिम सरकार बनाने के लिए 225 सदस्यीय संसद में 113 सांसदों का समर्थन हासिल कर विपक्ष से बहुमत दिखाने को कहा है। एसजेबी सांसद और मुख्य विपक्षी सचेतक लक्ष्मण किरीला के हवाले से कहा, हर कोई देखेगा कि अगले सप्ताह हमारे पास बहुमत होगा और फिलहाल मैं यह नहीं बताऊंगा कि हम इसे कैसे करने जा रहे हैं।

उन्होंने संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा, राष्ट्रपति को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए और उसके बाद संवैधानिक सुधार होना चाहिए, ताकि सरकार के स्तंभों के बीच नियंत्रण और संतुलन सुनिश्चित हो सके। संवाददता सम्मेलन के दौरान मौजूद एक अन्य एसजेबी सांसद मुजीबुर रहमान ने कहा कि उनकी पार्टी राष्ट्रपति के खिलाफ महाभियोग पर भी जोर देगी। उन्होंने कहा, हमने अब तक इसे नहीं छोड़ा है। राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने द्वीप राष्ट्र में आर्थिक संकट को दूर करने के लिए संसद में प्रतिनिधित्व रखने वाले सभी राजनीतिक दलों को शामिल करते हुए एक सर्वदलीय सरकार बनाने का निमंत्रण दिया। राष्ट्रपति कार्यालय के मीडिया विभाग ने एक बयान में कहा कि उन्होंने पार्टी नेताओं और संसद में अब स्वतंत्र रूप से काम कर रहे प्रतिनिधियों के साथ चर्चा के दौरान यह पेशकश की। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं था कि मौजूदा प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे (राष्ट्रपति के सबसे बड़े भाई) सर्वदलीय सरकार बनाने के लिए इस्तीफा देंगे या नहीं। वर्ष 1948 में ब्रिटेन से आजादी मिलने के बाद, इस समय श्रीलंका सबसे बुरे आर्थिक संकट से गुजर रहा है। गौरतलब है कि इस बीच राजपक्षे परिवार पर इस्तीफे का दबाव बढ़ रहा है और हजारों की संख्या में प्रदर्शनकारी राष्ट्रपति सचिवालय के बाहर बीते 22 दिनों से स्थायी रूप से डेरा डाले हुए हैं।

# बाइडन और मैक्सिको के राष्ट्रपति के बीच प्रवास के मुद्दे पर चर्चा

वाशिंगटन, एजेंसी





अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और मेक्सिको के राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर ने फोन पर बातचीत के दौरान दक्षिणी सीमा पर अनियमित प्रवास को कम करने के लिए न्यायसंगत, मानवीय और प्रभावी प्रयासों को बढ़ावा देने पर सहमति व्यक्त की है। व्हाइट हाउस ने यह जानकारी दी।

लोपेज ओब्रेडोर ने ट्वीट किया, बातचीत सौहार्दपूर्ण रही और इस दौरान द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े मुद्दों पर बात हुई। बातचीत के दौरान जून में लॉस एंजिलिस में होने वाले अमेरिकी देशों के शिखर सम्मेलन और अमेरिका में आने की कोशिश करने वाले शरणार्थियों पर लगे कोरोना वायरस प्रतिबंधों को खत्म करने पर चर्चा हुई। मैक्सिको के राष्ट्रपति कार्यालय के एक बयान के अनुसार, दोनों नेताओं ने मध्य अमेरिका और मैक्सिको में विकास की पहल के माध्यम से प्रवासन के मूल कारणों से निपटने के बारे में भी बात की। उन्होंने प्रवासियों और शरणार्थियों के लिए कानूनी रास्ते का विस्तार करने की आवश्यकता पर चर्चा की। व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा, पूरे गोलार्ध से हमारे देशों में प्रवासियों की अभूतपूर्व आमद को देखते हुए, राष्ट्रपतियों ने क्षेत्रीय प्रवासन वृद्धि के प्रबंधन के लिए मजबूत तंत्र बनाने की आवश्यकता दोहराई। लोपेज ओब्रेडोर ने अमेरिकी सरकार से अमेरिका के सभी देशों को शिखर सम्मेलन में आमंत्रित करने का आह्वान किया। बाइडन प्रशासन ने कहा है कि वेनेजुएला, क्यूबा और निकारागुआ को आमंत्रित किए जाने की संभावना नहीं है।

बयान में कहा गया है कि अमेरिका और मैक्सिको दोनों अपनी साझा सीमा के साथ विकास और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में तेजी लाना चाहते हैं ताकि उत्तर अमेरिकी आपूर्ति श्रृंखला और सीमा पार कृषि और वाणिज्यिक गतिविधियों को मजबूत किया जा सके।

## व्हाइट हाउस की संचार निदेशक कोरोना पॉजिटिव

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस की संचार निदेशक केट बेडिंगफील्ड कोरोना पॉजिटिव हो गई हैं। बेडिंगफील्ड 40 साल की हैं। उन्होंने ट्वीट किया कि उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को एन -95 मास्क पहने हुए एक बैठक में दूर से देखा था। व्हाइट हाउस के अधिकारी के अनुसार, बाइडेन को यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन द्वारा परिभाषित करीबी संपर्क में नहीं माना जा रहा है। व्हाइट हाउस संचार निदेशक ने लिखा, पूरी तरह से टीकाकरण करवाने लोगों और वैक्सीनेशन को बढ़ावा देने वाले लोगों के लिए धन्यवाद। मुझमें कोरोना के हल्के लक्षण हैं। उन्होंने कहा, मैं घर से काम करूंगी और पांच दिनों तक आइसोलेशन में रहूंगी। साथ ही कोरोना की निगेटिव रिपोर्ट सामने आने के बाद वापस काम पर लौटूंगी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने जॉन्स हॉपकिन्स विश्वविद्यालय के नए आंकड़ों के हवाले से बताया, संयुक्त राज्य अमेरिका में कोरोना मामलों की कुल संख्या बढ़कर 8.1 करोड़ से ज्यादा हो गई है, जिसमें 993,000 से अधिक मौतें हुई हैं।

## पहली बलूच महिला आत्मघाती हमलावर ने बलूच विद्रोह की रणनीति बदलने के संकेत दिये

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में कराची स्थित कंफ्यूसियस इंस्टीट्यूट के सामने जब एक शिक्षित और दो बच्चों की मां ने आत्मघाती हमला किया तो पाकिस्तान के साथ पूरी दुनिया सकते में आ गई। बलूचिस्तान पाकिस्तान का प्राकृतिक संसाधन से भरपूर प्रांत है और यहां के लोग लंबे समय से पाकिस्तान की सरकार का विरोध कर रहे हैं।

सरकार की खिलाफत बलूच लोगों के लिये कोई नई बात नहीं लेकिन आत्मघाती हमला और उसमें भी हमलावर के रूप में दो बच्चों की एक शिक्षित मां का होना इस बात का संकेत देता है कि बलूचिस्तान के विद्रोहियों ने अपनी रणनीति बदल दी है। रेडियो फ्री यूरोप/रेडियो लिबर्टी की रिपोर्ट के मुताबिक आत्मघाती हमलावर शारी बलोच मात्र 31 साल की थी। इस हमले में चीन के तीन नागरिक और उनका पाकिस्तानी ड्राइवर मारा गया। इस हमले ने जो सबसे अहम सवाल खड़ा किया वह यह है कि आखिर अपनी शादीशुदा जिंदगी में दो बच्चों के साथ हंसी-खुशी से रहने वाली शारी बलोच को किस बात ने आत्मघाती हमलावर बनने के लिये प्रेरित किया। पाकिस्तान के कई लोगों का मानना है कि यह हमला दो दशक से जारी बलूच उग्रवाद की नई दिशा का संकेत देता है। बलूचिस्तान को कवर करने वाले किया बलोच का कहना है कि महिला आत्मघाती हमलावर के होने ने इस बात की आशंका बढ़ा दी है कि ऐसे और हमले भविष्य में हो सकते हैं। किया बलोच निष्कासित पत्रकार हैं। उन्होंने कहा कि अभी हाल तक बलूच राष्ट्रवादी खुद को धर्मनिरपेक्ष कहने में गर्व महसूस कर रहे थे और वे किसी भी कट्टरता के खिलाफ थे।

रिपोर्ट के मुताबिक किया बलोच ने कहा कि बलूच लोगों के खिलाफ पाकिस्तानी सुरक्षाबलों की कार्रवाई, विद्रोह का समर्थन करने वालों की अवैध हत्याओं, लोगों को जबरन अगवा किये जाने की घटनाओं ने संभवतः उन लोगों को रोष और गुस्से से भर दिया, जो अपने नजदीकियों के अपहरणों या हत्याओं से प्रभावित थे। किया बलोच ने कहा कि पाकिस्तान की सरकार और बलूच उग्रवादी दोनों ने चरमपंथियों का रुख अख्तियार किया है।

## ईरान ने प्रदर्शित की नई बैलिस्टिक मिसाइलें : मीडिया

**तेहरान।** ईरान की इस्लामिक रेवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने तेहरान में आयोजित कुद्स दिवस रैली में दो नई बैलिस्टिक मिसाइलें प्रदर्शित की हैं। ये जानकारी मेहर न्यूज रिपोर्ट से सामने आई है। इमाद-3 नामक मिसाइलों में से एक ईरान की सरफेस-टू-सरफेस पर मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल इमाद का एक नया वर्जन है, जिसे आईआरजीसी ने प्रदर्शित किया था। रिपोर्ट के अनुसार, आईआरजीसी के एयरोस्पेस फोर्स द्वारा विकसित, इमाद-3 ईरान की पहली पूरी तरह से घरेलू लंबी दूरी की मिसाइल है, जो लक्ष्य तक पहुंचने तक निर्देशित और नियंत्रित करने की क्षमता रखती है। अन्य मिसाइल 1,450 किलोमीटर की दूरी, ठोस ईंधन वाली खेबर शेकान है, जो घरेलू रूप से विकसित लंबी दूरी की मिसाइलों में शामिल हैं। कुद्स दिवस एक वार्षिक कार्यक्रम है, जो ईरान और कई अरब देशों में मुस्लिम पवित्र महीने रमजान के आखिरी शुक्रवार को फिलिस्तीनी कारण का समर्थन करने के लिए मनाया जाता है।

## चीनी शहर शंघाई में हजारों बुजुर्ग लॉकडाउन से बुरी तरह प्रभावित

शंघाई, एजेंसी

चीनी शहर शंघाई में हजारों बुजुर्ग कोविड-19 लॉकडाउन से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं, जो अब पांच सप्ताह के लिए बढ़ा दिया गया है। मार्च की शुरूआत में प्रकोप शुरू होने के बाद से, 500,000 से अधिक लोगों ने वायरस से पॉजिटिव परीक्षण पाए गए, जिसमें 337 मौतें हुई हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इनमें से लगभग 10,000 लोग 80 वर्ष से अधिक आयु के हैं। चीन के कोविड नियमों के अनुसार, संक्रमित या उसके निकट संपर्कों को राज्य द्वारा संचालित क्वोरंटीन सेंटर में भेजा जाता है। ऐसे केंद्रों में सैकड़ों लोगों का एक साथ होना कोई असामान्य बात नहीं है। सोशल मीडिया पर साझा की गई तस्वीरों में गंदे शौचालयों और भरे हुए कूड़ेदानों के साथ अस्वच्छ स्थिति दिखाई दे रही है। शंघाई में एक महिला ने बीबीसी को बताया कि उसकी 90 वर्षीय दादी, जो ऐसे ही एक सेंटर में हैं गंदगी की स्थिति से जूझ रही है। वह ठीक से सो नहीं पा रही हैं और उन्हें खुद की देखभाल करने के लिए अकेला छोड़ दिया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अब उन्हें डर है कि उनके 91 वर्षीय दादा भी पॉजिटिव पाए गए हैं और उन्हें भी ऐसे ही सेंटर में भेजा जाएगा।

उनका कहना है कि यह प्रभावी रूप से मौत की सजा होगी। महिला ने बीबीसी को बताया कि उनकी दादी सबसे पहले बीमार पड़ी थीं। प्रकोप शुरू होने के बाद से कभी घर से बाहर नहीं निकलने के बावजूद महिला 17 अप्रैल को पॉजिटिव पाई गई थीं। शहर में केवल 62 प्रतिशत बुजुर्गों को ही दोनों टीके लगाए गए हैं, जिनमें से लगभग 38 प्रतिशत ने बूस्टर शॉट प्राप्त किया है।

## मोदी सरकार ने विशेषाधिकार को लोगों को प्रमुखता वाली राजनीति से बदल दिया : नकवी

नई दिल्ली, एजेंसी



केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने शनिवार को कहा कि कुछ लोगों के लिए धर्मनिरपेक्षता वोट हथियाने के प्रपंच का राजनीतिक उपकरण है, लेकिन भाजपा के लिए यह समावेशी विकास का मसौदा है।

हरियाणा के नूंह जिले में सामाजिक न्याय पखवाड़ा के तहत कई जन चौपाल एवं अन्य कार्यक्रमों को सम्बोधित करते हुए अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री नकवी ने कहा कि कुछ बाहरी तत्व लोगों में डर फैलाकर समाज में साम्प्रदायिक सौहार्द के ताने-बाने को नुकसान पहुंचाने की साजिश कर रहे हैं, क्योंकि वे लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शांति और समृद्धि के सकारात्मक माहौल के कारण कुंठित हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि इकबाल, इंसाफ और ईमान की मोदी सरकार ने विशेषाधिकार की राजनीति को लोगों को प्रमुखता वाली राजनीति से बदल दिया है। उनके कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता समावेशी सशक्तीकरण की सफल यात्रा का द्वार है। नकवी ने कहा कि कुछ लोगों के लिए धर्मनिरपेक्षता वोट बटोरने के लिए प्रपंच का राजनीतिक उपकरण है, लेकिन भाजपा के लिए यह समावेशी विकास का मसौदा है। उन्होंने कहा कि धर्मनिरपेक्षता समरसता और सहअस्तित्व के प्रति प्रतिबद्धता है, न कि राजनीतिक उद्देश्य का मार्ग। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कुछ लोग देश की विविधता में एकता और एक भारत, श्रेष्ठ भारत की ताकत को अपनी साजिश के जरिये कमजोर करना चाहते हैं।

## गुजरात पोर्ट पर पकड़ी जा रही ड्रग्स पर मोदी-शाह क्यों हैं मौन : कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने कहा है कि गुजरात के बंदरगाहों पर आए दिन ड्रग्स की खेप का पकड़ा जाना गंभीर चिंता का विषय है और युवाओं को नशे में धकेलने के कारोबार पर रोक के लिए सरकार को कदम उठाने चाहिए तथा इस मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय को स्वत संज्ञान लेना चाहिए।




**निर्देश** गुवाहाटी उच्च न्यायालय से आग्रह किया कि वह राज्य पुलिस बल को खुद में सुधार करने का निर्देश दे

# यदि मेवानी पागल नहीं, तो कोई तो पागल हुआ हैं?, जिग्नेश को जमानत मिलने के बाद चिदंबरम ने साधा निशाना

नई दिल्ली, एजेंसी



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने गुजरात के विधायक जिग्नेश मेवानी के खिलाफ झूठी प्राथमिकी दर्ज कराने को लेकर असम पुलिस को राज्य की अदालत की फटकार लगने के बाद शनिवार को मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा पर निशाना साधा।

चिदंबरम ने पूछा कि क्या मुख्यमंत्री सीबीआई को यह पता लगाने की जिम्मेदारी देंगे कि किस सनकी व्यक्ति ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई। असम के बारपेटा की एक अदालत ने महिला पुलिस अधिकारी पर कथित हमले के मामले में मेवानी को जमानत देते हुए झूठी प्राथमिकी दर्ज करने के लिये राज्य की पुलिस को फटकार लगाई थी। इस बात का कोई सबूत नहीं है कि मेवानी एक पागल व्यक्ति हैं बारपेटा जिला एवं सत्र न्यायाधीश अपरेश चक्रवर्ती ने जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान पिछले एक साल में हुई पुलिस मुठभेड़ों का उल्लेख करते हुए गुवाहाटी उच्च न्यायालय से आग्रह किया कि वह राज्य पुलिस बल को खुद में सुधार करने का निर्देश दे। चिदंबरम ने घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अदालत ने पाया कि कोई भी समझदार व्यक्ति दो पुरुष पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में एक महिला पुलिस अधिकारी का शील भंग करने की हिम्मत नहीं कर सकता और प्राथमिकी का कोई आधार नहीं है। पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री ने सिलसिलेवार ट्वीट करते हुए कहा कि अदालत ने पाया कि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि मेवानी एक पागल व्यक्ति हैं।

उन्होंने लिखा, यदि मेवानी पागल नहीं हैं और फिर भी उनके खिलाफ झूठी प्राथमिकी दर्ज की गई थी, तो कोई तो पागल हुआ? प्राथमिकी दर्ज कराने वाला पागल व्यक्ति कौन था? चिदंबरम ने पूछा कि क्या असम के मुख्यमंत्री सीबीआई को यह पता लगाने के लिए मामला सौंपेंगे कि मेवानी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने वाला पागल व्यक्ति कौन था? मेवानी को पुलिस दल द्वारा गुवाहाटी से कोकराझार ले जाए जाने के दौरान महिला पुलिस अधिकारी पर हमला करने के आरोप में सोमवार को गिरफ्तार किया गया था। असम पुलिस के एक दल ने कांग्रेस समर्थित निर्दलीय विधायक मेवानी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में कथित रूप से किये गए एक ट्वीट के लिए पिछले सप्ताह गुजरात से पकड़कर गिरफ्तार कर लिया था।

ट्वीट मामले में सोमवार को जमानत पर रिहा किये जाने के बाद गुजरात के दलित नेता को कोकराझार ले जाने वाले पुलिस दल में शामिल महिला पुलिसकर्मी पर हमले के आरोप में फिर से गिरफ्तार कर लिया गया था, इस हमले के मामले में एक शिकायत बारपेटा में दर्ज की गई थी।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555